आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, मंगलवार 16 जनवरी 2024 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-5 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-288 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 17 जनवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

आप के छग प्रदेश अध्यक्ष,उपाध्यक्ष व सचिव का इस्तीफा

रायपुर,16 जनवरी। लोकसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल को छत्तीसगढ़ में बड़ा झटका लगा है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कोमल हूपेंडी केजरीवाल की पार्टी से इस्तीफा देकर बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। बताया जा रहा है कोमल हूपेंडी को बीजेपी के केंद्रीय मंत्री या बड़े नेता की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता दिलाई जा सकती है। बता दें कि पिछले दो विधानसभा चुनाव में कोमल हूपेंडी आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का पद संभाल रहे थे। हूपेंडी को बस्तर और छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी का बड़ा आदिवासी नेता माना जाता था। 2018 और 2023 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने इन्हें विधायक के लिए उम्मीदवार बनाया था लेकिन दोनों ही चुनाव में हूपेंडी को हार सामना करना पड़ा। ये भी बता दें कि 2018 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी को बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ा था. कांग्रेस बीजेपी के बाद लेकिन तीसरे स्थान पर रहे थे। 2023 में पार्टी ने फिर से कोमल हुपेंडी भानूप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र विधायक की टिकट दी मगर इसमें भी हार गए। आज दोपहर आप प्रदेश अध्यक्ष कोमल हूपेन्डी के साथ ही उपाध्यक्ष आनंद मिरी के साथ ही सचिव विशाल केलकर के भी पार्टी से इस्तीफा देने की खबर आयी। अब तीनों नेताओं के भाजपा में शामिल होने की खबरें वायरल हो रही हैं।

छत्तीसगढ़ को मिले 5 आईपीएस अफसर

नई दिल्ली,16 जनवरी। 2023 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अफसरों को ट्रेनिंग की औपचारिकता पूरा होने के बाद उनके कैडर का आबंटन कर दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कैडर आबंटन की सूची जारी की हैं। 2023 में 200 अभ्यर्थियों का आईपीएस के लिए चयन हुआ था, इनमे से पांच अफसर छत्तीसगढ़ को मिले हैं। इनमें बिलासपुर के अभिषेक चतुर्वेदी को गृह राज्य के तौर छत्तीसगढ़ कैडर अलॉट हुआ हैं जबकि शेष चार अफसर अन्य राज्यों से हैं।

रायपुर से अयोध्या के लिए उड़ान शुरू

रायपुर,16 जनवरी। अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री रामलला का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह होना है। रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने वाले छत?तीसगढ़ के राम भक?तों के लिए अच?छी खबर है। दरअसल, इंडिगो एयरलाइंस ने 15 जनवरी से रायपुर से मुंबई होते हुए अयोध्या फ्लाइट शुरू कर दी है। समारोह में शामिल होने के लिए प्रदेश के 1000 से ज्यादा हवाई यात्रियों ने बुकिंग कराई है। बताया जा रहा है कि इस फ्लाइट से अयोध्या जाने वाले यात्रियों में से अधिकांश की बुकिंग 19 व 20 जनवरी को है। अजय ट्रैवल्स के संचालक रमन जादवानी ने बताया कि इस समय रायपुर से दिल्ली व मुंबई जाने वाली फ्लाइट्स फुल चल रही हैं।

मथुरा: शाही ईदगाह का नहीं होगा सर्वे

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

इलाहाबाद,16 जनवरी। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू पक्ष को झटका दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। इस मामले में शाही ईदगाह का सर्वेक्षण करने के लिए एक न्यायिक आयुक्त को नियुक्त करने का आदेश दिया गया था।

पिछले साल 14 दिसंबर को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह परिसर के सर्वेक्षण को मंजूरी दे दी थी, जिसके खिलाफ मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट चला गया था। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि हाई कोर्ट में मामले की सुनवाई जारी रहेगी, लेकिन सर्वे करने के लिए न्यायिक आयुक्त की नियुक्ति पर अस्थायी तौर पर रोक रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू पक्ष से सवाल किया और कहा कि आपकी अर्जी स्पष्ट नहीं है। आपको इस बारे में स्पष्ट होना होगा कि आप क्या चाहते हैं। इसके अलावा ट्रांसफर का मामला भी कोर्ट में विचाराधीन है। उस पर भी निर्णय होना है।

शाही ईदगाह पर सर्वेक्षण की मांग को लेकर अधिवक्ता हरि शंकर जैन, विष्णु शंकर जैन, प्रभास पांडे और देवकी नंदन के माध्यम से इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई थी। इसमें उन्होंने एएसआई सर्वे की मांग की थी। याचिका में दावा किया गया है कि भगवान कृष्ण का जन्मस्थान मस्जिद के नीचे है और ऐसे कई संकेत हैं कि मस्जिद एक हिंदू मंदिर है। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में दायर याचिका में कहा कि वहां कमल के आकार का एक स्तंभ है जो हिंदू मंदिरों की विशेषता है।

सीएम ने हेलमेट जागरूकता रैली को किया रवाना

रायपुर,16 जनवरी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के अपने गृहग्राम बगिया के निवास स्थल से सड़क सुरक्षा हेलमेट जागरूकता रैली और अंजोर रथ को रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सभी से यातायात नियमों के पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि दोपहिया चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें, चार पहिया में सीट बेल्ट जरूर लगाएं। नशे में गाड़ी न चलाएं। सड़क पर लापरवाही से न चलें। एक छोटी सी चूक से कई जिंदगी दांव पर लग जाती है। अतः जिम्मेदारी पूर्वक नियमों का पालन करें। इस मौके पर विधायक पत्थलगांव श्रीमती गोमती साय, आईजी श्री अंकित गर्ग, सीसीएफ श्री नवीद सजाउद्दीन, कलेक्टर डॉ रवि मित्तल, एसपी श्री डी रविशंकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

34 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत जशपुर जिला पुलिस विभाग द्वारा यह रैली निकाली गई है। जो लोगों को यातायात नियमों के उल्लंघन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करते हुए नियमों के पालन के लिए प्रेरित करेगी। नवा अंजोर रथ में वीडियो फिल्मस के माध्यम से सड़क सुरक्षा और साइबर सिक्योरिटी के लिए रखी जाने वाली सावधानियों के प्रति आम जन को जागरूक किया जाएगा। यह रथ अगले माह तक पूरे जिले का भ्रमण करेगा।

छत्तीसगढ़ में टूटा धान खरीदी का रिकॉर्ड

रायपुर,16 जनवरी। छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के तहत एक नवंबर 2023 से धान खरीदी का अभियान निरंतर जारी है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष मोदी जी की गारंटी के अनुरूप किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा अब तक किसानों से 108.06 लाख मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। धान के एवज में किसानों को 23448 करोड़ रूपए से अधिक की राशि का भुगतान बैंक के माध्यम से किया गया है।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान विक्रय का लाभ पूर्व में धान बेच चुके किसानों को भी मिलेगा। इसका आशय यह है कि एक नवम्बर से अब तक पूर्व निर्धारित मात्रा के अनुरूप धान बेच चुके किसान, शेष मात्रा का धान, उपार्जन केन्द्र में 31 जनवरी तक बेच सकेंगे।

मार्कफेड के महाप्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 20 लाख 49 हजार 472 किसानों से 108 लाख 6 हजार 659 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 23 हजार 448 करोड़ रूपए से अधिक की राशि का भुगतान बैंक के माध्यम से किया गया है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक 90 लाख 40 हजार 649 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है। जिसके विरूद्ध में मिलर्स द्वारा 69 लाख 95 हजार 876 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। इस साल राज्य में 130 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी लक्ष्य रखा गया है।

हर घर में नल से पानी पहुंचाना सुनिश्चित करें: गजेन्द्र शेखावत

■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर,16 जनवरी। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आज अपने एक दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान राज्य में जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव, जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप, सांसद श्री सुनील सोनी, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के मिशन संचालक श्री विकास शील, निदेशक श्री वाई.के. सिंह, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव श्री मोहम्मद कैसर अब्दुलहक और वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर राज्य के ज्यादा से ज्यादा गांवों में शत-प्रतिशत घरों में नल से पानी पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे गांवों में जहां 90 प्रतिशत से अधिक घरों में पानी पहुंचना चालू हो गया है, उन गांवों में जल्द से जल्द सभी घरों में नल से जल आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। शेखावत ने इसकी हर सप्ताह समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत समूह जलप्रदाय योजनाओं के काम में तेजी लाने को कहा। उन्होंने गांव के सभी घरों में नल लगने के बाद तुरंत सर्टिफिकेशन कराकर जल आपूर्ति की व्यवस्था ग्राम पंचायत को हैंडओवर करने के निर्देश दिए।

केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने नवा रायपुर स्थित विश्राम भवन में आयोजित बैठक में कहा कि जल जीवन मिशन से जिन घरों में पेयजल पहुंच रहा है, वहां पानी की गुणवत्ता, पर्याप्त मात्रा और आपूर्ति की निरंतरता पर खास ध्यान दें। राज्य के जिन इलाकों में पेयजल में भारी तत्वों की मात्रा निर्धारित सीमा से अधिक है, वहां जल की गुणवत्ता की हर महीने जांच करें। लोगों को हर हाल में शुद्ध और सुरक्षित पेयजल मुहैया कराना है। श्री शेखावत ने आगामी 26 जनवरी को ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ग्रामसभा में जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति संबंधी बिंदु भी शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वसहायता समूहों की महिलाओं को गांव में नल से जल आपूर्ति के संचालन एवं रखरखाव के लिए प्रशिक्षित कर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कुछ गांवों में इसके संचालन की जिम्मेदारी देने का सुझाव दिया। उन्होंने दुर्गम और पहुंचविहीन क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने में आ रही दिक्कतों के मद्देनजर ऐसी छोटी बसाहटों में जहां भूजल की गुणवत्ता अच्छी है, वहां सौर ऊर्जा आधारित सामुदायिक जल प्रदाय की व्यवस्था बनाने का सुझाव दिया।

डब्ल्यूएचओ ने दी चेतावनी, अभी कोविड का खतरा टला नहीं

जिनेव,16 जनवरी। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि अभी कोविड से खतरा टला नहीं है। डब्ल्यूएचओ के एक वरिष्ठ विशेषज्ञ ने कहा कि कोविड-19 वायरस के कारण सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम वैश्विक स्तर पर बना हुआ है, यह वायरस सभी देशों में फैल रहा है। महामारी रोकथाम के लिए जिम्मेदार डब्ल्यूएचओ की अंतरिम निदेशक मारिया वैन केरखोव ने एक विशेष बयान में जिनेवा में कहा कि अपशिष्ट जल विश्लेषण पर आधारित अनुमान के अनुसार, कोविड-19 का वास्तविक प्रसार रिपोर्ट किए गए मामलों की संख्या से दो से 19 गुना अधिक है।

उन्होंने शरीर के कई अंगों को प्रभावित करने वाली पोस्ट-कोविड स्थितियों की शुरुआत के बारे में भी चिंता व्यक्त की। हालांकि कोविड से संबंधित मौतों में भारी कमी आई है, फिर भी 50 देशों में प्रति माह लगभग 10 हजार मौतें अभी भी हो रही हैं। वान केरखोव ने वायरस की उभरती प्रकृति के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसमें डब्ल्यूएचओ द्वारा विश्लेषण किए गए वैश्विक अनुक्रमों में से लगभग 57 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करने वाले कोविड-19 जेएन.1 वैरिएंट का प्रभाव है।

उन्होंने कहा कि विशिष्ट मानदंडों द्वारा परिभाषित, जिसमें चार से 12 महीने या उससे अधिक समय तक बनी रहने वाली गंभीर थकान, फेफड़ों की दुर्बलता, तंत्रिका संबंधी समस्याएं और हृदय संबंधी दुर्बलता जैसे लक्षण चिंता का विषय है। आंकड़े बताते हैं कि दस में से एक संक्रमण गंभीर मामलों सहित, पोस्ट-कोविड स्थितियों को जन्म दे सकता है। वैन केरखोव ने कहा कि अभी तक इसका कोई इलाज उपलब्ध नहीं है, क्योंकि यह अभी भी नया है।

सवा करोड़ की ठगी करने वाले 4 बंदी

■ तरुण छत्तीसगढ़

कोण्डागांव,16 जनवरी। जिला पुलिस ने 1 करोड़ 25 लाख की ठगी करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की पुलिस ने आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेजा है । प्रार्थी गेंदसिंह नेताम निवासी माकडी ने थाना माकडी में 14 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराया कि अज्ञात आरोपियों द्वारा द्वारा ईनाम एवं लॉटरी का पैसा दिलाने का लालच देकर प्रार्थी से 01 करोड़ 25 लाख रूपये की राशि धोखा देकर अपने बैंक खाता में जमा करवाया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना माकड़ी में अपराध कमांक-67/2023 धारा 420, 467, 468, 471 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार द्वारा तत्काल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव दौलत राम पोर्ते के मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक सायबर सेल सतीश कुमार भार्गव के नेतृत्व में सायबर सेल कोण्डागांव एवं थाना माकड़ी की संयुक्त टीम गठित कर प्रकरण से संबंधित समस्त साक्ष्य संग्रहित एवं बैंक खातों की जानकारी एकत्रित करने निर्देशित किया गया. साक्ष्य संग्रहण एवं प्रकरण से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध हो जाने के उपरांत प्रार्थी गैंद लाल नेताम से साथ ठगी की आरोपी दिल्ली एवं गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के होना पाये जाने से उप पुलिस अधीक्षक सायबर सेल सतीश भार्गव के नेतृत्व में आरोपियों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु गठित 13 सदस्य संयुक्त टीम को दिल्ली एवं गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के लिये रवाना किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये दिल्ली एवं गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में कैम्प कर आरोपियों की उनके रहने के संभावित ठिकानों पर लगातार 05 दिनों तक नियमित रूप से रेकी की गई, आरोपियों के तस्दीक उपरांत वहाँ के स्थानीय पुलिस की मदद से उनके ठिकानों की घेराबंदी कर एक साथ दबीश देकर आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किये। अपराध में सलिप्त होने से निम्न आरोपियों को विधिवित गिरफ्तार कर उनके कब्जे से जुमला रकम 51 लाख 20 हजार की सम्पत्ति जप्त की गई।

बजट छत्तीसगढ़ के भविष्य का होगा रोड मैप: चौधरी

■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर,16 जनवरी। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार अपना पहला बजट प्रस्तुत करने की तैयारी कर रही है. इस बजट को लेकर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि इस बार के बजट में छत्तीसगढ़ के भविष्य का रोड मैप होगा. ओपी चौधरी ने कहा कि भारत 2047 में विकसित भारत बनने जा रहा है, उसे विकसित छत्तीसगढ़ में कैसे परिवर्तित करें, उसकी तैयारी करेंगे. देश के 5 ट्रिलियन और 10 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी में छत्तीसगढ़ की योगदान तय करेंगे. पूरी प्रक्रिया में मोदी की गारंटी के तहत सीएम के नेतृत्व में पूरा करेंगे. बता दें कि छत्तीसगढ़ की षष्ठम् विधान सभा का द्वितीय सत्र 5 फरवरी से शुरू होगा. 1 मार्च तक चलने वाले सत्र में कुल 20 बैठकें होंगी. सत्र के दौरान राज्यपाल के अभिभाषण के अलावा वित्तीय कार्य के साथ अन्य शासकीय कार्य सम्पादित किए जाएंगे.

कांग्रेस सरकार में ट्रांसफर-पोस्टिंग के तय थी रेट लिस्ट

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पीसीसी चीफ दीपक बैज के ट्रांसफर पोस्टिंग के लिए अफसरों को RSS कार्यालय जाने वाले बयान पर निशाना साधा है. ओपी चौधरी ने तंज कसते हुए कहा, कांग्रेस सरकार में ट्रांसफर पोस्टिंग के रेट लिस्ट चलते थे. मंडियों की तरह पैसे लेकर तबादले किए जाते थे. वे हमें न बताएं कि ट्रांसफर पोस्टिंग कैसे होते हैं. बीजेपी के गुड गवर्नेंस पर उन्हें बोलने का कोई अधिकार नहीं है. छत्तीसगढ़ में कर्ज के चलते पूर्ववर्ती सरकार की योजनाओं की कटौती को लेकर ओपी चौधरी ने कहा, कांग्रेस ने पिछले 5 साल में छत्तीसगढ़ को खोखला बना दिया है. सिस्टम को हर जगह बिगाड़ा गया, ताकि कांग्रेस नेताओं के जेब में पैसा पहुंचे. कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को दिवालियापन के कगार पर धकेल दिया है. हर परिस्थिति का सामना करेंगे, वित्तीय रूप से सुप्रबंधन की नीति से मोदी की गारंटी पूरी करेंगे. हमारा लक्ष्य है कि, अगले डेढ़ साल में वित्तीय अनुशासन आए.

अतिरिक्त महाधिवक्ता समेत 57 अधिवक्ताओं की नियुक्ति

बिलासपुर,15 जनवरी। छत्तीसगढ़ महाधिवक्ता कार्यालय में राज्य सरकार ने अतिरिक्त महाधिवक्ता समेत पूरी टीम घोषित कर दी है। राज्य सरकार की इस घोषित टीम में 64 अधिवक्ता शामिल हैं। इनमें अतिरिक्त महाधिवक्ता,उप महाधिवक्ता,शासकीय अधिवक्ता,उप शासकीय अधिवक्ता और पैनल सॉयर शामिल है।

रणबीर विवेक समेत सात उप महाधिवक्ता-हाईकोर्ट में अतिरिक्त महाधिवक्ता के रूप में वाय एस ठाकुर,रणबीर सिंह मरहास,राज कुमार गुप्ता,आशीष शुक्ला,बीडी गुरु,विवेक शर्मा और सुनील काले में नियुक्ति किए गए है। **शशांक समेत सात उप महाधिवक्ता नियुक्त-हाईकोर्ट** में प्रवीण दास,विनय पांडेय,यू के एस चंदेल,संजीव पांडेय,शशांक ठाकुर,नीरज शर्मा,डॉ सौरभ कुमार पांडेय उप महाधिवक्ता नियुक्त किए गए है।डॉ सौरभ कुमार पांडेय ईडी के विशेष लोक अभियोजक भी हैं। **16 शासकीय अधिवक्ता नियुक्त**-सूची में गैरी मुखोपाध्याय और धीरज वानखेड़े सहित अखिलेश कुमार,अजित सिंह,केशव गुप्ता,अरविंद दुबे,अजय पांडेय,सुप्रिया उपासने,राहुल तामस्कर,सतीश गुप्ता,संतोष सोनी,जितेंद्र श्रीवास्तव,और राजीव भारत शासकीय अधिवक्ता नियुक्त किए गए है।

16 उप शासकीय अधिवक्ता और 22 पैनल लॉयर नियुक्त-राजेय सरकार ने महाधिवक्ता कार्यालय में 12 उप शासकीय अधिवक्ता और 22 पैनल लॉयर भी नियुक्त किए है।

केजरीवाल के सुंदरकांड पाठ पर भड़के ओवैसी

नई दिल्ली,16 जनवरी। अयोध्या में एक तरफ राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी है तो दूसरी तरफ दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) ने हर महीने सुंदरकांड पाठ कराने का ऐलान कर दिया है। अरविंद केजरीवाल की पार्टी की ओर से किया गया यह ऐलान एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी को रास नहीं आया। उन्होंने आप को आरएसएस का छोटा रिचार्ज बताते तंज कसा और कहा कि विपक्षी दल भी पीएम मोदी के एजेंडे पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के मुसलमान और सेक्युलर सोच रखने वाले हिंदू देख लें कि किस तरह हिदुत्व की प्रतिस्पर्धा हो रही है। ओवैसी ने सोमवार रात आम आदमी पार्टी या अरविंद केजरीवाल का नाम लिए बिना ट्वीट किया। उन्होंने बिल्किस बानो के मुद्दे पर चुप रहने का आरोप लगाते हुए कहा, आरएसएस के छोटा रीचार्ज ने फैसला लिया है के दिल्ली की हर विधानसभा क्षेत्र में हर महीने के पहले मंगलवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। यह फैसला 22 जनवरी के उद्घाटन की वजह से लिया गया। आपको याद दिला दूं के ये लोग ने बिल्किस बानो के मसले पर चुप्पी बनाई रखी थी और कहा था के वो सिर्फ शिक्षा और सेहत जैसे मसलों पर बात करना चाहते हैं। क्या सुंदरकांड

पाठ शिक्षा है या सेहत असल बात तो यही है के इन्हें इंसाफ से परहेज है। संघ के एजेंडे का पूरा साथ दे रहे हैं। हम बाबरी की बात भी ना करें, आप न्याय, मोहब्बत, फलाना का बाजा बजाते रहो और साथ में हिंदुत्व को मजबूत करते रहो। वाह! हैदराबाद में ओवैसी ने अपनी बात को और विस्तार दिया और आम आदमी पार्टी पर तीखे वार किए। उन्होंने कहा, मैंने जब यह देखा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री और उनकी सरकार ने तय किया है कि हर मंगलवार को वह सुंदरकांड और हनुमान चालीसा पढ़वाएंगे। इस पर मैंने कहा है कि आप लोग बीजेपी से कैसे अलग हैं। आपमें और बीजेपी-आरएसएस में कोई फर्क नहीं है। ओवैसी ने कहा,मैं फिर से कह रहा हूं कि इस देश में बहुसंख्यक वर्ग के वोट को कैसे हासिल किया जाए उसके लिए हिंदुत्व की प्रतिस्पर्धा हो रही है। मैं इस देश के मुसलमानों से अपील कर रहा हूं कि आप लोग देखिए। यह जो खेल हो रहा है इसमें क्या हो रहा है बताइए, हिंदुत्व की प्रतियोगिता की राजनीति को अपनाया जा रहा है। अभी भी इस देश में के सेक्युलर जेहन रखने वाले हमारे हिंदू भाई और मुसलमान इसको नोटिस नहीं लेंगे तो नुकसान किसका होगा आपको शिकायत मुझसे होगी, बताइए इस पर क्या बोलेंगे आप, ये जो सारे तमाशे किए जा रहे हैं। क्या यह हिंदुत्व की प्रतियोगिता नहीं है, क्या यह बहुसंख्यक वर्ग के वोट को हासिल करने की कोशिश नहीं की जा रही हैं, कहां पर सेक्युलरिज्म दफन हो गया।

अपने विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को सुंदरकांड पाठ में शामिल हुए अरविंद केजरीवाल सरकार के मंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने ओवैसी के तंज पर जवाब

खड़े ट्रक में आग, धान जलकर खाक

महासमुंद,16 जनवरी। जिले में नेशनल हाईवे पर खड़े धान से लदे एक ट्रक में भीषण आग लग गई. इससे ट्रक पर लदा 35 प्रतिशत धान जलकर खाक हो गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची. हादसा तुमगांव थाना क्षेत्र का है. मिली जानकारी के अनुसार, ट्रक क्रमाक CG06 GB 8233 पंचर होने के कारण एनएच 53 पर कौवाझर के पास खड़ी थी. इस दौरान अचानक ट्रक में आग लग गई. जैसे ही चालक ने गाड़ी में आग लगे देखी तो उसने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई. वहीं, घटना की सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पर लिया है.

ग्राम पंचायत खाम्ही पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 16 जनवरी। कवर्धा जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खाम्ही में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट उपस्थित हुए, कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश चंद्रवंशी अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत कवर्धा ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेंद्र चंद्रवंशी वरिष्ठ भाजपा नेता, नीतीश चंद्रवंशी उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, दिनेश चंद्रवंशी सरपंच ग्राम पंचायत लालपुर, प्रताप चंद्रवंशी सेवा निर्वृत्त करारोपण अधिकारी उपस्थित रहे । उक्त अवसर पर पुर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट ने लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य व केंद्र सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि भारत सरकार के मोदी की गारंटी वाली यात्रा का कार्यक्रम आज ग्राम पंचायत खाम्ही में आयोजित है जिसके तहत विभिन्न विभागों के द्वारा स्टाल के माध्यम से भारत सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आप सब को जानकारी दी जा रही है स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, उज्ज्वला योजना का पंजीयन, आधार पंजीयन, आयुष्मान कार्ड का वितरण, पात्र हितग्राहियों का पेंशन के साथ ही विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का

निराकरण हेतु विभागीय अधिकारी कर्मचारी गण शिविर में उपस्थित हुए हैं आप सभी से आग्रह है आप सब शासन की लाभकारी योजनाओं से अवगत होकर अधिक से अधिक लाभान्वित हो । उपस्थित अतिथियों के द्वारा उज्वला योजना तथा आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को शिविर स्थल पर लाभान्वित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जनपद पंचायत कवर्धा के अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार हर वर्ग के परिवारों का सपना पूरा करने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने देश के अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा गाँव गाँव में पहुँचकर आम लोगों को लाभकारी योजनाओं की जानकारी दे रही है आप सब इसका अधिक से अधिक लाभ लेवें । उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सर्व श्री वीरेंद्र चंद्रवंशी, छविराम धुर्वे, हजारी चंद्रवंशी, फागू राम धुर्वे, रघुनाथ चंद्रवंशी, खेलू राम चंद्रवंशी इन्द्र कुमार, शत्रुघ्न, रमाकांत, जली राम सहित सर्व संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण एवं ग्रामवासी गण उपस्थित रहे ।

ग्राम मचांदुर के युवाओं ने दी ललित चंद्राकर को जीत की बधाई

उतई। द आर्ट ऑफ लिविंग मचांदूर परिवार की ओर से दुर्ग ग्रामीण के यशवशी विधायक ललित चंद्राकर को जीत की बधाई दिया गया।जिसमे द आर्ट ऑफ लिविंग के युवाचार्य धर्मेंद्र साहू (बिट्टू),नितेश साहू,तरुण साहू,रामपाल साहू,रोहित,शरद पटेल,सेवा राम,जयदीप,महेंद्र पटेल,धर्मेश,मुरली,कौशल निषाद,हरीश देवांगन,डुमेश साहू, मोक्ष साहू,मुख्य रूप से थे।

एक नजर

मां को बेटे ने पीटा,वीडियो वायरल

भिलाई, 16 जनवरी। भिलाई एक व्यक्ति द्वारा अपनी बुजुर्ग मां के साथ सड़क पर मारपीट की घटना सामने आई है। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें इस घटना को देख आसपास के लोग व स्कूली बच्चे भी सहम गए थे। मौजूद कुछ लोगों ने मामला शांत करने का प्रयास भी किया। हालांकि इस घटना को लेकर किसी तरह की शिकायत थाने में नहीं आई है इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है यह वीडियो भिलाई के हाउसिंग बोर्ड कालोनी का बताया जा रहा है लोगों के अनुसार कालोनी में एक जगह लगे सीसीटीवी कैमरे में यह घटनाक्रम कैद हुआ। फुटेज के अनुसार वहीं रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी बुजुर्ग मां को रोड पर पीटा। इस दौरान रोड से गुजर रहे लोगों ने घटनाक्रम देखने के बाद उक्त व्यक्ति को समझने का प्रयास किया घटना शाम पांच बजे की बताई जा रही है। गली से गुजरते हुए स्कूली बच्चे भी इस घटना को देख सहम गए। इस दौरान उस व्यक्ति के साथ उसकी बेटी भी थी। इधर जामुल पुलिस ने बताया कि इस तरह की घटना की कोई जानकारी नहीं है।

बिना डॉक्टर पर्ची के दवा न दें:एसएसपी

भिलाई, 16 जनवरी। भिलाई दुर्ग एसएसपी राम गोपाल गर्ग के द्वारा नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत पुलिस कंट्रोल रुम में मेडिकल स्टोर संचालकों की बैठक ली साथ ही हिदायत भी दी कि कोई भी मेडिकल स्टोर संचालक बिना डाक्टरी पर्ची के प्रतिबंधित दवा ना दे नशे को लेकर चलाए जा रहे अभियान में मेडिकल स्टोर संचालक भी पुलिस के सहभागी बने एएसपी अभिषक झा ने बताया कि बिना किसी डाक्टरी पर्ची के कोई भी मेडिकल स्टोर किसी भी हालत में प्रतिबंधित दवाओं को न बेचे व रोगी का सत्यापन करें, बाहरी व्यक्ति को बिना सत्यापन दवा न दें ।

जल जीवन मिशन योजना:घरेलू नल कनेक्शन मिलने से बैगा परिवारों में खुशी

कवर्धा, 16 जनवरी। ललिया बाई बैगा , अमरोतीन बैगा , सूकरतीन बाई बैगा , समारू बैगा से तरुण छत्तीसगढ़ ने सवाल किया की आप लोगो को पानी अच्छे से मिलता है तो उन्होंने कहा कि अच्छे से पानी मिलता है । घर के सामने नल कनेक्शन लगा है और पानी इसमें अच्छा आता है । उप अभियंता टोमन कुंजाम ने बताया की जल जीवन मिशन योजना के तहत प्रत्येक घरों में घेरूलू नल कनेक्शन दिया जा रहा है जिसका उद्देश्य है की अच्छे से प्रत्येक परिवार को घर के प्रांगण में ही शुद्ध पेययजल मिले । कार्यपालन अभियंता जगदीश प्रसाद गोंड के मार्गदर्शन में और सहायक अभियंता गोपाल प्रसाद ठाकुर की मॉनिटरिंग में उप अभियंता टोमन कुंजाम लगातार दौरा कर गुणवत्ता पूर्ण पानी टंकी निर्माण के साथ घेरेलू नल कनेक्शन में पानी अच्छे से आए जिस पर प्रमुखता से ध्यान दे रहे है । प्रधानमंत्री जन मन योजना (मेगा इवेंट) कार्यक्रम में बैगाओ ने भी बताया की अच्छे से पानी मिल रहा है और जिसकी तारीफ की ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जल जीवन मिशन योजना का लाभ बैगा परिवार और दूरस्थ गांवो तक अच्छे से पानी मिल रहा है जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है । जिला कलेक्टर जन्मेंजय महोबे के निर्देशन में पेयजल व्यवस्था अच्छे से लोगो को मिल रही है ।

राजपूत हत्या मामले में तपन सरकार गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 16 जनवरी। भिलाई खुर्सीपार थाना क्षेत्र शुभम राजपूत हत्याकांड मामले में गैंगस्टर तपन सरकार की संलिप्ता मिलने पर पुलिस ने ग्राम-जाँदा चम्पारण (रायपुर) के एक फार्म हाउस से गिरफ्तार किया। 20 दिन पहले खुर्सीपार पुलिस ने तपन सरकार के सिकोलाभाठा दुर्ग स्थित घर और अन्य ठिकानों पर दबिश दी थी लेकिन, वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था शहर एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि हत्या के प्रकरण के फरार आरोपी तपन सरकार की तलाश के लिए अलग-अलग टीमें बनाकर लगायी गयी था। टीम फरार आरोपी तपन सरकार के पूर्व घटित अपराध के केस पार्टनर, गुर्गे एवं परिवार के सदस्यों से लगातार पूछताछ कर जानकारी जुटारही थी पतासाजी के लिए विशेष सूत्र भी लगाये गये थे। फरार आरोपी के ठहरने के संभावित स्थानों दुर्ग भिलाई

के विभिन्न स्थान, रायपुर, बिलासपुर नागपुर, मुंबई, एवं भुवनेश्वर (ओडिशा) में लगातार दबिश दी जा रही थी किन्तु फरार आरोपी अपना स्थान लगातार बदलते जा रहा था। टीम ने तकनीकी आधार पर भी फरार आरोपी की पतासाजी के प्रयास किये थे। इसी दौरान विशेष सूत्रों से पता चला कि फरार आरोपी तपन सरकार (52वर्ष) निवासी सिकोलाभाठा दुर्ग ग्राम जाँदा चम्पारण जिला रायपुर के एक फार्म हाउस में छिपकर रह रहा है सूचना पर टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा पूछताछ करने पर उसके कहने पर सेवक राम निषाद द्वारा शुभम राजपूत की हत्या की घटना होना स्वीकार किया। घटना के फरार आरोपी को छिपाने में सहयोग करने वाले व्यक्तियों की भूमिका पर पृथक से जांच की जा रही है

होली के दिन शुभम की हुई थी हत्या गौरतलब है कि खुर्सीपार भिलाई निवासी शुभम राजपूत की हत्या होली के दिन वर्ष 2023 में की गई थी। पैसे के लेने देन के विवाद में शुभम राजपूत की हत्या कटर से गला रेतकर की गई थी। इस मामले में गिरफ्तार आरोपी सेवक राम निषाद के खिलाफ धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया था। गैंगस्टर तपन सरकार पूर्व में महादेव महार हत्याकांड की सजा काट चुका है, लेकिन इस बार पुलिस ने तपन को खुर्सीपार में हुए एक हत्याकांड के आरोप में संलिप्ता मिलने पर पकड़ा है पूर्व में तपन सरकार के घर पुलिस ने दी थी दबिशछावनी सीएसपी आशीष बंछोर ने बताया कि 25 दिसंबर 2023 को पुलिस ने गैंगस्टर तपन सरकर के घर छापा मरा था पूरे घर की तलाशी ली गई, लेकिन गैंगस्टर तपन सरकार नहीं मिला। इसके बाद पुलिस उसके हर एक ठिकानों पर तलाश करती रही गैंगस्टर तपन सरकार के खिलाफ पूर्व में भी कई थानों में अपराध दर्ज हैगैंगस्टर तपन सरकार को पकड़ने बनाई थीं कई टीमें छावनी सीएसपी ने बताया कि घटना के फरार आरोपी तपन सरकार को पकड़ने के लिए एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक नरेश पटेल, निरीक्षक संतोष मिश्रा व थाना प्रभारी खुर्सीपार निरीक्षक उमेन्द्र टंडन, थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक दुर्गेश शर्मा, थाना प्रभारी छावनी निरीक्षक सोनल ग्वाला, थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक केशव कोसले के नेतृत्व में एसीसीयू एसीसीयू एवं थाना खुर्सीपार की एक संयुक्त टीम गठित कर टीम को लगायी गयी थी।

नागाडबरा हादसे में हताहत परिवार के लोगों से मिली विधायक भावना बोहरा

कवर्धा, 16 जनवरी। रविवार को देर रात पण्डरिया विधानसभा के ग्राम पंचायत माठपुर अंतर्गत ग्राम नागाडबरा बस्ती में झोपड़ी में आग लगने से दम्पति सहित उनके 8 वर्षीय बेटे की भी हादसे में मृत्यु हो गई। पण्डरिया विधायक भावना बोहरा ने आज यथा स्थल पहुंचकर हादसे में हताहत हुए परिवारजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया और हादसे में मृतकों के परिवारजनों को आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा की। परिवारजनों से भेंट करने के दौरान भावना बोहरा की आंखे भी नम दिखाई दीं उन्होंने परिवारजनों से भी बातचीत कर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया और ग्रामवासियों व प्रत्यक्षदर्शियों से मुलाकात कर हादसे की पूर्ण जानकारी ली।विधायक भावना बोहरा ने कहा कि यह अत्यंत ही दुखद घटना है और ऐसे समय में हम सभी की संवेदनाएं शोकाकुल परिवारजनों के साथ हैं। एक हादसे में अपने परिवार के तीन व्यक्तियों को खोना किसी के लिए भी अत्यंत ही हृदय विदारक घटना है। अपने परिवार के सदस्यों को खोने का दुःख उनके चेहरों पर देखकर अत्यंत ही पीड़ा हो रही है। हादसे में दिवंगत हुए परिवार के परिवारजनों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। इसके साथ ही प्रशासन व पुलीस विभाग को भी हादसे की पूर्ण विवेचना कर उसकी जानकारी व कारण की पूरी जांच रिपोर्ट भी बनाते हुए उसके समाधान हेतु प्रयास करने के लिए भी निर्देश दिए हैं ताकि दुबारा ऐसी अप्रिय घटनाओं से बचा जा सके। भावना बोहरा ने ग्रामवासियों से भी चर्चा करते हुए प्रत्यक्षदर्शियों से घटना के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने परिवारजनों को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा की ऐसी अप्रिय घटना से बचने के लिए हम हर प्रयास करेंगे ताकि किसी अन्य परिवार को यह पीड़ा न हो। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे हादसों को रोकने के लिए हम कार्ययोजना बना रहें हैं ताकि आपातकालीन समय में त्वरित सुविधा उपलब्ध हो सके और समय पर उपचार भी मिल सके। संसाधनों की पूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कार्य करने के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए हैं, जिससे खासकर ग्रामीण और दूरस्थ व वनांचल क्षेत्रों में आपातकालीन सुविधाएँ सुचारू रूप से संचालित की जा सके। इसके लिए हम रुपरेखा तैयार कर रहें हैं जिससे तत्काल सहयता उपलब्ध हो सके और हम अधिक से अधिक लोगों की जिंदगियां बचा सकें।

अरसनारा के श्मशान घाट में प्रतीक्षालय निर्माण का किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पाटन, 16 जनवरी। विधानसभा के ग्राम अरसनारा में जिला विकास निधि से स्वीकृत शमशान घाट में प्रतीक्षालय निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि हर्षा चंद्राकर कार्यक्रम के अध्यक्षता खेमलाल साहू मध्य मंडल पाटन , विशेष अतिथि लोकमणि चंद्राकर अध्यक्ष उत्तर मंडल की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि हर्षा चंद्राकर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जब व्यक्ति का जन्म इस भवसागर में होता है ,तो मृत्यु भी निश्चित है। व्यक्ति अपने जीवन काल पश्चात अंतिम समय में जब स्वर्गवास होता है, तो उनके अंतिम यात्रा में अंतिम संस्कार कार्यक्रम में उपस्थित परिजनों व ग्रामीणों की गर्मी व वर्षा से सुरक्षित रहने हेतु शमशान घाट में प्रतीक्षालय का होना बहुत जरूरी है। हमारे लिए ये गौरव की बात है कि अरसनारा में प्रतीक्षालय निर्माण का हम सहभागी बनें है । कार्यक्रम की अध्यक्षता

कर रहे खेमलाल साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में विकास की गंगा बही है, और आगे भी निरंतर विकास होते रहेगा। इसके पहले 15 वर्षों की भाजपा सरकार में बच्चे का माता के गर्भ से जन्म से लेकर मृत्यु सैय्या तक योजनाओं को क्रियान्वित किया। जिनमे बहुत से योजनाओं को कांग्रेस की सरकार ने बीते पांच वर्षों से आम जनता को होने वाले योजना के लाभ को रोकने का काम किया। जिसके परिणामस्वरूप आज पुनः भाजपा की सरकार बनी है। आने वाले लोकसभा में पुनः केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने हम सब कार्य करना है। इस अवसर पर सरपंच हरिशंकर साहू, पूर्व सरपंच सुलेन साहू,पूर्व सरपंच पुष्पा मिनिकपुरी,उपसरपंच अजीता साहू, हिरौदी वर्मा, डेहर लाल साहू,पुनाराम साहू, शीतल साहू,भुवन बनपेला,जोखूराम साहू,जयप्रकाश साहू,गुरुदेव साहू, नारान्तक साहू,रमेश साहू, बैसाखू साहू,हनुमान वैष्णव,लक्ष्मण साहू, संतोष साहू, रामकृष्ण निर्मल,विश्राम साहू,बुधारु साहू, मन्नू विश्वकर्मा, किशन साहू,कोमल वैष्णव, नरेन्द्र कौशिक,ईश्वरकमल साहू,राहुल साहू,नोहर साहू, सुखलाल साहू, देवेंद्र साहू, शिवनारायण साहू,भूपेंद्र साहू ,गोकुल साहू , बुधर साहू सहित ग्रामीणजनों की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

दो महीने का वेतन ना मिलने से नपा कर्मचारी चिंतित

कवर्धा, 16 जनवरी। कवर्धा नगर पालिका में तीनसो कर्मचारी कार्यरत है लेकिन मकर संक्रति का त्योहार भी आकर चली गई और अभी तक वेतन नहीं मिला । दर्द भरी जुबान में एक कर्मचारी ने कहा की अभी तक वेतन नहीं मिला क्या बताए । कई कर्मचारी बहुत तकलीफ में है कहे तो किसे कहे । सीएमओ भी लगातार रायपुर जा रहे है वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर रहे है फिर भी अभी तक वेतन नहीं मिला । भाजपा सरकार को कर्मचारियों के दर्द को समझते हुए कर्मचारियों को वेतन मिले ऐसा होना चाहिए जिससे की कर्मचारियों के चेहरे में खुशी आ जाए । बिना पेमेंट के भी कर्मचारी हो या अधिकारी अच्छे से काम करते हुए दिखे । सीएमओ ने कहा की गंभीरता से कर्मचारियों को जल्द से जल्द पेमेंट मिले ।

भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन में प्रमुख ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग

भिलाई, 16 जनवरी। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री सहित रेलवे के उच्च अधिकारियों को ज्ञापन प्रेषित करते हुए कहा है कि गत माह से बिलासपुर मंडल के पेंड्रा रोड, चंदिया रोड एवं नागभर एवं करगी रोड तथा रायगढ़ और बेलगाना एवं जैतहरी और राजनांदगांव हुआ गोल खेड़ा तथा बिल्हा तथा गोल खेरा आदि में आठ एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज दिया गया है उक्त संबंध में जन सूचना अधिकारी बिलासपुर से उक्त स्टेशनों पर किस आधार पर या किस मापदंड पर ट्रेनों का स्टॉपेज दिया गया है ।

राजधानी में वीर बालक ओम उपाध्याय का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया

भिलाई, 16 जनवरी। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छत्तीसगढ़ एवं सर्व ब्राह्मण परिषद छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में आचार्य चाणक्य स्मृति दिवस का आयोजन आज वृंदावन हाल सिविल लाइन में किया गया। इस अवसर पर विप्र गौरव कोहका, भिलाई निवासी वीर बालक ओम उपाध्याय का विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक अनुज शर्मा और फेडरेशन व परिषद के पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया। समारोह में वीर बालक ओम को प्रशस्ति पत्र और शाल-श्रीफल देकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक अनुज शर्मा, दोनों फेडरेशन के अध्यक्ष अरविंद ओझा समेत सभी उपस्थित अतिथियों एवं विद्वान वक्ताओं ने ओम की बहादुरी की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उन्हें शीघ्र ही राज्य वीरता एवं राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार के लिए अनुशंसा की। इसके पूर्व दुर्ग सांसद विजय बघेल, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, वार्ड 14 के पार्षद अभिषेक मिश्रा और वार्ड 11 के पार्षद महेश वर्मा सहित दर्जनभर सामाजिक, मीडिया क्लब और अनेक संस्थाओं ने राज्य शासन से ओम उपाध्याय को राज्य वीरता पुरस्कार देने की अनुशंसा कर चुकी है। वहीं उनकी बहादुरी को लेकर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है।

वीर बालक ओम की ये है बहादुरी भरी कहानी-ज्ञातव्य है कि 20 दिसंबर को भिलाई कोहका में एक बहादुरी भरी घटना सामने आई थी। जब छोटे-छोटे बच्चे घर के बाहर गली में खेल रहे थे तब उन बच्चों को पता ही नहीं था कि एक खतरा धीरे-धीरे उनकी ओर बढ़ गया है। खेलते-खेलते एकाएक बच्चों के चेहरे पर डर सा उभर आया। दूर खड़े वीर बालक ओम उपाध्याय ने देखा कि कुछ खौफनाक कुत्ते बच्चों की ओर बढ़ रहे हैं।ओम को उस वक्त कुछ नहीं सूझा और उसने पहले कुत्तों को वहां से भगाने का प्रयास किया, लेकिन एक कुत्ता आक्रामक हो गया और बच्चों की ओर दौडने लगा। तब ओम ने अपनी जान की परवाह किए बगैर कुत्ते को उठाया और अपनी गली से सड़क की ओर आक्रामक कुत्ते को छोड़ने दौडने लगा। इसी दौरान आक्रामक कुत्ते ने ओम के हाथ में दांत गड़ा दिए, लेकिन उसके बाद भी ओम नहीं रुके और कुत्ते को बच्चों की पहुंच से दूर गली से बाहर सड़क पर छोड़ दिया।वहां मौजूद बच्चों ने इसकी सूचना ओम की मां सीमा उपाध्याय को दी। सीमा तत्काल ओम को लेकर प्राइमरी हेल्थ सेंटर, कोहका भिलाई पहुंची और उनका इलाज शुरू कराया। जहां ओम को ओपीडी में तत्काल टिटनेस और एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया गया। चिकित्सक के अनुसार ओम को कुल 5 इंजेक्शन लगाया जाएगा। इस घटना में ओम ने अपनी सूझ बूझ और अपने साहस का परिचय देकर कई बच्चों की जान बचा ली। ओम की वीरता की मोहल्ले के सभी लोगों ने प्रशंसा करते हुए उन्हें ढेर सारा आशीर्वाद दिया। दुर्ग सांसद विजय बघेल, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, वार्ड 14 के पार्षद अभिषेक मिश्रा और वार्ड 11 के पार्षद महेश वर्मा सहित दर्जनभर सामाजिक, मीडिया क्लब, संस्थाओं ने राज्य शासन से ओम उपाध्याय को राज्य वीरता पुरस्कार देने की अनुशंसा की है। वहीं उनकी बहादुरी को लेकर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। ओम के पिता नीरज उपाध्याय ने बताया कि अपने मोहल्ले में ओम निश्छल और सबकी मदद के लिए तैयार रहने वाले बच्चे के रूप में लोकप्रिय हैं। कोहका, भिलाई निवासी ओम उपाध्याय 16 साल के हैं। इस समय वे दिव्य अनुभूति विद्यालय कोहका, चांदनी चौक सिरसा रोड, भिलाई में 10 वीं के छात्र हैं। ओम प्रतिभा के धनी भी हैं और बिना किसी ट्रेनिंग के काफी अच्छे स्केच्स बना लेते हैं। कुशाग्र बुद्धि होने की वजह से वे चीजों को बहुत जल्दी सीख जाते हैं। यदि उन्हें मौका मिले, तो वे काफी आगे बढ़ सकते हैं।

महिला ने घर में खुदकुशी की

भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र एक महिला ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली आत्महत्या का कारण अज्ञात है फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा ने बताया कि रामनगर निवासी योगिता साहू ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतका के शादी के 5 वर्ष हुए हैं। दो बच्चे हैं पुलिस मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है

राष्ट्रीय यातायात सड़क सुरक्षा माह का जिले में हुआ शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 16 जनवरी। राष्ट्रीय यातायात सड़क सुरक्षा माह 2024 का आयोजन दिनांक-15 जनवरी 2024 से 14 फरवरी 2024 तक कबीरधाम जिले में किया जाना है। जिसका शुभारंभ आज दिनांक-15.01.2024 को कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश राठौर तथा रक्षित निरीक्षक श्री महेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में कवर्धा शहर के भारत माता चौक में राष्ट्रीय यातायात सड़क सुरक्षा माह 2024 का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री विजय शर्मा जी उप.मुख्यमंत्री गृह एवं जेल पंचायत एवं ग्रामीण विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री छत्तीसगढ़ शासन विधायक कबीरधाम एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री अनिल ठाकुर उपस्थित रहे, जिनका पुष्पगुच्छ से पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव द्वारा स्वागत किया गया।

माननीय श्री विजय शर्मा जी उप.मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उपस्थित नगर वासी, स्कूली छात्र-छात्राएओं एवं पुलिस परिवार, जिले वासी आमजनो को संबोधित करते हुए कहा गया। कि यह जानकर आश्चर्य होगा कि पूरे भारतवर्ष में प्रति 3 मिनट पर एक मौत सड़क दुर्घटना से होती है। जिस पर रोक लगाना अत्यंत आवश्यक है, जो किसी परिवार को अत्यंत पीड़ा देती है, किसी के घर में इस प्रकार का फोन आता है, सड़क पर यह व्यक्ति है, वह आपके कौन हैं, इनसे आपका क्या रिश्ता है, जो काफी गंभीर है, या अब वह इस दुनिया पर नहीं रहे, तो उस घर के सदस्यों पर जो बिताती

है, वह अत्यंत पीड़ादाई होती है। मुझे अत्यंत प्रसन्नता है, कि पुलिस विभाग के साथ मिलकर जिले के नौजवान साथी उस पीड़ा को दूर करने सड़क सुरक्षा माह के मुहिम में जुड़े हैं, जिसका निसंदेह जिले वासियों को अत्यंत लाभ मिलेगा। जिसके लिए मैं आप सभी को हृदय से धन्यवाद देता हूँ। और आभार भी व्यक्त करता हूँ, कहते हुए कहा गया कि आपके माध्यम से आपके संकल्प से ही इतिहास उधर मुड़ जाता है, जिधर जवानी चलती है, यह भाव इसलिए है, क्योंकि नौजवानों के संकल्प में उस संकल्प को पूरा करने का समय और ताकत दोनों होता है। आप सभी संकल्प ले रहे हैं, आप सभी इसको अवश्य ही पूरा करेंगे मुझे यह पूरी उम्मीद है। कहते हुए नाबालिकों को वाहन ना चलने दें अन्यथा किसी बड़े दुर्घटना का शिकार वह खुद हो सकते हैं या किसी अन्य को कर सकते हैं, यातायात के नियम का पालन सभी को करना चाहिए कहते हुए अपनी इच्छा जाहिर करते हुए कहा गया। कि एक कोशिश मेरे द्वारा की जाएगी जो ट्रैफिक नियम है, उसे स्कूली शिक्षा में शामिल किया जा सके ऐसा प्रयत्न होगा, कोशिश होगी, क्योंकि शिक्षा जीवन का अभिन्न अंग है, और शिक्षा के माध्यम से यदि यातायात के नियम बच्चों को सिखाए जाएंगे तो निश्चित ही उसका प्रभाव काफी बेहतर होगा। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के यातायात जागरूकता अभियान को सक्रिय बताते हुए उनके कार्यों की सराहना की गई। जिसके पश्चात जिला पुलिस बल/ यातायात पुलिस टीम एवं स्वामी विवेकानंद प्रशिक्षण अकादमी के युवक यूतियों द्वारा बाइक हेलमेट रैली के लिए कतार बाध्द थे, जिन्हें हरी झंडी दिखाकर यातायात नियम के प्रति जिले वासियों को जागरूक करने हेतु रवाना किया गया।

कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव द्वारा जानकारी दिया गया कि सड़क दुर्घटना एक गंभीर विषय बनता जा रहा है। जिसका विशेष ध्यान रखते हुए पूर्व कई वर्ष से सड़क सुरक्षा माह के रूप में एक आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य केवल वाहन दुर्घटनाओं में कमी लाकर वाहन चालकों को यातायात नियम के विषय में जानकारी प्रदान कर जागरूक करना है। वाहन दुर्घटनाओं के आंकड़े प्रतिवर्ष बढ़ रहे हैं, जो अत्यंत भयावह है। कबीरधाम जिले में ही वर्ष 2021 में कुल 309 वाहन दुर्घटनाओं के प्रकरण दर्ज हुए हैं, जिसमें 366 लोग घायल हुए थे, तथा 111 लोगो की मृत्यु हो गई थी, वर्ष 2022 में 332 प्रकरण दर्ज हुए थे, जिसमें 495 घायल एवं 129 की मृत्यु हुई थी, वर्ष 2023 में 283 प्रकरण दर्ज हुए थे जिसमें 304 घायल हुए थे, तथा 130 की मृत्यु हुआ हैं। लापरवाही पूर्वक मोटरसाइकिल चलने से वर्ष 2023 में कुल 283 सड़क दुर्घटना हुई जो मोटरसाइकिल से हुआ है 113 प्रकरण में 91 घायल हुए हैं तथा 45 लोगों की मृत्यु हुई है। जो बहुत बड़ी क्षति है, तथा जो भी वाहन दुर्घटनाओं में घायल हुए हैं उसमें से अधिकतर को गंभीर चोट लगा था जिससे कईयों ने अपने हाथ, पैर, आंख, आदि शरीर के अंग वाहन दुर्घटनाओं की वजह से खोए हैं, जिसमें अधिकतर मोटरसाइकिल पर सवार होकर बिना हेलमेट के वाहन चला रहे थे, तथा कुछ मालवाहक वाहनों पर बैठकर सफर कर रहे थे, कुछ लापरवाही पूर्वक नशे की हालत में वाहन चला रहे थे, तो कुछ मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चला रहे थे, तथा कुछ जो अपने वाहनों में सफर कर रहे थे तो सीट बेल्ट का इस्तेमाल नहीं कर रहे थे, जिसका विशेष ध्यान रखते हुए कबीरधाम पुलिस/यातायात टीम के द्वारा यातायात सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिले के सभी थाना चौकी क्षेत्रों में जाकर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कर वाहन चालकों/ स्कूली छात्र छात्राओं को यातायात के नियम की जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा, ताकि लगातार बढ़ते वाहन दुर्घटनाओं से जिले वासियों को सुरक्षित रखा जा सके कहा गया जिसके पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित सभी से यातायात नियमों की अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर वाहन दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह को सफल बनाने में कबीरधाम पुलिस का पूर्ण सहयोग करने अपील किया गया।

राष्ट्रीय यातायात सड़क सुरक्षा माह 2024 कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर उप. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय संजय तिवारी, रक्षित निरीक्षक यातायात शाखा प्रभारी महेश्वर सिंह, सहायक उप. निरीक्षक इजराइल खान, सहायक उप. निरीक्षक विक्रांत गुप्ता व समस्त यातायात पुलिस टीम एवं सम्माननीय जनप्रतिनिधि गण, सम्माननीय पत्रकार गण, छात्र-छात्राएं, युवक युवती एवं जिले वासी अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

पीएम मोदी की गारंटी पूरी करने हर दिन कर रहे काम:साय

रायपुर, 16 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

हमारी सरकार बने हुए एक महीने हुए हैं और हम हर दिन मोदी जी की गारंटी पूरा करने संकल्पित होकर काम कर रहे हैं। हमने 18 लाख से अधिक जरूरतमंदों के लिए आवास की स्वीकृति पहले ही कैबिनेट में दी। अटल जी की जयंती सुशासन दिवस के दिन हमने 12 लाख से अधिक किसानों को 3716 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। यह बात मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पमशाला कंवर धाम में आयोजित तीन दिवसीय महासम्मेलन और संक्रांति मेला में कही। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने इब नदी पर एनीकट निर्माण की घोषणा की। साथ ही पमशाला में कंवर समाज के सामाजिक भवन के जीर्णोद्धार के लिए 50 लाख रूपए की राशि की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने सामाजिकजनों को संक्रांति की बधाई देते हुए कहा कि कल ही भगवान सूर्य का पर्व मकर संक्रांति मनाया गया। पूरे देश में यह पर्व अलग नाम और विधियों से मनाया जाता है। कंवर धाम में प्रतिवर्ष यह आयोजन होता रहा है। हर वर्ष तीन दिनों तक यहां उपस्थिति देता रहा हूं। इस बार पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी मिली है तो समापन पर ही आ सका हूं। लेकिन विश्वास है पिछले तीन दिनों में यहां बहुत से सामाजिक विमर्श हुए हैं। यहां सामूहिक विवाह भी हुआ है। सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाने में ऐसे आयोजनों की महती भूमिका है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी की गारंटी पर आप सभी ने भरोसा किया है। जो विश्वास पूरे प्रदेश के लोगों ने हम पर किया, उस पर खरा उतरने की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री का पद एक बड़ी जिम्मेदारी होती है। आप लोगों का साथ और सहयोग मिलेगा और इससे यह जिम्मेदारी बखूबी निभाऊँगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेंगे। पीएससी 2021 में भ्रष्टाचार की जांच हमने सीबीआई को सौंपी है। किसानों के लिए की गई घोषणा पर अमल करते हुए 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है। विवाहित महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना प्रारंभ की जा रही है उन्हें साल में 12 हजार रुपए की सहयोग राशि प्रदान की जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस के रूप में घोषित करते हुए पीएम जनमन योजना की शुरुआत की है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश की विशेष पिछड़ी जनजाति को शासन की सभी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का काम कर रहे हैं। जिससे राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्य विकास की मुख्य धारा से जुड़ सकें।

इस मौके पर विधायक पत्थलगांव श्रीमती गोमती साय, अखिल भारतीय कंवर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री भरत साय, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय, पूर्व सांसद श्री नंद कुमार साय, सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारी श्री एमएस पैंकरा एवं आरपी साय सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

एक नजर

रोजगार के लिए सहायता मांगने पहुंची दो महिलाओं को मिला रोजगार

रायपुर,16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)। सोमवार को जब जन चौपाल में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह मुलाकातियों से मिल रहे थे, इसी दौरान दो महिलाएं भी रोजगार सहायता के लिए मदद मांगने उनके पास पहुंची थी। कलेक्टर ने उनकी शैक्षणिक योग्यता की जानकारी ली। उन्होंने नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा को निर्देशित कर महिला को रोजगार से जोड़ने कहा। दोनों महिलाओं को इसी जन चौपाल में ही जॉब ऑफर दिया गया, अब प्रशिक्षण उपरांत ये महिलाएं रोजगार से जुड़कर अपने परिवार के लिए आर्थिक सहयोग कर सकेंगी। जन चौपाल में अनिशा नामदेव अपने पांच महीने के शिशु के साथ नौकरी का आवेदन लेकर पहुंची और अपनी व्यथा से कलेक्टर डॉ. सिंह को अवगत कराया। इसी तरह स्नातकोत्तर की डिग्री लेकर रूपा वर्मा भी रोजगार की आस में कलेक्टर जन चौपाल पहुंची थी। उन्होंने भी बताया कि जरूरतमंद परिवार से है और परिवार के पालन-पोषण में हो रही परेशानियों को दूर करने वह रोजगार से जुड़कर आर्थिक रूप से मजबूत होने लंबे समय से संघर्ष कर रही है। कलेक्टर डॉ. सिंह ने महिलाओं को यह भी अवगत कराया कि पी.एम. स्वनिधि, पी.एम. विश्वकर्मा आदि जैसी कई योजनाएं केन्द्र व राज्य सरकार संचालित कर रही है, जिसका लाभ उठाकर युवा विशेषकर महिलाएं स्वरोजगार की दिशा में भी अपने कदम आगे बढ़ाकर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। कलेक्टर के निर्देश पर निगम आयुक्त श्री मिश्रा ने इन दोनों महिलाओं को बी.पी.ओ. कॉल सेंटर में प्रशिक्षण उपरांत रोजगार से जोड़ने जन चौपाल में ही निर्देशित किया। अब ये महिलाएं सघन प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जुड़कर अपने परिवार के लिए आय अर्जित कर पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगी।

महाश्वेता शिशु मंदिर के स्कूली बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

अंवरी ,16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)। महाश्वेता शिशु मंदिर सुपेला के स्कूली बच्चों को शनिवार के दिन अनेको धार्मिक स्थलों का दर्शन कराकर शैक्षणिक भ्रमण कराया जिसमें स्कूली बच्चों को झलमला स्तिथ गंगा मइया,डोंगरगढ़ स्तिथ बम्लेश्वरी माता व राजनांदगांव स्तिथ बर्फानी धाम के पाताल भैरवी मंदिर का दर्शन कराया गया उक्त शैक्षणिक भ्रमण पर महाश्वेता शिशु मंदिर के प्राचार्य हितेंद्र साहू ने बताया कि स्कूली बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कराने से मानसिक एवं बौद्धिक विकास उत्पन्न होते है व बच्चे धर्म के प्रति आस्था व निष्ठा रखते है इस अवसर पर प्राचार्य हितेंद्र साहू,शिक्षक राजेश दुबे, झानेंद्र साहू,शिक्षिका कुलेश्वरी साहू,डीलेश्वरी साहू,तृप्ति सिन्हा,चित्ररेखा साहू की उपस्थिति में स्कूली बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

भखारा में अयोध्या से आए अक्षत का लोगों को किया वितरण

अंवरी,16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)। नगर पंचायत भखारा में भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व अयोध्या से आए अक्षत का वितरण 15 जनवरी को श्रीराम भक्तों ने बाजे गाजे एवं जयकारों के साथ किया।साथ ही अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर की तस्वीर सहित आमंत्रण पत्र प्रदान कर महोत्सव में शामिल होने घर-घर जाकर आमंत्रण दिया। नगरवासीयो ने बाजे-गाजे की धुन पर श्रीराम के जयकारे के साथ भगवा ध्वज धारण कर पूरे गांव में अक्षत कलश का स्वागत एवं वितरण यात्रा निकाली। महिलाओं ने कलशयात्रा निकालकर पूरे गांव में भ्रमण किया। छोटे बच्चों को भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता की वेशभूषा में तैयार कर रैली निकाली। कलश यात्रा में शामिल हुए विभिन्न आयु वर्ग के लोगों में भगवान के प्रति भक्ति एवं उत्साह देखने को मिला।

भाजयुमो ने किया नव मतदाता लिंक के पोस्टर का विमोचन

रायपुर,16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने सोमवार को भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपनी कार्य योजना बनाई है। इसी परिप्रेक्ष्य में भाजयुमो द्वारा नव मतदाता सम्मेलन किया जा रहा है। इस अभियान से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 जनवरी 2024 को पूरे देशभर के 5000 एवं छत्तीसगढ़ के 176 स्थानों के नव मतदाताओं से लाइव कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़ेंगे। इसमें 3 लाख से ज्यादा नवयुवकों से प्रधानमंत्री श्री मोदी सीधे संवाद करेंगे।

श्रीमद् भागवत महाकथा 19 से 25 तक

■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर,16 जनवरी। कान्हा बाजारी परिवार एवं श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट गुढ़ियारी के सौजन्य से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के अवधपुरी मैदान, गुढ़ियारी में विश्व विख्यात पंडित श्री अनिरुधाचार्य जी महाराज के मुखारविंद से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ एवं रायपुर के सभी धर्म प्रेमी सनातनियो से सादर आग्रह हैं कि आप कथा श्रवण करने आप सभी सहपरिवार सादर आमंत्रित हैं। हम सब रायपुर वासियों के लिए अत्यंत गौरव की बात है कि रायपुर में पंडित श्री अनिरुधाचार्य जी महाराज का प्रथम बार रायपुर में कथा वाचन करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इस श्रीमद् भागवत कथा के लिए एक भव्य मंच तैयार किया जा रहा है, जिसमें श्री राम दरबार अयोध्या का प्रतिरूप दिया जा रहा है उक्त मंच से ही आचार्य द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। इस कथा में विशेष रूप से भव्य होम छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश में प्रथम बार 100000 (स्कायर वर्ग फुट) सिंगल डोम बना बनाया जा रहा है एवं साथ में अन्य डोम की व्यवस्था की गई जिसमे भक्तों की बैठने की व्यवस्था रहेगी पंडाल में चार भव्य प्रवेश द्वार बनाया गया है जिससे भक्त जनों के आने-जाने में असुविधा ना हो तथा पार्किंग की पूर्ण व्यवस्था की गई है, कथा स्थल में पीने का पानी, प्राथमिक चिकित्सा एवं शौचायलयों की व्यवस्था की गई है। कथा स्थल पर ही पूजन सामग्री के सामानो की दुकान की व्यवस्था की गई है। दिनांक 22 जनवरी 2024 अयोध्या में प्रभु श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण भी कथा स्थल पर किया जाएगा एवं भव्य आयोजन किया जाएगा तथा एक लाख लोग भक्तों के भंडारे की व्यवस्था रखी गई है, उसी दिन कथा स्थल पर श्री कृष्ण जी के जन्म उत्सव भी मनाया जाएगा 23 जनवरी 2024 को 56 भोग एवं 24 जनवरी 2024 को रुक्मणी विवाह का भी भव्य आयोजन कथा स्थल पर होगा। कथा स्थल पर दिनांक 23 जनवरी 2024 को सुबह 11.00 बजे हिंदू हृदय सम्राट गोश महल विधायक हैदराबाद श्री टी राजा जी का उद्बोधन भी मिलेगा एवं 24 जनवरी 2024 को हिंदू शेरनी श्रीमती नवनीत राणा जी जो वर्तमान अमरावती (महाराष्ट्र) की सांसद है।

राजनांदागंव पुलिस ने 100 लोगों को उनका गुम मोबइल लौटाया

राजनांदगांव

पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग द्वारा सायबर सेल को गुम मोबाइल खोज कर मोबाइल धारकों को लौटाने के निर्देश देने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक/नोडल अधिकारी सायबर सेल राजनांदगांव श्री अमित पटेल के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी सायबर सेल श्री जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में सायबर सेल की पूरी टीम द्वारा जिला राजनांदगांव के शहर, ग्राम व सुदूर नक्सल प्रभावित दुर्गम क्षेत्र व छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों कबीरधाम, दुर्ग, बालोद, कोण्डागांव, रायपुर, महासमूंद, खैरागढ़-छुईखदान-गंड़ई, मोहला-मानपुर-अं.चौकी एवं अन्य प्रदेशों महाराष्ट्र, ओडिसा, तेलंगाना आदि जगहों से कुल 100 गुम मोबाईल खोजा गया। आज दिनांक 15.01.2024 को कलेक्टर राजनांदगांव श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग द्वारा मोबाईल धारकों को उनके गुम मोबाईल का वितरण किया गया और कहा गया कि आज के समय में

मोबाईल मात्र संचार का साधन ही नही है बल्कि मोबाईल में लोगों के महत्वपूर्ण दस्तावेज, बैंक एकाउण्ट, फोटो, विडियो, बिजनेश के सॉफ्टवेयर आदि कीमती डाटा संकलित कर रखे हुए रहतें हैं। मोबाईल दूसरे के हाथों में आने पर उससे वे उनका गलत इस्तेमाल भी कर सकते हैं और किसी अपराध में भी उनके मोबाईल व सिम का उपयोग कर सकते हैं।

रामायण सम्मेलन में 16 टोलियां ने श्रीराम का किया गुणगान

छूरिया , 16 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

समीपस्थ ग्राम बखरूटोला में दो दिवसीय रामायण मानस सम्मेलन संपन्न हुआ।उक्त सम्मेलन 13 एवं 14 जनवरी अर्थात शनिवार एवं रविवार को रखा गया था।सम्मेलन में लगभग 16 रामायण मंडलियों ने भाग लिया। रामायण सम्मेलन में विभिन्न मंडलों के द्वारा भगवान श्री रामचंद्र जी के चरित्र का वर्णन किया गया। बालकांड से लेकर सुंदरकांड, अयोध्या कांड, लंका कांड सहित विभिन्न सोपानों की कथा एवं जीवन में प्रेरणादायक भगवान श्री रामचंद्र जी के कार्यों व जीवन चरित्र को बताया गया। उक्त कार्यक्रम में क्षेत्र एवं इलाके के विभिन्न जनप्रतिनिधि, नेता व समाजसेवीगण अतिथि के रूप में बारी बारी से उपस्थित हुए। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, स्थानीय विधायक भोलाराम साहू, जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष श्रीमती किरण रविंद्र वैष्णव, महिला नेत्री एवं जिला कांग्रेस सचिव श्रीमती सीमा यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता आत्माराम चंद्रवंशी, समाजसेवी एवं भाजपा नेता घासी राम साहू, समाजसेवी छुरिया सुभाष यादव, कांग्रेस नेता राजू सिन्हा। युवा नेता राम साहू, महिला भाजपा नेत्री संगीता यादव, कांग्रेस नेत्री पुष्पा सिन्हा, भाजपा नेता पद्मभूषण साहू, कांग्रेस नेता कुलदीप साहू, भाजपा महिला मोर्चा बेला बाई साहू, समाजसेवी जाकेश

साहू, वन प्रबंधक कमेल राम पड़ोटी, दानदाता राजकुमार साहू, समाजसेवी चंद्रशेखर साहू, भाजपा के सोशल मीडिया प्राभारी सुशील कशेर समेत अनेक नेताओं एवं समाजसेवी आदि शामिल हुए।रामायण मानस सम्मेलन समिति के अध्यक्ष भीषण लाल साहू एवं सचिव बल्लू राम मंडावी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम को आयोजित करने में ग्राम पटेल रूपेंद्र साहू, ग्राम सचिव हीरू राम साहू, कोषाध्यक्ष नारायण लाल साहू, चरण लाल साहू, देवसागर गुप्ता पूर्व सरपंच, कृपा राम पड़ोटी, राधेलाल मंडावी पंच, पन्ना लाल साहू पंच, रोहिदास कल्लो पंच, घनश्याम दास साहू पंच, महेंद्र नेटी, बिहारी बैगा, सुखचरण साहू, शंकर साहू सेल्समैन, मोहित साहू शिक्षक, हरिश्चंद्र नेताम शिक्षक, जयलाल साहू। सचिव जगन्नाथ साहू, धम्मन सिंग साहू, मेश राम साहू, सीता बाई साहू, रेखा बाई साहू, रूखमणी बाई साहू, बना राम साहू, बलवन साहू, जगदेव ठाकुर, खिलावन साहू, ऋषि साहू, वजन साहू एवं विभिन्न महिला समूह के पदाधिकारी व सदस्यों आदि समस्त ग्रामवासियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

रामायण मानस सम्मेलन के आयोजन हेतु अनेक ग्रामीणों सहित आसपास के समाजसेवियों ने चावल, धान, रुपए सब्जी आदि दान किए जिसमे समाजसेवी एवं दानदाता राजकुमार पिता समलिया राम ने आधा क्विंटल एचएमटी पतला चांवल दान किया इसी प्रकार चंद्रशेखर साहू ने सब्जी एवं रुपए दिए। अनेक दानदाताओं ने एक हजार, दो हजार, पांच सौ आदि रुपए दान किए।

सर्व समाज मंगल भवन हेतु विधायक भोलाराम साहू ने दिए 15 लाख रुपए - कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यअतिथि स्थानीय विधायक भोलाराम साहू ने ग्रामीणों की मांग पर सर्व समाज के लिए मंगल भवन हेतु 15 लाख रुपए की घोषणा की। ग्रामीणों ने उक्त राशि को 25 लाख रुपए तक करने की मांग एवं आग्रह विधायक महोदय से किया जिससे एक बड़ा एवं वृहत भवन गांव में बनाया जा सके जिससे सभी समाज का कोई भी कार्यक्रम सम्पन्न किया जा सके। दो दिनों तक लगातार कार्यक्रम का संचालन क्षेत्र के मशहूर एवं लोकप्रिय मानस संचालक जनपद सदस्य जयसिंग टोला निवासी विष्णु साहू, लोककलाकार सौरभ साहू एवं स्थानीय संचालक शंकर लाल साहू ने किया। सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिए रामायण मानस सम्मेलन के अध्यक्ष भीषण लाल साहू, सचिव बल्लू राम मंडावी एवं समिति के समस्त सदस्यों ने समस्त ग्रामीणों व बाहर से आए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

वाहन चलाते समय अपने और दूसरों के परिवार के बारे में सोचना चाहिए : कलेक्टर

राजनांदगांव , 16 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल आज राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के शुभारंभ कार्यक्रम परिवहन विभाग और यातायात विभाग द्वारा यातायात कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत 15 जनवरी से 14 फरवरी 2024 तक आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनसामान्य को जागरूक करने के लिए बाईक रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल को बैठाकर पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने हेलमेट पहन कर बाईक चलाई। इनके साथ लगभग 100 से अधिक बाईकर्स द्वारा शहर का भ्रमण कर हेलमेट पहनकर जनसामान्य को हेलमेट पहनने का संदेश दिया गया

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सड़क दुर्घटना तेज रफ्तार से वाहन चलाने और नशीले पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने से होती है। इसे विशेष ध्यान देने की जरूरत है। तेज रफ्तार से वाहन नहीं चलाना चाहिए। कही भी जाना है तो उससे 5 या 10 मिनट पहले निकलना चाहिए। जिससे वाहन तेज गति से चलाने की जरूरत नहीं होगी और सड़क दुर्घटना से बच सकते हैं। गाड़ी चलाते समय अपने और दूसरों के परिवार के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाना चाहिए। जिससे सड़क दुर्घटना से होनी वाली मृत्यु से बचा जा सकता है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से कहा कि यातायात के नियमों और सड़क दुर्घटना से बचने के उपायो को 10-10 लोगों को बतायें और अन्य 10-10 लोगों तक इसके संबंध में जागरूक करने की बात कही। धीरे-धीरे सभी वर्गों तक यातायात नियमों और सड़क दुर्घटना के बचाव के संबंध में जागरूक हो सकेगी। जिससे सड़क दुर्घटना से होनी वाली मृत्यु में कमी आ सकेगी। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के संबंध में नुक्कड़ नाटक, पाम्पलेट, बैनर, फ्लैक्स, होर्डिंग एवं जिले के सभी स्कूलों और महाविद्यालयों में वाद-विवाद प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता आयोजित करने के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

जिससे बच्चे अपने घर में जाकर माता-पिता, भाई, बहन सहित परिवार के सभी सदस्यों को इसके संबंध में जानकारी दे सकें। जिससे वे सड़क दुर्घटना से बच सकें। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता लाने लिए शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 60 प्रतिशत से अधिक सड़क दुर्घटनाएं दूसरों की गलती से होती जिसके लिए हमें हेलमेट पहनना और सीट बेल्ट लगाना आवश्यक है। जिससे हमारा जीवन सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि हमें वाहन चलाते समय नियमित हेलमेट और सीट बेल्ट लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें हेलमेट पहनने को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी परिवार का कोई सदस्य सड़क दुर्घटना से मृत्यु हो जाती है उसका पूरा परिवार परेशान हो जाता है। उस परिवार का बहुत बड़ा नुकसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि वाहन सजग होकर ही चलाना चाहिए और हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में मृत्यु 30 प्रतिशत कमजोर वर्ग परिवारों में से होती है। एक दुर्घटना से पूरा परिवार प्रभावित होता है, इससे हमें बचना चाहिए। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से कहा कि यहां से प्रण लेकर चलें कि यातायात नियमों का पालन करें और घर में सभी सदस्यों और आस-पास के लोगों को इसके संबंध में जानकारी देकर जागरूक करेंगे। कार्यक्रम को भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के श्री मनोज कुमार बहुगुणा, पुलिस अधीक्षक पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव श्री गजेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर एवं परिवहन अधिकारी श्री वीरेन्द्र सिंह ने भी राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के उद्देश्य और यातायात नियम एवं सड़क दुर्घटना के बचाव के संबंध में जानकारी दी।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल जांच के लिए पहुंचा खुर्शीटिकुल

छूरिया,16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)। जिले अंतर्गत ग्राम खुर्शीटिकुल में पूर्व सोसायटी अध्यक्ष श्री लक्ष्मण दास साहू जी ने सूइसाइड नोट के माध्यम से भाजपा नेता व जनपद पंचायत छुरिया उपाध्यक्ष एकांत चंद्राकर पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कुछ दिवस पूर्व ग्राम में स्थित गौठान के बबूल पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसके जिसकी जानकारी प्राप्त होने पर पूर्व विधायक छन्नी साहू घटनास्थल पर पहुंची व परिजनों से मुलाकात लेते हुए

वस्तुस्थिति को प्रदेश कांग्रेस को अवगत कराई जिस पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर महामंत्री मलकीत सिंह गैन्दू ने जांच कमेटी का गठन किया। जांच कमेटी में जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, महामंत्री महेंद्र यादव, जिला पंचायत सदस्य कांति भंडारी सम्मिलित किये गए थे। जांच कमेटी के सभी सदस्य आज खुर्शीटिकुल पहुंचकर परिजनों से मुलाकात करते हुए एक एक बिंदुओ पर घटना की विस्तृत जानकारी ली। जांच कमेटी के सदस्यों ने परिजनों को आश्वस्त किया है कि वे हर परिस्थिति में उनके साथ है। मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। जिले के एसपी व कलेक्टर से मुलाकात कर उन्हें जांच के लिए ज्ञापन सौंपेंगे। निश्चित समयावधि में उचित कार्यवाही न होने की स्थिति में अलग रणनीति बनाये जाने का निर्णय कमेटी द्वारा लिया गया है। इस मौके पर कुमरदा ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अब्दुल खान, जनपद सदस्य देव पन्द्रों, पूर्व जनपद सदस्य डुमेश्वर साहू, विष्णु सोनी, ब्लाक किसान कांग्रेस अध्यक्ष गिरधारी साहू, धनंजय बघेल, ललित कुमार साहू सहित सभी परिजन व ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

एनपीएल-ग्रामोद्योग विभाग, अरपा फाइटर्स मंत्रालय उद्यानिकी, मंत्रालय सुरक्षा आज के विजेता बने

नवा रायपुर,16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)। नवा रायपुर प्रीमियर लीग के संयोजक कमल वर्मा ने विज्ञप्ति जारी कर बताते कि इस वर्ष एनवीएल टूर्नामेंट में विभिन्न विभागाध्यक्ष कार्यालय एवम् मंत्रालय से 60

टीमों ने शामिल होकर हर मुकाबला को रोमांचक बना दिया है।उन्होंने आगे बताया कि एन.पी.एल. क्रिकेट प्रतियोगिता नया रायपुर के आयोजन में आज चार मैच खेले गए। पहला मैच संचालनालय ग्रामोद्योग विभाग इंद्रावती भवन और सीएमएचओ,स्वास्थ्य विभाग रायपुर के बीच मैच खेला गया। ग्रामोद्योग विभाग की टीम टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और निर्धारित 8 ओवर में एक विशालकाय स्कोर 111 रन बनाए। इस मैच में ग्रामोद्योग की तरफ से दामोदर ने ताबड़तोड़ 58 रन की पारी खेली और वहीं सीएमएचओ की तरफ से संतलाल ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में 3 विकेट लिया। 112 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएमएचओ की टीम मात्र 47 रन ही बना सकी।सीएमएचओ की तरफ से खिलानंद और राहुल दोनो ने 8-8 रन का योगदान दिया। वही ग्रामोद्योग की तरफ से अमृत तिग्गा ने बहुत ही घातक गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिया और इस तरह एकतरफा मैच में अपने टीम को जीत दिलाई।इस मैच का स्कोर रहा ग्रामोद्योग का 6 विकेट के नुकसान पर 111 रन और स्वास्थ्य का स्कोर 8 विकेट के नुकसान पर 47 रन बनाए । इस प्रकार मैच ग्रामोद्योग टीम ने 64 रन से जीत लिया।

अवैध शराब बिक्री को रोकने पुलिस ने कसा शिकंजा

राजनांदगाँव ,16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)। अवैध शराब बिकि, परिवहन एवं सप्लाई की सूचना पर प्रभावी कार्यवाही कराने पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव के मार्गदर्शन एवं सीएसपी श्री अमित कुमार पटेल के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नंद किशोर गौतम द्वारा क्षेत्र में मुखबिर एवं स्टाफ लगाकर अवैध शराब खरीद-बिकि सप्लाई की जानकारी ले रहे थे। लालबाग पुलिस को

सूचना मिल रही थी कि शराब भट्ठी का सेल्समेन सुनिल पाटिल अपना गाडी देकर देशी एवं अंग्रेजी शराब भट्टी रेवाडीह बाईपास से अधिक मात्रा में अवैध रूप से शराब सप्लाई कर बिकि करा रहा है। गिरफ्तार दोनो आरोपियों के विरूद्ध थाना लालबाग में अपराध कमांक 31/2024 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है। गिरफ्तार आरोपी- 01. विजय धम्गेश्वर पिता दिनेश धम्गेश्वर उम्र 23 साल साकिन पुराना ढाबा सतनामी मोहल्ला थाना लालबाग 02. सुनील पाटिल पिता रवि पाटिल उम्र 32 साल साकिन बलदेवबाग नया बस स्टैण्ड मजार के पास थाना कोतवाली को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

आवास योजना का फॉर्म जमा करने मुनादी के बाद पंचायत बॉडी नदारद

अंवरी ,16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गांव गांव में गरीब परिवार को आवास योजना के तहत लाभ दिया जा रहा है7 जिसके चलते गांव-गांव में फॉर्म भरने एवं दावा आपत्ति करने के लिए मुनियादी किया जा रहा है जिसके तहत ग्राम पंचायत अंवरी में 15 जनवरी को सुबह 8 बजे ग्राम पंचायत भवन में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 257 लोगो को पात्र किया गया था जिसमें 60 लोगों को अपात्र कर दिया गया जिसके लिए गांव के कोटवार द्वारा मुनियादी किया गया जिसे सुनकर पात्रता रखने वाले ग्रामीण ग्राम पंचायत खुलते ही 10ः00 बजे से जाना शुरू किया लेकिन पंचायत भवन में न ही सरपंच दिखे न ही सचिव दिखे न ही कोई पंच दिखे न ही कोई ऑपरेटर दिखे सभी नदारत रहे एवं पंचायत में ताला लगा था 7 जो कि दिनभर पंचायत भवन में नहीं दिखे पात्रता रखने वाले ग्रामीण उनका घंटो तक इंतजार करते रहे लेकिन कोई नहीं आए शाम होते सभी पात्रता

रखने वाले हितग्राही दस्तावेज को लेकर अपने-अपने घर चले गए और ग्रामीणों ने बताया कि हम सभी पात्रता रखने वाले गरीब मजदूर परिवार से हैं जो कि अपना काम छोड़कर आज दिन भर इसमें जुटे हुए थे लेकिन पंचायत का इस तरह घिनौना मजाक किया गया जो की सुबह कोटवार द्वारा मुनियादी कराया गया था जो की 15 एवं 16 जनवरी को दस्तावेज जमा करना है लेकिन यहां आने के बाद पता चला कि यहां पंचायत का कोई भी सदस्य नहीं है जिसके चलते आज हमारा दिन भर का काम नुकसान हुआ और हमारा काम भी नहीं हुआ इसके जिम्मेदार कौन है जिसके चलते ग्रामीणो में रोष व्यक्त है। ग्रामीण भुनेश्वर साहू , खिलावन साहू, जगदेव यादव, दिलीप सतनामी, महावीर ध्रुव, अयाति गायकवाड, ऊभय जागड़े ,सुखऊ ,पितम्बर , खेतीहार कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 268 हितग्राहियों का नाम आया था जिसमें पात्रता रखने वाले 60 लोगों का नाम हटा दिया गया7 वहीं 200 जो कि कई लोग परिपूर्ण है जिसका अभी तक नाम नहीं हटाया गया उसका प्रधानमंत्री आवास योजना बन गया एवं सुची में नाम है 7 फोटो भी खींच वाली है वह नोटरी करवा कर दस्तावेज भी जमा करने की तैयारी जो की 60 लोग पात्रता रखने वाले का सूची से नाम हटावा दिया गया है।

संपादकीय

राहुल गांधी की दूसरी भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू

राहुल गांधी ने अपनी दूसरी भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू कर दी है। यह भी देश के कई राज्यों से होकर गुजरेगी, इसके रास्तें में 155 लोकसभा सीटें आएंगी। इसकी शुरुआत मणिपुर से हुई है तथा इसक समापन मुंबई में होगा। इस बार समय कम है तथा आने वाले कुछ महीनों में लोकसभा का चुनाव है, इसलिए राहुल गांधी इस बार पैदल कम व बस में ज्यादा सफर करेंगे। राहुल गांधी की पहली यात्रा के कारण कोई माने या न माने कांग्रेस मानती है कि कर्नाटक व तेलंगाना में जीत मिली थी। कांग्रेस विरोधी कह सकते हैं कि फिर छत्तीसगढ़,राजस्थान व मप्र में कांग्रेस क्यों हार गई। कांग्रेस लोकसभा चुनाव में तीन राज्यों की तरह न हारे इसलिए तो राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रहे हैं। राहुल गांधी विरोधी कह सकते हैं कि राहुल गांधी की यह यात्रा कांग्रेस को जिताने के लिए नहीं है, यह तो कांग्रेस को बुरी हार से बचाने के लिए है। कांग्रेस 2014 व 2019 में तो कहीं मुकाबले में नहीं थी,वह दोनों बार पचास साठ सीटों को बीच ही जीत सकी थी। इतनी कम सीटों जीतना कांग्रेस के लिए बेहद अपमानजनक हैं। तीसरी बार भी माहौल तो भाजपा की जीत का ही बना हुआ है। फिर भी राहुल गांधी को हमेशा की तरह यह दिखाना तो पड़ेगा कि वही इस देश के ऐसे नेता हैं जो हार कर भी निरंतर पीएम मोदी के खिलाफ लड़ते रहते है, लड़ते लड़ते वह भले ही हारते रहे लेकिन मैदान नहीं छोड़ते हैं, वह हारने के बाद हारने के लिए लड़ते रहते हैं। गलती उनकी नहीं हैं, उनके आस पास के नेताओं की है। जो राहुल गांधी को हमेशा ऐसी सलाह देते हैं जिससे राहुल गांधी को नुकसान होता है तथा उससे ज्यादा कांग्रेस को होता है। राहुल गांधी के आसपास के लोग राहुल गांधी व सोनिया गांधी को मुगालते में रखते हैं, वह यही साबित करते रहते हैं कि वह जो राहुल गांधी के लिए कर रहे हैं, उससे राहुल गांधी को फायदा हो रहा है, वह देश के बड़े व गंभीर नेता माने जाते हैं। पहली भारत जोड़ो यात्रा के बाद यही साबित किया गया। इससे हुआ यह है कि राहुल गांधी पार्टी नेताओं पर निर्भर हो गए हैं। वह वही करते हैं जो पार्टी उनसे करने को कहती है। वह ऐसे नेता बन ही नहीं पाए हैं कि पार्टी को बताएं कि जीत के लिए क्या करना है,राहुल गांधी बीस साल बाद भी पार्टी को चलाने वाले नेता नहीं बन पाएं हैं, पार्टी को जिताने वाले नेता नहीं बन पाएं हे। राहुल गांधी व पीएम मोदी में एक बड़ा फर्क यह भी है कि राहुल गांधी बीस साल बाद भी वही करते हैं जो पार्टी चाहती है, वहीं पीएम मोदी नौ साल में ऐसे नेता बन गए हैं जो पार्टी को बताते हैं कि चुनाव जीतने के लिए पार्टी को क्या करना चाहिए। मोदी पार्टी को चलाने वाले नेता हैं, उसे दिशा बताने वाले, किसी दिशा में चलाने वाले नेता हैं, राहुल गांधी पार्टी की बताई दिशा में चलने वाले नेता हैं। उनके आसपास के नेता भाजपी की रणनीति का अंदाजा तक नहीं लगा पाते हैं और राहुल गांधी को पीएम मोदी व भाजपा के खिलाफ मैदान में उतार देते हैं, ऐसे नेताओं के कारण ही आज राहुल गांधी की न्याय यात्रा ऐसे माहौल में देश के कई राज्यों से होकर गुजरेगी जब पूरा देश राम भक्ति में डूबा हुआ है। इसका परिणाम होना यह है कि इस यात्रा का देश के लोगों पर ज्यादा व गहरा प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसका लाभ चुनाव में न तो कांग्रेस को मिलने वाला है नही राहुल गांधी को मिलने वाला है। ऐसा भी नहीं है कि कोई फायदा ही नहीं होगा। राहुल गांधी की न्याय यात्रा से नेताओं व कार्यकर्ताओं का उत्साह तो बढेगा ही, राहुल गांधी लोकसभा चुनाव के पहले निरंतर दो माह से ज्यादा समय तक कई खबरों में एक खबर तो बने रहेंगे। वह मुख्य खबर शायद ही बनें। मुख्य खबर तो अगले एक दो महीने तक राम मंदिर व राम लला ही रहेंगे। इनसे पीएम मोदी व भाजपा निरंतर जुड़ी रहेगी इसलिए पीएम मोदी व भाजपा मुख्य खबरों में रहेंगे। हो सकता है कि कांग्रस के नेताओं की यह सोच हो कि जब पूरा देश रामलला व राम मंदिर के बारे में सोच रहा हो, कह रहा है ऐसे में राहुल गांधी को भी चर्चा में तब ही रखा जा सकता है जब राष्ट्रीय स्तर पर कुछ करें। इसका फायदा राहुल गांधी को यह होगा कि वह विपक्ष के अन्य नेताओं नीतीश कुमार,ममता बैनर्जी,शरद पवार, अरविंद केजरीवाल, अखिलेश यादव से बेहतर नेता माने जाएंगे। विपक्ष का नेता तो वही माना जाता है जो सरकार से लड़ता रहता है। कांग्रेस राहुल गांधी तो योध्दा बताना चाहती है, इसलिए यह यात्रा निकाली जा रही है। विपक्ष इस बात समझ रहा है, वह सही वक्त का इंतजार कर रहा है अपना दींव चलने के.

22 जनवरी 2024 से कलयुग से त्रेता युग की ओर

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह

किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

वैश्विक स्तरपर प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी 2024 को एकअलौकिक विश्व दिवस के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि जिस प्रकार की तैयारीयों के जोश का उत्साह देश और दुनियां के भक्तों में चरम पर है उसे देखकर हर कोई हैरान है कि, क्या हम 22 जनवरी 2024 प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा से कलयुग से त्रेता युग की और जा रहे हैं, क्योंकि विश्व के कोने-कोने से भक्तगण वीवीआईपी नेता मंत्री महापुरुष युगपुरुष सहित 7000 से अधिक अतिथियों को निमंत्रण पत्र दिए गए हैं, और जिस तरह का माहौल हर दिन केबीतते हुए दूसरे दिन पर पहुंचने के साथ मानवो,भक्तों का उत्साह चरम पर पहुंच रहा है उसे देखकर अच्छे अच्छों को हैरानी हो रही है। मैं 15 जनवरी 2024 को देर रात एक टीवी चैनल पर संत मुरारी बापू से के साथ किया गया एक इंटरव्यू देखा जिसमें संत श्री ने कहा मैं 80 वर्ष की उम्र में अभी तक ऐसा क्षण प्रभु श्री राम के प्रति नहीं देखा जो आज कुछ दिनों से देख रहा हूं उन्होंने कहा निश्चित रूप से हम अब कलयुग से त्रेता युग की ओर जा रहे हैं,यह सुनकर मुझे बहुत खुशी हुई आगे उन्होंने कहा 24 जनवरी से 1 मार्च 2024 तक उन्हें अयोध्या में राम कथा के लिए समिति प्रमुख ने खुद आमंत्रित किया है। बता दें कि युगों की अभी चार श्रेणियां है सतयुग, त्रेता युग, द्वापर युग और अभी जो चल रहा है वह कलयुग है। आर्टिकल के साथ संलग्न इमेज में तस्वीरों के साथ इन चारों युगों में मानवीय श्रेणी को समझाया गया है। अयोध्या में विराजने वाले प्रभु श्री राम निर्बलों के बल ही नहीं, आराध्या और आदर्श भी हैं। श्री राम का चरित्र त्रेता युग से लेकर आज के मानव के लिए समान रूप से प्रेरणाप्रद है, इसीलिए तो प्रभु श्री राम भारत की आत्मा प्राण और उपास्य हैं। हमें प्रभु श्री राम का त्रेता युग के रामचरितमानस एवं श्री भागवत गीता सहित सभी धर्म ग्रंथो में भगवान के अवतार का उल्लेख मिलता है।जब जब धर्म की हानि होती है पृथ्वी पर अनाचार बढ़ता है, तब तब कोई दिव्य शक्ति प्रकट होती है और धर्म अनुसार विधिक जीवन जीने के लिए उद्यम करती है। हमें ग्रंथों की इस उद्घोषणा को समाज की सबसे छोटी इकाई के रूप में हर मनुष्य अपने ही जीवन काल को सतयुग, त्रेता युग, द्वापर युग तथा कलयुग के दायरे में लेकर उसे परगहरी नजर डाले तो, सभी युगों में धर्म पूर्ण जीवन के दुष्यंत तथा अवतार की अवधारणा बहुत अधिक स्पष्ट हो जाएगी। चूंकि 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे 22 जनवरी 2024 से अब सतयुग से त्रेता युग की ओर चलें। यह आर्टिकल मान्यताओं पर और मीडिया में उपलब्ध जानकारी पर आधारित है इसकी सटीकता की गारंटी नहीं है।

साथियों बात अगर हम त्रेता युग थीम पर सज रही अयोध्या नगरी की करें तो, 22जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी हैं।अयोध्या भगवान राम की पावन जन्मस्थली के रूप में हिन्दू धर्मावलम्बियों के आस्था का केंद्र है। यही वजह है कि राम मंदिर की उद्घाटन के लिए अयोध्या नगरी को भव्य रूप दिया जा रहा है।इसी कड़ी में सामने आई है जानकारी के अनुसार राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या नगरी को त्रेतायुग थीम से सजाया जा रहा है। श्रीराम के काल में त्रेतायुग कैसा था? श्रीराम के स्वागत के लिए अयोध्या को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है।अयोध्या की चौक चौराहे से लेकर मठ मंदिर सड़क सबको लाइट से जगमग किया जा रहा है।सड़कों के किनारे लग रहे सूर्य स्तंभ भगवान राम के सूर्यवंशी होने के प्रतीक को दर्शाते हैं। महायज्ञ के लिए 1008 कुंड बनाए गए हैं।राम लला की प्रतिष्ठा के दिन दीपों से पूरी अयोध्या रौशन होगी, ये बिल्कुल वैसे ही होगा जब श्रीराम चंद्र 14 वर्ष का वनवास पूरा कर अपनी नगरी लौटे थे, तब उनका स्वागत

किया गया था।राम मंदिर के दरवाजों को सोने से जड़ा जाएगा और इनपर खूबसूरत नक्काशीदार डिजायन की गई है। इन दरवाजों पर वैभव का प्रतीक गज यानी हाथी, सुंदर विष्णु कमल, स्वागत मुद्रा में देवी प्रतिमाएं चित्रित की गई हैं। मंदिर को नागर शैली पर बनाया गया है, जिसमें लोहे और सीमेंट का इस्तेमाल नहीं किया जाता।जलेसर में अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर के लिए बनाया गया घंटा अयोध्या पहुंच चुका है। 2400 किलो वजन का घंटा अष्टधातु से निर्मित है। घंटा अष्टधातु का है,जिसमें पीतल, कांस्य, तांबा, एल्मूनियम, लोहा, स्वर्ण, चांदी और जस्ता शामिल हैं। एक निश्चित मात्रा में इन अष्टधातुओं का उपयोग किया गया है। तो वहीं हनुमान गढ़ी लड्डू सदियों से प्रसिद्ध है. इस लड्डू को लोग दूर-दूर तक खरीदकर अपने साथ ले जाते हैं। हनुमानगढ़ी लड्डू से जुड़ी खासियत यह है कि इसे बनाने के अलग-अलग तरीके हैं लेकिन यह हर किसी को पसंद आता है।

साथियों बात अगर हम त्रेता युग की करें तो, त्रेतायुग कैसा था ? शास्त्रों में चार युग वर्णन है। सतयुग, त्रेतायुग, द्वापर युग और कलियुग। जब त्रेतायुग का आरंभ सतयुग की समाप्ति के बाद हुआ, इसे सनातन धर्म का दूसरा युग माना जाता है। त्रेतायुग 12 लाख 96 हजार वर्ष का था। त्रेतायुग में धर्म और कर्म का पालन किया जाता था। त्रेतायुग में अधर्म का नाश करने के लिए भगवान विष्णु ने तीन अवतार लिए थे, वामन अवतार, परशुराम अवतार और श्रीराम अवतार। त्रेतायुग में श्रीराम अपने भव्य महल में माता सीता और पूरे परिवार संग रहते थे। नए राम मंदिर को भी भव्य रूप दिया जा रहा है। मंदिर की दीवारों और स्तंभों परदुर्लभ चित्र उकेरे गए हैं जो रामायण काल और त्रेता युग की झलक दिखाएंगे। युग के बारे में कहा जाता है कि 1 युग लाखों वर्ष का होता है, जैसा कि सतयुग लगभग 17 लाख 28 हजार वर्ष, त्रेतायुग 12 लाख 96 हजार वर्ष, द्वापर युग 8 लाख 64 हजार वर्ष और कलियुग 4 लाख 32 हजार वर्ष का बताया गया है। तो क्या यह सही है या कि युग की धारणा कुछ और ही है? उल्लेखनीय है कि हमनें सुना ही होगा मध्ययुग, आधुनिक युग, वर्तमान युग जैसे अन्य शब्दों को। इसका मतलब यह कि युग शब्द को कई अर्थों में प्रयुक्त किया जाता रहा है।साथियों बात अगर हम देशविदेश में भक्तों का उत्साह चरम पर होने की करें तो, राम मंदिर उद्घाटन के लिए पूरी अयोध्या नगरी ही नहीं देश-विदेश में भी धार्मिक स्थलों पर तैयारी चल रही है।22 जनवरी को अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 5 लाख मंदिरों में एलईडी के माध्यम से सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा, ताकि बच्चे से लेकर बुजुर्गों तक इस ऐतिहासिक पल को साक्षी बन सकें।विदेशों में भी रामलला की प्रतिष्ठा का जश्नभारत ही नहीं बल्कि अमेरिका,ब्रिटेन ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, मॉरीशस, आयरलैंड, फिजी, इंडोनेशिया और जर्मनी देशों के मंदिरों और अन्य स्थल पर बड़े पैमाने पर रामलला का कार्यक्रमों का लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। न्यूयॉर्क शहर में प्रसिद्ध टाइम्स स्क्वायर श्रीराम मंदिर का उद्घाटन दिखेगा।अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर पूरी दुनियां की निगाहे हैं। दुनियाभर में फैले हिंदू आस्था वाले लोग इस दिव्य और भव्य कार्यक्रम का जश्न मनाएंगे। इसी बीच मॉरीशस की सरकार ने एक अहम घोषणा की है, इसके तहत मॉरीशस में 22 जनवरी को हिंदू आस्था वाले अधिकारियों को 2 घंटे की स्पेशल छुट्टी देने की घोषणा की गई है। इस दौरान वह रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर होने वाले स्थानीय कार्यक्रमों में भाग ले सकेंगे।मॉरीशस के पीएम के नेतृत्व में मॉरीशस कैबिनेट ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान जारी किया। जिसमें कहा गया है कि कैबिनेट ने सोमवार 22 जनवरी 2024 को दोपहर 2 बजे से दो घंटे की विशेष छुट्टी देने पर सहमति व्यक्त की है। भारत में अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर ये फैसला लिया गया है, लिहाजा हिंदू आस्था के सार्वजनिक अधिकारी 22 जनवरी को 2 घंटे की स्पेशल छुट्टी पर रहेंगे। बयान में इस बात का भी जिक्र है कि यह ऐतिहासिक घटना है, क्योंकि यह अयोध्या में भगवान राम की वापसी का प्रतीक है।बता दें कि पीएम 22 जनवरी को भव्य मंदिर के गर्भगृह में श्री राम लला की मूर्ति की स्थापना करेंगे। भव्य मंदिर के उद्घाटन के लिए कई नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है।

मंदिर के अधिकारियों के अनुसार यह समारोह 16 जनवरी से शुरू होकर 7 दिनों तक चलेगा। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि 22 जनवरी 2024 से कलयुग से त्रेता युग की ओर।प्रभु श्री राम की प्राणप्रतिष्ठा, देश दुनियां में भक्तों का उत्साह चरम पर।प्रभु श्री राम का चरित्र त्रेता युग से लेकर आज के मानवों के लिए समान रूप से प्रेरणाप्रद है, इसलिए प्रभु श्री राम भारत की आत्मा, प्राण,उपास्य हैं।

आज का राशिफल

मेष राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपको दफ्तर के कार्यों को पूरा करने में बहुत अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है. इसलिए आप अपने अधीन कार्य करने वाले जातकों के ऊपर निगाह रखें अन्यथा,वह कोई गड़बड़ी कर सकते हैं और जिसका हर जाना आपको भरना पड़ सकता है. आप सभी समस्याओं से बचने के लिए भगवान हनुमान जी का स्मरण करें और सुंदरकांड का पाठ अवश्य करें. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो खुदरा व्यापारियों को कल उधारी देने से बचना चाहिए नहीं तो, उनका पैसा फंस सकता है.

वृषभ राशि- कल हनुमान जी का आशीर्वाद आप पर हमेशा बना रहेगा. यदि आप किसी परेशानी में फसेंगे तो आप बजरंग बाण का पाठ कर सकते हैं इससे आपके सभी संकट कट सकते हैं. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपको आपके कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी, लेकिन आपको आपकी उम्मीद के अनुसार नहीं मिलेगी, जिसके कारण आपके मन में परेशानी के भाव आ सकते हैं, परंतु आप फिर से प्रयास करें. आप सफल अवश्य होंगे व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो आप अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए बहुत अधिक मेहनत करें तो बहुत अच्छा है.

मिथुन राशि- कल का दिन थोड़ा सा उथल पुथल वाला रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपका मन आपके कार्य में नहीं लगेगा, जिससे आपके बॉस परेशान होकर आपकी कार्यशाली में कुछ बदलाव कर सकते हैं, वहां पर आप अपना बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करें. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो फर्नीचर के बड़े कारोबारी को कल अच्छा लाभ प्राप्त हो सकता है. शादी विवाह के सीजन में आपको बहुत अधिक कमाई हो सकती है और आपको कुछ बड़े ऑर्डर भी मिल सकते हैं, जिन्हें पता करने में आपको बहुत अधिक मेहनत करनी होगी.

कर्क राशि- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपको अपने दफ्तर में कोई टारगेट पूरा करने के लिए मोबाइल की फोन बुक का सहारा लेना पड़ सकता है, आपको कॉलिंग बहुत अधिक करनी पड़ सकती है. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो आपके अपने जितने भी कार्य हैं उनको उत्साहित होकर करेंगे तो आपको सफलता भी उतनी ही अधिक मिलेगी. आपकी व्यापार से संबंधित यदि कोई समस्या है वह जल्दी ही दूर होगी. युवा जातकों की बात करें तो युवाओं को कल किसी भी प्रकार के आलस से दूर रहना होगा.

सिंह राशि- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाली जातकों की बात करें तो कल आपके ऑफिस में आपके बॉस आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकते हैं. इसीलिए आप थोड़ा सा अपने बॉस से बच कर रहे अन्यथा, आपकी सबके सामने उनसे डाट पड सकती है. कल आप नौकरी में महत्व पूर्ण कार्यों को करें तो बहुत ही अधिक सोच समझ कर और ध्यान से करें. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कारोबारी को अपने मन के मुताबिक लाभ प्राप्त हो सकता है, लेकिन खुदरा व्यापारियों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है. इसीलिए वह चिंता ना करें,

कन्या राशि- कल आप अपने मन की शांति के लिए कोई हवन इत्यादि करा सकते हैं या किसी हनुमान मंदिर में जाकर हनुमान चालीसा का पाठ कर सकते हैं, आपके मन को शांति मिलेगी नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपको दफ्तर के संबंध मे अधिक कार्य करना पड़ सकता है जो कि आपको उन्नति की ओर लेकर जा सकता है. कल किसी सहकर्मी की मदद भी आपको करनी पड़ सकती हैं. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो रियल एस्टेट में कारोबार करने वाले जातकों को कल बहुत बड़े प्रोजेक्ट मिल सकते हैं.

तुला राशि- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो विदेशी कंपनियों में जॉब करने वाले जातकों को कल बहुत बड़ा लाभ प्राप्त हो सकता है और उन्हें अपने कार्य से संबंधित कोई शुभ सूचना भी प्राप्त हो सकती है. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारियों का कार्य न बनने पर उनका मन मानसिक दवाब से परेशान रहेगा. ऑनलाइन बिजनेस करने वाले जातको को कल बहुत बड़े लाभ की प्राप्ति हो सकती है. प्लास्टिक के व्यापारियों को कल बहुत बड़ा सौदा करने के लिए मिल सकता है.

वृश्चिक राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातको की बात करें तो बैंक में कार्य करने वाले जातकों को कल प्रमोशन की प्राप्ति हो सकती है, लेकिन आप अपनी एक बात की गांठ बांध ले कि आप अपने कार्य के बीच में अहंकार को नहीं आने देंगे. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो आपको अपने कार्यों को पूरा करने के लिए प्रयास में कोई कमी नहीं होने देनी है नहीं तो, आपका कार्य ठप हो सकता है और आपको आर्थिक समस्याओं से परेशान होना पड़ सकता है.

धनु राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने कार्य क्षेत्र में बहुत अधिक व्यस्त रहेंगे और अपने कार्य को पूरी जिम्मेदारी के साथ और ध्यान लगाकर पूरा करेंगे. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कम्युनिकेशन का काम करने वाले व्यापारियों को कल टारगेट पूरा होने से बहुत अधिक खुशी मिलेगी. जिससे कल आपको बहुत अधिक रिलैक्स महसूस होगा. युवा जातकों की बात करें तो युवा जातक कल अपने मार्गदर्शन के लिए किसी बड़े बुजुर्ग या अपने गुरुजनों का सहारा ले सकते हैं विद्यार्थियों की बात करें तो विद्यार्थी अपनी शिक्षा के प्रति कल फॉक्स रहे.

मकर राशि- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो रिसर्च सेंटर में काम करने वाले जातकों के लिए कल लाभ मिलने की संभावना है. उन्हें बहुत बड़े लाभ की प्राप्ति हो सकती है. यदि आपके कुछ कार्य पहले से रुके हुए थे तो कल आपके रुके हुए कार्यों की फिर से पूर्ति हो सकती है. आप फिर से अपने कार्यों को शुरू कर सकते हैं. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यवसाय में आप का विस्तार हो सकता है. आप अपने व्यापार में अच्छा लाभ कमा सकते हैं. भूमि के क्षेत्र में निवेश किया जा सकता है. आप जमीन, जायदाद या प्रॉपर्टी खरीदने का काम करते हैं तो आपको अधिक लाभ की प्राप्ति हो सकती है. जातकों की बात करें तो यह बहुत जातक जिस कार्य क्षेत्र में काम करते हैं उसमें यदि असफल हो गए हैं तो उस असफलता के कारण आप परेशान ना हो,

कुंभ राशि- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके दफ्तर में आपका दिन सामान्य बीतेगा. आपका ध्यान आपके फॉक्स आपके करियर को लेकर रहेगा. आप किसी भी प्रकार की गलतियां करने से बचे तो आपके अधिकारी आपसे नाराज हो सकते हैं. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो फुटकर व्यापारियों के ग्राहकों की भीड़ और मांग को देखते हुए सामान का पर्याप्त मात्रा में मनाने का प्रबंध भी करना होगा. अन्यथा, ग्राहक आपकी दुकान से वापस लौट सकता है, जिससे आपको घाटा हो सकता है.

मीन राशि- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके दफ्तर का व्यक्ति हो या फिर कोई बाहर का व्यक्ति हो आप उसकी मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहे, इससे आपके दफ्तर में आपका बहुत अधिक नाम होगा तथा आपके अधिकारी भी आपके कार्य से प्रसन्न रहेंगे. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारी कल अपने नाम को खराब न होने दे, इसलिए आप अपने प्रोडक्ट पर कड़ी निगरानी रखें, आपका कारीगर आपका कोई कार्य खराब कर सकता हैं, वह मार्केट में आपका नाम खराब हो सकता है.

आलेख

कर बढ़ाना,जीवन बचाना

डॉ. रविन्द्र के. ब्रह्मे

नीति निर्माण में साक्ष्य मायने रखता है। लेकिन जीवंत अनुभव भी ऐसा ही है। और उस युवा लड़की का अनुभव क्या कहेगा जिसने अपने पिता को कैंसर के कारण खो दिया है? कैंसर सिर्फ एक व्यक्ति को नहीं बल्कि पूरे परिवार को प्रभावित करता है। इसका परिवारों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है, और आने वाली पीढ़ियाँ पीड़ित होती हैं। कई मामलों में पाया गया कि कैंसर का इलाज परिवार को दिवालिया बना देता है, संसाधन सूख जाते हैं, भविष्य खतरे में पड़ जाता है। इसलिए, जीवन बचाने के लिए नीति स्तर पर हस्तक्षेप और बदलाव की सख्त जरूरत हो जाती है।

सितंबर 2022 में, स्वास्थ्य पर संसद की स्थायी समिति ने कैंसर देखभाल योजना और प्रबंधन पर एक समयबद्ध, प्रासंगिक और व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें उसने भारत में कैंसर के कारणों का विस्तृत अध्ययन किया और आवश्यक नीतिगत बदलावों के लिए सिफारिशें कीं। रिपोर्ट में तंबाकू के सेवन से होने वाले कैंसर पर विशेष जोर दिया गया है। समिति ने चिंता जताते हुए कहा कि भारत में, तंबाकू के कारण होने वाले मुंह के कैंसर के कारण सबसे ज्यादा लोगों की जान जाती है, इसके बाद फेफड़े, ग्रासनली और पेट का कैंसर होता है। इसमें यह भी कहा गया कि तम्बाकू का उपयोग कैंसर से जुड़े सबसे प्रमुख जोखिम कारकों में से एक है। विशेष रूप से, भारत के उत्तर पूर्व क्षेत्रों के लिए, रिपोर्ट में कहा गया है कि तम्बाकू कैंसर का प्रमुख कारण है, पुरुषों में कैंसर के सभी मामलों में 50-60% और महिलाओं में 20-30% मामले होते हैं। राज्यसभा में प्रस्तुत कैंसर संबंधी जवाब में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ में कैंसर के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई (2019- 27113 मामले) जो बढ़कर (2022- 29253) हो गए।

इन चिंताजनक टिप्पणियों को ध्यान में रखते हुए, समिति ने सरकार को तम्बाकू की खपत को हतोत्साहित करने की सिफारिश की है, विशेष रूप से इस तथ्य के कारण तम्बाकू पर कर बढ़ाकर कि तम्बाकू की कीमतें भारत में सबसे कम हैं। भारत में तम्बाकू की कीमतें सस्ती रखने से इसकी आबादी पर भारी लागत आती है। भारत में तंबाकू की खपत का स्वास्थ्य और आर्थिक बोझ 2017 में 1.77 लाख करोड़ रुपये या भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 1.04त्न होने का अनुमान लगाया गया था। कैंसर के अलावा, तंबाकू का उपयोग कई एनसीडी से जुड़ा है, जिससे हर साल लगभग 13.5 लाख मौतें होती हैं। हालाँकि, भावनात्मक आघात और वित्तीय संकट के कारण वास्तविक जीवन पर प्रभाव बहुत अधिक और गणना से परे होगा।

यह दिखाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि तंबाकू उत्पादों पर कर बढ़ाना इसकी खपत को कम करने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है। शोध से पता चलता है कि सिगरेट की कीमत में 10% की वृद्धि से भारत जैसे निम्न और मध्यम आय वाले देशों में धूम्रपान को 8त्न तक कम किया जा सकता है और बीड़ी की खुदरा कीमत में समान 10त्न की वृद्धि से इसकी खपत 9त्न तक कम हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने तंबाकू उत्पादों के खुदरा मूल्य पर न्यूनतम 75त्न कर लगाने की सिफारिश की है और दुनिया भर के 40 देशों ने 75त्न या उससे अधिक कर लगाया है, जिसमें श्रीलंका (77त्न) और थाईलैंड (78.6) शामिल हैं। हमारे क्षेत्र में त्न)। इसकी तुलना में, भारत में सबसे अधिक धूम्रपान किए जाने वाले उत्पाद बीड़ी पर कर की दर केवल 22त्न है। यदि भारत को 2025 तक तंबाकू की खपत में 30त्न की कमी का लक्ष्य हासिल करना है, जो उसने राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 में निर्धारित किया है, तो अब कार्रवाई करने और तंबाकू करों को बढ़ाने का समय आ गया है। इस स्तर पर, यह बताना प्रासंगिक है कि किसी भी कराधान नीति के कई उद्देश्य हो सकते हैं। जबकि कराधान सरकार के लिए देश के स्वास्थ्य और विकास एजेंडे में निवेश करने के लिए राजस्व का एक महत्वपूर्ण स्रोत है, यह एक महत्वपूर्ण प्रोत्साहन या हतोत्साहित करने वाला उपाय भी हो सकता है।

जब भारत सरकार ने बीड़ी और धुआं रहित तंबाकू सहित सभी तंबाकू उत्पादों को जीएसटी के उच्चतम 28त्न कर स्लैब में डालने का फैसला किया, तो इसने एक स्पष्ट संदेश दिया कि तंबाकू एक पाप उत्पाद है और इसकी खपत को हतोत्साहित किया जाना चाहिए। जीएसटी-पूर्व युग (2017 से पहले) में तम्बाकू की खपत को कम करने के लिए कई महत्वपूर्ण उपाय किए गए, जिनमें केंद्र सरकार द्वारा उत्पाद शुल्क करों में क्रमिक और लगातार वृद्धि और राज्य सरकारों द्वारा पूर्ववर्ती मूल्य वर्धित कर (वैट) शामिल थे। सरकार के अपने वैश्विक वयस्क तंबाकू सर्वेक्षण के अनुसार, इन निरंतर प्रयासों के कारण 2010 और 2017 के बीच तंबाकू उपभोक्ताओं में 81 लाख की कमी आई।जीएसटी के बाद, तंबाकू उत्पादों के करों या कीमतों में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है। दरअसल, सरकार के आंकड़ों से पता चलता है कि तंबाकू उत्पाद अधिक किफायती हो गए हैं क्योंकि उनकी कीमतें अन्य आवश्यक वस्तुओं की तरह उसी दर से नहीं बढ़ी हैं। इससे क्या संदेश जाता है? पोषण पर खर्च करना अब कैंसर पैदा करने वाले उत्पादों पर खर्च करने से महंगा है

प्रोफेसर एंड हेड एसओएस इन इकोनॉमिक्स पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी, रायपुर

चिंतन

डॉ सूर्यकांत मिश्रा

यह हमारा अहोभाग्य धरती पर ,उतर रहा 'बैकुंठ धाम'

अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विवाद उत्पन्न करना शास्त्रोक्त नहीं है । हमारे शास्त्रों में उल्लेखित है कि भगवान और अर्चावतार तथा विभवावतार में प्रकट होकर अपने भक्तों की प्रार्थना सुनते हैं । अर्चावतार भगवान का वह अवतार है जिसमें वे भक्तों की अभिलाषा की अनुसार विराजमान होकर सेवा का अवसर प्रदान करते हैं , तथा अपने भक्तों पर कृपा बरसाते हैं । इसी तरह विभवावतार में भगवान राम- कृष्ण आदि स्वरूपों में प्रकट होकर अयोध्या- मथुरा आदि को धाम की महिमा प्रदान करते हैं । अंतर्यामी भाव से अंतः करण में विद्यमान होकर भाव संकल्पादि के साक्षी होते हैं। श्री अयोध्या पुरी भगवान श्री राम की प्राकट्य भूमि है । कालक्रम अथवा प्रभु की अचिंत्य लीला के वशीभूत होकर श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या सुदीर्घ संघर्ष कथा की साक्षी कहीं जा सकती है । 500 वर्षों तक मर्यादा पुरुषोत्तम के भक्त और संत समाज अपने आराध्य को उनकी ही राजधानी में प्रतिष्ठित देखने के लिए तरसते रहे । यह तृषा , त्याग , बलिदान और प्रार्थनाओं की शताब्दियों को झुलसाती रही । अंततः एक दुःस्वप्न से जागरण की भांति श्री राम अपनी जन्मभूमि पर बाल रूप में पुनः आराधना के लिए विराजमान हो रहे हैं ! यह इस मृत्यु लोक में घटित एक अलौकिक घटना कही जा सकती है । यह सत्यमेव जयते का प्रमाण बनने जा रही है ।

अर्चा का अर्थ प्रतिमा अथवा मूर्ति से लगाया जाता है । प्रांत , नगर , गृह आदि में भगवान मूर्ति रुप में अवतीर्ण होते हैं । निराकार- निर्विकार , शुद्ध- बुद्ध , परमानंद स्वरूप पर ब्रह्म भक्तों की हित कामना से राम- कृष्ण आदि रूपों में अवतार ग्रहण करते हैं । इसी विषय में साधकानाम हितार्थाय ब्राह्मणोंरूपकल्पना कथन को भी सार्थकता प्रदान की गई है । भगवान की जो मूर्तियां स्वयं प्रकट हुई है , उन्हें स्वयंव्यक्त , सिद्ध द्वारा होने के कारण सैद्ध कहा जाता है । अर्चावतार की अर्चना के 16 प्रकार हैं - आवाहन , आसन , पाद

एक नजर

चोरी के मामले में 3 लोग गिरफ्तार

भिलाई, 16 जनवरी। भिलाई पाटन थाना क्षेत्र बिजली ट्रांसफार्मर के क्वाइल, आयल और अन्य सामानों की चोरी करने वाले एक अंतरजिला चोर गिरोह का पुलिस ने रविवार को राजफाश किया है। जिले के पाटन और अंडा थाना क्षेत्र में ट्रांसफार्मर से क्वाइल चोरी होने की घटना के बाद पुलिस ने आरोपितों की तलाश शुरू की और तीन बदमाशों को पकड़ा। तीनों आरोपितों ने पाटन और अंडा के साथ ही रायपुर, धमतरी, महासमुंद और राजनांदगांव जिले में भी चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ चोरी की धारा के तहत कार्रवाई की है पाटन एसडीओ देवांश सिंह राठौर ने बताया कि अंतरजिला चोर गिरोह के तीन सदस्य कामता उर्फ राजा दास (25) निवासी ग्राम छाती थाना कुरुद जिला धमतरी हाल निवासी हीरापुर रायपुर, कुलदीप यादव > (27) निवासी ग्राम लमकेनी थाना अभनपुर जिला रायपुर और सोनू पांडेय उर्फ उमापति (33) निवासी ग्राम किशनागरपुर पोस्ट पहाड़पुर थाना दोस्तपुर जिला सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश हाल हरिराम साहू का मकान वार्ड क्रमांक एक जरवाय रोड हीरापुर थाना कबीर नगर जिला रायपुर को गिरफ्तार किया है। पाटन और अंडा थाना क्षेत्र में ट्रांसफार्मर से क्वाइल चोरी होने के बाद से आरोपितों की तलाश में जुटी पुलिस को जानकारी मिली कि ट्रांसफार्मर से चोरी किए गए सामानों को ग्राम लकमेनी के वीरभद्र वैष्णव की सब्जी बाड़ी में छिपाकर रखा गया है। इस पर पुलिस की टीम ने वहां पर जाकर दबिश दी और वहां से तीनों आरोपितों को हिरासत में लिया। आरोपितों ने चोरी कबूली कर ली है रायपुर के कबाड़ी की तलाश जारी

तीनों आरोपितों ने पुलिस के सामने यह स्वीकार किया कि वे लोग दिन में घूमकर रेकी करते थे और रात में एक आटो लेकर चोरी करने के लिए निकलते थे। आरोपितों ने बताया कि उन्होंने दुर्ग जिले के साथ ही रायपुर, धमतरी, महासमुंद और राजनांदगांव जिले में भी चोरी की है और चोरी के माल को रायपुर के बबलू कबाड़ी के पास बेचा है। आरोपितों की निशानदेही पर चोरी में प्रयुक्त आटो, लोहे का प्लेट, चीनी मिट्टी का तीन नग इंसुलेटर, दो लोहे का चैनल पट्टी तांबा का नट लगा हुआ, एक कापर प्लेट, चैनलं, रिंग लोहे का, पैकिंग पट्टी, पांच गोल्डन रंग का टीना, नट बोल्ट, वासर 20 आदि जब्त किया है। वहीं पुलिस रायपुर के बबलू कबाड़ी की तलाश कर रही है, जिसने चोरी के माल को खपाया है।

घर में चोरी, पुलिस जांच कर रही

भिलाई, 16 जनवरी। भिलाई छावनी थाना क्षेत्र लाल बहादुर आटा चक्की के पीछे शास्त्री नगर कैंप 1 में किराए पर रहने वाली सरिता देवी ने पुलिस बताया कि उनके घर में निर्माण कार्य चल रहा है दोपहर करीब 3 बजे बेटी निशा साव सहेली निकिता साव के घर में बैठी थी तभी एक लड़का किशोर साहू वहां पर एक पर्स लेकर आया इसमें कुछ फोटो था जिसे दिखाते हुए यह पर्स किसका है बोला इस पर निकिता पर्स के अंदर रखे हुए फोटो इसमें परिवार के सदस्यों व उनका पासपोर्ट साइज का फोटो रखा हुआ था इसको देखकर पर्स को निशा का होना बताया आलमारी से गहने व नकद गायब निकिता पर्स को बेटी निशा को दी और अपने घर में मम्मी को मत बताना बोलकर चली गई बेटी ने आकर बताया इस पर पर्स लेकर आलमारी में रखते वक्त चेक किया, तो आलमारी से नकद 40000 रुपए व डब्बा के अंदर रखे पुरानी इस्तेमाली आभूषण सोने का तीन लाकेट, दो छोटे छोटे सोने का नाक का फुल्ली, एक चांदी का करधन वजनी करीबन 500 ग्राम, एक नग चांदी का बाजूबंध जुमला कीमती करीबन 99,500 रूपए का था। सरिता ने बताया कि उसका पति गणेश साव 13 जनवरी को सुबह 10 बजे आलमारी से 50000 रूपए में से 10000 रुपए निकाले थे। उस समय सभी सामान रखा हुआ था आलमारी में एक सोने का मंगलसूत्र, एक बच्चे का पहनने का सोने का बजरंग बली का लॉकेट, 5 जोड़ी चांदी का पायल भी था, जो आलमारी में ही रखा हुआ है छावनी पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है

शिक्षक की मांग को लेकर स्कूली बच्चों,पालकों ने किया चक्काजाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 16 जनवरी। भखारा तहसील क्षेत्र से एक बड़ी खबर सामने आया है। जहां शासकीय माध्यमिक स्कूल के बच्चे और पालकों ने शिक्षक के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सड़क पर उतर गए सुबह से ही स्कूली बच्चों और पालकों ने चक्का जाम कर दिया बताया जा रहा है कि स्कूल में शिक्षक की कमी है जिसके चलते बच्चों की पढ़ाई पर बड़ा असर पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कचना में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और उनके परिजन सड़कों पर चक्का जाम कर दिए और शिक्षक की कमी को लेकर विरोध प्रदर्शन किये इसके अलावा बच्चों ने एक शिक्षक पर मानमानी का भी आरोप लगाया हैं। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची तहसीलदार व पुलिस बच्चों को समझाइश दिये तत्पश्चात विकासखंड शिक्षाधिकारी रविन्द्र नाथ मिश्रा भी चक्काजाम स्थल पहुंचकर आश्वासन देते हुए कहा कि एक शिक्षक की कमी है उसके लिए मांग किए जा रहे है मेरे हिसाब से स्कूल में तो पर्याप्त शिक्षक है बच्चों की मांग को देखते हुए एक शिक्षक देंगे और एक अनियमित शिक्षक को हटाने का मांग किया गया है अगर हमें बच्चे पहले बताते तो मोर्चा खोलने की जरूरत नहीं थी हम उसकी व्यवस्था पहले ही कर देते ।

हाईस्कूल मैदान की रात्रिकालीन प्रतियोगिता विवादों की भेंट चढ़ी

डोंगरगढ़, 16 जनवरी। धर्मनगरी के हाईस्कूल मैदान में छ्ष्टरु सीजन- क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच के दौरान खिलाड़ी व आयोजन समिति के कार्यकर्ता आपस में ही भिड़ते नजर आ रहे है जिससे खिलाडियों की खेल भावना को ठेस पहुँच रही है। बताया जाता है कि 13 जनवरी को हो रहे मैच में अंपायर द्वारा नॉट आउट दिए जाने के बाद आयोजन समिति के कार्यकर्ता व खिलाड़ी मैदान में आपस में ही भिड़ गए व प्रमुख पार्टी के एक बड़े नेता को उसी के पार्टी के कार्यकर्ता द्वारा दर्शकों के सामने ही खरी खोटी सुना दी जिससे खेल मैदान का माहौल बिगड़ गया व इस विवाद का वीडियो फोटो सोशल मीडिया में वायरल हो गया वहीं 14 जनवरी की रात्रि मैच के दौरान मैदान में बम फोड़ने के विवाद पर आयोजन समिति के सदस्य आपस में ही भिड़ गए और बात इतनी बढ़ी की डोंगरगढ़ टीआई को मैदान में आना पड़ा तब कहीं जाकर खेल प्रारम्भ हुआ। बताया जाता है कि दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता आयोजन समिति के सदस्य है।

बादल संस्था में थिएटर,नृत्य और योग के डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारंभ

जगदलपुर 16 जनवरी। जिला प्रशासन जगदलपुर बस्तर द्वारा संचालित बस्तर एकेडमी ऑफ डांस आर्ट एंड लिटरेचर (बादल) आसना में अब थिएटर, कत्थक और भरतनाट्यम के डिप्लोमा कोर्स आरंभ किए जा रहे हैं। इन डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त योग का सर्टिफिकेट कोर्स भी आरंभ किया गया है। उपरोक्त सभी पाठ्यक्रमों हेतु संबद्धता इंदिरा कला संगीत विश्व विद्यालय खैरागढ़ से होगी। इस हेतु खैरागढ़ के निरीक्षण दल ने विगत दिनों बादल संस्था में की जा रही रचनात्मक गतिविधियों का निरीक्षण किया। बादल संस्था में अब तक खैरागढ़ से संबद्ध होकर एक वर्षीय लोक संगीत डिप्लोमा, द्विवर्षीय लोक संगीत डिप्लोमा, गीतांजली सुगम संगीत द्विवर्षीय डिप्लोमा, शास्त्रीय संगीत हिन्दुस्तानी गायन डिप्लोमा,शास्त्रीय संगीत तबला वादन डिप्लोमा एवं द्विवर्षीय आर्ट एप्रिसिएशन चित्रकला की कक्षाएं संचालित की जा रहीं थीं।

शासकीय नेहरू कॉलेज का एमएसएमई ट्रेनिंग सेंटर दुर्ग के साथ हुआ एमओयू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़,16 जनवरी। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ का 13 जनवरी को एम.एस.एम.ई. टेऊनिंग सेंटर रसमड़ा, दुर्ग के साथ आपसी सहयोग एवं समन्वय (एम.ओ.यू.) हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही रेवती एवं एम.एस.एम.ई. टेऊनिंग सेंटर रसमड़ा दुर्ग के डिप्टी जनरल मैनेजर रितेश टांडेकर, सिनियर मैनेजर टेऊनिंग जजाती मोहन्ती सहित दोनो संस्थाओं के अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही रेवती ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि यह एमओयू नेहरू महाविद्यालय का 29 वां एमओयू है। यह एमओयू 1 वर्ष के लिए किया जा रहा है, इससे महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ प्राध्यापको एवं कर्मचारियों को शैक्षणिक एवं अकादमिक गतिविधियों में आपसी सहयोग एवं समन्वय से आयोजित किया जायेगा एवं दोनो संस्थाओ उपलब्ध संसाधनों का उपयोग किया जा सकेगा। एम.एस.एम.ई. टेऊनिंग सेंटर रसमड़ा दुर्ग के डिप्टी जनरल मैनेजर रितेश टांडेकर, सिनियर मैनेजर टेऊनिंग जजाती मोहन्ती ने आश्वस्त किया कि नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ को हमारी संस्था द्वारा हर प्रकार से सहयोग एवं समन्वय किया जायेगा एवं दोनो संस्थाओं के बीच संचालित सभी शैक्षणिक एवं अकादमिक गतिविधियों में छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापको सहित कर्मचारियों की सहभागिता के साथ सुविधा विस्तार किया जायेगा एवं छात्र-छात्राओं के कौशल उन्नयन में विशेष रूप से कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर आईक्यूएसी समन्वयक सहा.प्राध्या. डॉ. आर.आर.कोचे, कम्प्यूटर विभाग से तूलिका चक्रवर्ती, संज्ञा दुबे, सोनाली लोया, संदीप गजभिये सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

विद्युत विभाग ने जर्जर पोल की जगह लगाया नया पोल

चारामा । नगर के भींड़भाड़ वाले कोरर चौक में लंबे समय से लगी हुई जर्जर विद्युत पोल को बदलने के लिए विद्युत विभाग के कर्मचारी मंगलवार सुबह से ही काम में जुट गए है । बताते चलें कि जर्जर विद्युत पोल के संबंध में दो दिन पहले ही तरुण छत्तीसगढ़ समाचार पत्र में ÷विद्युत विभाग के जर्जर पोल से गंभीर हादसे की आशंका÷ शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित की गई थी । खबर लगने के बाद से ही चारामा के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री राकेश गोलछा ने जनहित में इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल इस पर कार्यवाही करने विद्युत विभाग को निर्देशित किया । जिसके बाद विद्युत विभाग ने तत्परता दिखाते हुए मंगलवार की सुबह उक्त स्थल पर अपने विभागीय कर्मचारियों को भेजकर जर्जर बिजली के पोल को बदलकर नई पोल लगवा दी है ।

शहर भ्रमण

दर्शनाथियों की बुनियादी सुविधाओं को बढ़ाने एवम शहर विकास की दिशा तलाशने विधायक निकली शहर भ्रमण में

डोंगरगढ। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल शहर विकास जनसुविधाओ एवम दर्शनाथियो की बुनियादी जनसुविधा को एक कदम आगे बढाने मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष के साथ माँ बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय का निरीक्षण किया सर्वप्रथम मंदिर हॉस्पिटल पहुच कर मरीजो का हालचाल जाना मन्दिर चिकित्सा सुविधआओ को बढ़ाने विस्तार से चर्चा का दर्शनथनियो स्थानिय निवासी को हर सम्भव चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हॉस्पिटल का विस्तार करने हर सम्भव प्रयास का अस्वासन दिया इसके मंदिर परिषर के आसपास की भूमि का निरीक्षण किया दर्शनार्थी को शहर वासियों को अन्य सुख सुविधा लांभ पहुचाने के लिए एक विकास मैप तैयार करने की योजना तैयारी में विधायक नजर आई उन्होंने तपसी तालाब का मुयाना कर तालाब की सौंदर्यकरण की योजना तैयार की विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के साथ मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल , अनिल गट्टाणी , हरीश भण्डारी , रामजी ताराने कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समाचार संक्षेप

नगर में सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ

सुकमा, 16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला सुकमा छत्तीसगढ़ में 15 जनवरी से 15 फरवरी तक नागरिकों और सड़क उपयोगकर्ताओं को सड़क सुरक्षा की गंभीरता और चुनौतियों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा माह 2024 आयोजित किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ जनजागरूकता बाइक हेलमेट रैली के साथ एसपी सुकमा श्री किरण गंगाराम चव्हाण एवम डीएसपी ट्रैफिक श्री अमित देवांगन के द्वारा जनजागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक सुकमा श्री रविउपाध्याय, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली सुकमा निरीक्षक शशीकांत भारद्वाज शिवभगत रावटे जिला परिवहन अधिकारी सुकमा, उप निरीक्षक पी.आर पैकरा, पत्रकारगण एवं यातायात स्टॉप, आम नागरिक उपस्थित रहे। सड़क सुरक्षा माह 2024 के अंतर्गत शिक्षा स्वास्थ्य लोक निर्माण नगरीय प्रशासन परिवहन पुलिस विभाग एनसीसी एनएसएस स्काउट गाइड्स एवं स्वयंसेवी और समाजसेवी संस्थाओं तथा विभिन्न संबंधित विभागों के समन्वय और सहयोग से सड़क उपयोगकर्ताओं विशेष रूप से वाहन चालकों विद्यार्थियों के प्रशिक्षण कार्यशाला सेमीनार नेत्र जांच शिविर सहित सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही लोगों के बीच सड़क सुरक्षा की समस्याओं तथा समाधान का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। यह जागरूकता अभियान सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु एवं घायलों की संख्या कम करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक होगा। जिला सुकमा में प्रति दिन सड़क सुरक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम ऑटो वाहन चालकों का प्रशिक्षण स्वास्थ्य परीक्षण आंखों के जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा स्कूल दिवस में स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए निबंध चित्रकला प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा।

कई गांवों में सिविक एक्शन कार्यक्रम आयोजित

सुकमा, 16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नक्सल प्रभावित इलाकों के ग्रामीणों में सुरक्षा बलो के प्रति विश्वास और मित्रता बढाने के लगातार प्रयास किए जा रहें है, इस कड़ी में सुकमा जिले के ए/226 (कुकानार) वी वाहिनी के0रि0पु0बल की तरफ से श्री कुलदीप कुमार जैन के कुशल मार्गदर्शन में सिविक एक्शन कार्यकम का आयोजन किया गया। यह कार्यकम ए/226 बटा0 के जिम्मेदारी के क्षेत्र में आन वाले गाँव कुकानार (प्रेमापारा, पेदापारा), गाँव बोकरोडार, नवागुडा (पुजारीपारा, कुम्हार पारा), और गाँव धुरारास में किया गया।जिसमें ग्रामीणों के दैनिक जरूरतों के समानों का वितरण (मच्छर दानी,कम्बल, साडी, स्कूल बैग, जल शोधन फिल्टर, खेल कूद का समान एवं सोलर लाईट इत्यादि का वितरण किया गया। साथ ही मुफ्त मेडिकल कैंप भी लगाया गया।कार्यकम के दौरान ग्रामीणों को बताया गया की के0रि0पु0बल हमेशा आपके विकास के लिए जो भी सहयोग होगा वह करते रहेंगे तथ ग्रामीणो से अपील की गई कि वे जवानों से बेहतर ताल-मेल बनाए रखें ।इस कार्यकम में श्री हितेन्द्र सिंह नेगी (सहा0कमा0), निरी/ जीडी गिरीराज मीणा, थाना प्रभारी निरी/ जीडी पदमा जगत, अधिनस्थ अधिकारी, जवानों एवं कुकानार, बोकरोडार सरपंच के साथ ग्रामीणों ने बढ चढकर भाग लिए।

युवक गांजा सहित गिरफ्तार

सुकमा, 16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।दिनॉक 13/01/2024 को थाना सुंकमा पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना मुताबिक सुकमा भाजपा कार्यालय के सामने मेन रोड पर एक व्यक्ति, विमल पान मसाला का थैला एवं काला कलर का बैग लेकर खड़ा है। जिसमें अवैध गांजा की संभावना है तो संदेह के आधार पर रोककर पूछताछ एवं तलाशी की गई, जो आरोपी 01. मोहम्मद नासिर पिता मोहम्मद आबिद उम्र 18 वर्ष सा. देशराज कालोनी बस अड्डे के पास पानीपत जिला पानीपत हरियाणा के कब्जे से 23.930 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा अनुमानित कीमत लगभग 2,39,300 रूपये जप्त किया गया। संपूर्ण कार्यवाही पश्चात थाना सुकमा में अपराध कमांक 08/2024 धारा 20 (ख) ह्.ष्ठ.क्क्स्.ष्ह्ल कायम कर विवेचना में लिया गया। आज दिनांक 14.01.2024 को उक्त आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। मामले की विवेचना व अपराधी की पतासाजी में, नगर निरीक्षक सुकमा कोतवाली शशिकांत भारद्वाज, उप निरीक्षक राम कुमार जैन, सी.पी.कंवर, सहा.उप निरी. राम कुमार पटेल, सागर निषाद, प्र.आर. 347-भुनेश नेताम, 953 चेतन ध्रुव आर. क.668 जितेन्द्र नेगी, 1022 चकधर पैकरा, 652 त्रिलोक गोयल, 547 हरीश वेको म.आर. 1177 गितिका वर्मा, 600 संतोषी नेताम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कलेक्टर ने कृषि विज्ञान केन्द्र में रबी फसल का किया अवलोकन

सुकमा, 16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री हरिस.एस , ने सोमवार को ग्राम मुरतोंडा स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रक्षेत्र में रबी और आगामी जायद मौसम में ली जाने बाली फसलों जैसे सरसों, मक्का, सूरजमुखी, मूंग, उर्द, मूंगफली, भिंडी, पत्तेदार सब्जियाँ, रागी आदि फसल उत्पादन कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की और आवश्यक सुझाव देते हुए अवलोकन किया, विदित हो कि वर्तमान मे एक एकड़ मे सरसों, दस एकड़ मे मक्का फसल लगी हुई है और वाकी उपरोक्त सभी जायद फसलों की बौनी भी 15 फरवरी तक हो जायेगी। साथ ही कलेक्टर ने प्रक्षेत्र में नवनिर्मित विभिन्न इकाइयों जैसे मुर्गी पालन, मछली पालन, बकरी पालन, मशरूम उत्पादन, मिट्टी परीक्षण लैब आदि का भी अवलोकन किया, भ्रमण के समय उप संचालक कृषि श्री पी. आर. बघेल सर, सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी श्री कैलाश मरकाम जी, कृषि सर्वेयर श्री सुनील जी के साथ साथ कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री हनुमंत सिंह तोमर, विषय वस्तु विशेषज्ञ श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप, डॉ परमानन्द, डॉ योगेश सिदार उपस्थित थे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचा कांजीपानी पंचायत

सुकमा, 16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को सुकमा ज़िले के छिंदगढ़ ब्लाक के कांजीपानी पंचायत में पहुँची। भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं भारत सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं की आमजन को जानकारी दी गयी । स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के द्वारा विकसित भारत संकल्प रथ का का स्वागत सामूहिक रूप से किया गया । स्थानीय स्कूल की बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति किए। साथ ही उपस्थित जन प्रतिनिधिए अधिकारी कर्मचारी, किसान, महिला एवं विधार्थियो बीच क्वीज प्रतियोगिता आयोजित हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति बच्चों को प्रशस्ति पत्र दिये गये।सरकार की जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा, प्रधानमंत्री उज्जवला, प्रधानमंत्री आयुष्मान, जन आरोग्य, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी, अटल पेंशन इत्यादि से पत्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। विभिन्न विभागों महिला व बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता, स्वास्थ्य विभाग व बैंक दवारा स्टाल लगाये गये। महिला एवम बाल विकास विभाग द्वारा पोषण कीट वितरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड तथा हितग्राही की स्वास्थ्य जांच किया गया।

ओडिशा से पहुंचने वाले धान पर कड़ाई से प्रतिबंध लगाये

22 जनवरी के पूर्व सभी मंदिरों की साफ-सफाई हो जानी चाहिए:अग्रवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद,16 जनवरी। 22 जनवरी को होने वाले अयोध्या मे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर गरियाबंद जिला के सभी विकास खन्ड़ में मानस मंडलियों के द्वारा रामचरितमानस गान प्रतियोगिता व अन्य सस्कृति कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे इसके लिए उन मानस मंडलियों को पुरस्कार स्वरूप राशि भी प्रदान किया जाएगा इसके लिए शासन राशि प्राप्त हो चुकी है वहीं दूसरी ओर देवभोग क्षेत्र से विशेष कर धान खरीदी केदौं से जो उड़ीसा से धन आ रहे हैं उसे पर अंकुश लगाने हेतु जिलाधीश दीपक अग्रवाल ने कड़ाई कडाई बरतते हुए 90 धान खरीदी केदो के लिए 90 नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं जो लगातार समिति एवं सीमाओं पर चौकसी रखते हुए खरीदी केदो के धान के आवक व जावक पर नजर रखेंगे साथ ही उत्पादन समर्पण करने वाले किसानों के खाता पर भी नजर रखेंगे इस अवसर पर वे यह विशेष रूप से ध्यान रखेंगे कि उड़ीसा का धन किसी भी स्थिति में इन समितियों में ना पहुंच पाए विशेष कर देवभोग मैनपुर छूरा क्षेत्र में जो उड़ीसा सीमा से लगे हुए हैं उन क्षेत्रों में सघन जांच करने की बात जिलाधीश ने कही है आज जिलाधीश समय सीमा की बैठक में अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा

इतने कढ़ाई के बाद भी अगर उड़ीसा का धन यहां पहुंच रहा है तो निश्चित रूप से या गंभीर बात है इस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। किस जगह लापरवाही हो रही है और कौन लापरवाही कर रहा है इस पर कड़ाई से नजर रखी जानी चाहिए इसके लिए विशेष कर नोडल अधिकारी नियुक्त किया जा रहे हैं ।साथ ही अनुभाग के एसडीएम को यह भी निर्देशित किया गया है कि वह दो-दो धान खरीदी केदो पर सतत निगरानी बनाए रखें ताकि धान खरीदी केदो में अव्यवस्था ना हो और उड़ीसा का धान ना पहुंच पाये इस अवसर पर जिलाधीश में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सभी ब्लॉकों में विभिन्न गण मानस गान भक्तिमय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाए इसके लिए राज्य शासन से मानस मंडलियों के लिए राशि प्राप्त हो चुकी है उन राशि को वितरित किया जाएगा ।जिले में 390 मानस मंडलीय विद्यमान है मंदिरों की साफ सफाई एवं रंगा पुताई पर तत्काल ध्यान दिया जाए इस पर मंदिरों पर अधिक से अधिक साफ सफाई हो जनप्रतिनिधि ग्रामीण जन सह भागी बने यह देखा जाए उन्होंने जनपद सीईओ एवं नगरी निकाय के सीईओ को विशेष रूप से निर्देशित करते हुए कहा इसकी समुचित व्यवस्था हो इस पर ध्यान रखें। सीमा से पहुंचने वाले धान पर कड़ाई बरतने का विशेष निर्देश दिया सभी किसानों का भौतिक सत्यापन कराया जाए कि कितना धान उन्होंने बोया था कितना पैदावार हुआ और कितना बचा गया साथ ही यह भी देखें मक्का व अन्य फसल भी कितनी लिया गया है खरीदी केदो में ताल पत्री की समुचित व्यवस्था हो नालियों की समुचित व्यवस्था हो धन को ऊपर रखने के लिए भूसा का पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए इस पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

जनमन योजना के तहत पूरा होगा मोतीराम के पक्के मकान का सपना

कांकेर, 16 जनवरी । विशेष पिछड़ी जनजाति समूह 'कमार' जाति के श्री मोतीलाल मरकाम प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान की स्वीकृति मिलने पर बहुत खुश हैं। उन्हें आवास की स्वीकृति प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत मिली है। इससे उनके पक्के मकान का सपना अब जल्द ही मूर्त रूप लेगी। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हितग्राहियों के खाते में प्रथम किश्त की राशि ऑनलाईन अंतरित की गई। इनमें विशेष पिछड़ी जनजाति समूह 'कमार' समुदाय के ग्राम मावलीपारा निवासी श्री मोतीलाल मरकाम को भी आवास स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया, जिसके तहत प्रथम किश्त के रूप में उनके खाते में राशि 40 हजार रूपए की राशि जमा हुई।

श्री मोतीराम ने बताया कि वर्तमान में उनके पास कच्चा मकान है। उनके कवेलूपोश घर में बारिश के दिनों में पानी टपकने और दीवारों में नमी सहित अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

एक नजर

बिजली विभाग का बिल लाखों में बकाया फिर भी दिन में जल रही लाईट

पत्थलगांव, 16 जनवरी। नगर पंचायत मे जिम्मेदार कर्मचारीयों की लापरवाही इन दिनो अपनी हदे लांघने का काम कर रही है,विद्युत विभाग का लाखो रूपये बिल बकाया रखने वाला नगर पंचायत इन दिनो शहर के लोगो को दिन मे भी स्ट्रीट लाईट की सुविधा पहुंचा रहा है,इस बात की जानकारी नगर पंचायत मे पहुंचाने के बाद भी बिजली विभाग से जुडे कर्मचारी दिन मे भी स्ट्रीट लाईट नही बुझा रहे। विद्युत विभाग से मिली जानकारी एवं नगर पंचायत के उपाध्यक्ष श्यामनारायण गुप्ता ने बताया कि नगर पंचायत को विद्युत विभाग का लाखो रूपये भुगतान करना है,उसके बाद भी यहा पदस्थ जिम्मेदार कर्मचारी अपने कार्यो का ठीक से निर्वहन नही कर रहे। उनका कहना है कि देर शाम लाईट जलाने के बाद उसे सुबह बंद करने की जिम्मेदारी संबंधित कर्मचारी की होती है,परंतु इन दिनो यहा के कुछ कर्मचारीयों पर से नियंत्रण बिल्कुल हट सा गया है,यही कारण है कि लाखो रूपये विद्युत विभाग का बकाया रहने के बाद भी नगर पंचायत के जिम्मेदार कर्मचारी दिन मे खंभो की लाईट बुझाना जरूरी नही समझते,इन दिनो रात की तरह ही शहर की सडको मे नगर पंचायत की ओर से जलायी जाने वाली रोड लाईट दिनभर जलकर सरकारी रूपयो की बर्बादी कर रही है,परंतु शायद नगर पंचायत की ओर से इस लापरवाही पर अब तक किसी का ध्यान नही पहुंच पाया है।।

बस स्टैंड में बेतरतीब पार्किंग की वजह से चलना मुश्किल

पत्थलगांव, 16 जनवरी। बस स्टैन्ड मे बसो की अनियंत्रित पार्किंग की वजह से दुपहिया वाहन चालक एवं शहर के सभ्रांत नागरिको का यहा से गुजरना काफी मुश्किल हो गया है,उसके बाद भी पुलिस एवं ट्रैफिक व्यवस्था का कानून बस स्टैन्ड आकर शिथिल होता दिखायी देता है,बस स्टैन्ड की अनियंत्रित खडे होने वाली बसो के चालको पर पुलिस कार्यवाही का भय ना रहने से इन दिनो बस स्टैन्ड की व्यवस्था पूरी तरह चरमरायी हुयी है। पूर्व के कुछ थानेदारो ने बस स्टैन्ड की व्यवस्था पर नियंत्रण रखा हुआ था,परंतु कुछ दिनो से यह व्यवस्था पूरी तरह बदहाल हो चुकी है,बस स्टैन्ड मे जगह-जगह बसें खडे होकर शहर के लोगो के लिए कई प्रकार की मुश्किले पैदा कर रही है,यहा तक की अब बसो के अनियंत्रित खडे होने से पैदल गुजरना भी मुश्किल हो गया है। यूं कहे तो बस स्टैन्ड मे खडी होने वाली अनियंत्रित बसे एवं यहा का अतिक्रमण लोगो को बेवजह की परेशानियों मे डाल रहा है। सबसे बडी बात यह है कि जनता की तकलीफो पर ना तो कभी किसी जनप्रतिनिधि ने सुध ली और ना ही जिम्मेदार पुलिस अधिकारी बस स्टैन्ड की बदहाल व्यवस्था सुधारने मे ध्यानाकर्षण कर रहे है।।

बीरेन्द्र दीपक महाविद्यालय में स्वास्थ्य शिक्षा एवं पोषण आहार की जानकारी दी

फिंगेश्वर, 16 जनवरी। बीरेन्द्र दीपक महाविद्यालय जामगांव, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) में दिनांक 15.01.2024 को ''माहवारी स्वच्छता'' संबंधी स्वास्थ्य शिक्षा एवं पोषण आहार की जानकारी के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. सोमी चंद्राकर (स्त्री रोग विशेषज्ञ) द्वारा माँ सरस्वती की पूजा वंदना एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मुख्य अतिथि चंद्राकर मैम के द्वारा महाविद्यालय के समस्त छात्राओं को माहवारी स्वच्छता के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई तथा छात्राओं को सेनेटरी पैड की उपयोगिता बताते हुए समस्त छात्राओं को स्वच्छता के प्रोत्साहन के रूप में सेनेटरी पैड वितरीत किया गया। उक्त कार्यक्रम में उदित कुमार ध्रुव (परामर्शदाता) चंचल साहू एवं महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ और छात्राएं उपस्थित थे।

साहू समाज एक संगठित समाज है:सुनील सोनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नवापारा राजिम, 16 जनवरी। नवापारा नगर परिक्षेत्र साहू समाज के तत्वावधान में 14 जनवरी को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर राजिम भक्तिन माता जयंती भव्य रूप से मनाया गया। सर्वप्रथम राजिम भक्तिन-कर्मा मंदिर में पूजा अर्चना कर सभी समाजिक लोगों द्वारा धुमाल बाजा के साथ रथ पर माता राजिम के मूर्ति सजाकर कलश-शोभायात्रा मंदिर परिसर से तेलघानी विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एवं कसडोल विधायक संदीप साहू ने झंडा दिखाकर शुरू किया जो नगर के प्रमुख मार्ग शुभाष चौक, सदर बाजार- नेहरु घाट, गंज रोड होते हुए वापिस मंदिर परिसर पहुंचकर समापन हुई। तत्पश्चात मंदिर परिसर में मंचीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा सांसद सुनील सोनी ने संबोधित करते हुए कहा कि साहू समाज दानवीर भामाशाह,संत माता कर्मा,राजिम भक्तिन माता जैसे संत शिरोमणि के वंशज है, साहू समाज हम सब के लिए प्रेरणादाई है,उन्होंने इस अवसर की सभी को बधाई देते हुए समाज के मांग पर 5 लाख रुपया सामुदायिक भवन के लिए अपने मद से देने की घोषणा की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे है अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू ने कहा कि साहू समाज में बहुत ही सरलता सहजता और समरसता का भाव है यह सब हमारे आराध्य देवी राजिम माता के आशीर्वाद से है,उन्होंने कहा कि राजिम माता नारी शक्ति का प्रमाण है हम सब को उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने इस अवसर की बधाई देते हुए कहा कि हम सबको आपसी मतभेद को भुलाकर समाज हित में काम करना है,उन्होंने कहा कि सदियों से चले आ रहे सामाजिक कुरीतियों को हमें दूर करना है,तथा समाज में माता बहनों का बराबर सम्मान देना है। पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने भक्त माता राजिम के जिवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माता जी के आशीर्वाद से ही आज हम सब यहां तक पहुंचे हैं।हमें शिक्षा क्षेत्र में बहुत अग्रणी रहना है, हमारे समाज को नशा मुक्त समाज बनाना है,उन्होंने कहा कि आज मकर संक्रांति का दिन है सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायन हो गए हैं यह हम सब के लिए फलदाई है। पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने कहा कि राजिम माता हमारे आदर्श हैं हम सबको उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज हित में काम करना है। कसडोल विधायक एवं तेलघानी विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष संदीप साहू ने जयंती की बधाई देते हुए कहा कि हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि राजिम माता की जयंती हम सब 7 जनवरी को राजिम में प्रदेश स्तरीय मना कर पुरे प्रदेश में जगह जगह मनाते हैं,माता राजिम हमारे ही नहीं बल्कि सभी समाज की माता है। इस अवसर पर महासमुंद के पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू,राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू,जिला साहू संघ अध्यक्ष देवनाथ साहू,तहसील अध्यक्ष ब्रहमानंद साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष गण वीरेंद्र साहू खोरपा,खोरबाहरा राम साहू चंपारण, नवापारा परिक्षेत्र अध्यक्ष रमेश साहू,ने भी सभा को संबोधित किया।कार्यक्रम का संचालन परदेसी राम साहू एवं आभार प्रदर्शन प्रेमलाल साहू ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से नगर परिक्षेत्र साहू समाज अध्यक्ष रमेश साहू, उपाध्यक्ष भगवत साहू,संरक्षकगण मेघनाथ साहू,परदेसी राम साहू,प्रेम लाल साहू,छन्नू लाल साहू,पार्षद गण मायाराम साहू, रवि साहू,ओम कुमारी संजय साहू, अजय साहू, लोकिनअर्जुन साहू,डॉ तेजेंद्र साहू,डॉ लीलाराम साहू,डॉ रमेश सोनसाइटी, रविशंकर साहू (पटवारी)पंचु साहू, नंदू साहू, गज्जू साहू,ठाकुर राम,लखन साहू, दीपक साहू, धीरज साहू, घनश्याम साहू,गोपाल साहू, कैलाश साहू,चंद्रिका साहू,टीकम चंद साहू पूर्व मंडी अध्यक्ष गोपाल साहू,पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष चंद्रहास साहू, लक्की साहू, वीरेन्द्र साहू,होरी लाल साहू,खूब लाल,रितेश, तरुण साहू,लक्ष्मण साहू, रज्जू साहू, आलोक साहू, गैदलाल, लच्छीराम साहू, भागीराम साहू, संतोष साहू, रामकुमार साहू राजिम,श्रीमती धनमती साहू, ललिता साहू, हेमिन साहू, लता साहू, सरोज साहू, शांति साहू, गीता साहू पारागांव,नगर पालिका उपाध्यक्ष चतुर जगत,नेता प्रतिपक्ष प्रसंन्न शर्मा, भाजयुमो नेता किशोर देवांगन सहित बड़ी संख्या में समाजिक गण उपस्थित थे।कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों का प्रतीक चिन्ह साल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया।

पीएम ने पीएम आवास की पहली किश्त की जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद,16 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान योजना अंतर्गत पीएम आवास योजना की पहली किश्त जारी की। इससे विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के लगभग एक लाख लोग लाभान्वित होंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इसके अलावा पीवीटीजी सदस्यों के विकास के लिए सड़क, बिजली, नल से स्वच्छ जल, वन धन विकास केंद्र, आंगनबाड़ी, छात्रावास, मल्टीपरपज केंद्रों, एवं मोबाइल मेडिकल यूनिट की परियोजना की स्वीकृति भी दी। इस दौरान पीएम श्री मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए उन लोगों से भी बात की, जिन्हें इस योजना का लाभ मिलेगा। इस दौरान लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री को बताया कि रसोई गैस कनेक्शन, बिजली, नल से पानी और आवास सहित अन्य सरकारी योजनाओं से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आए हैं। पीएम जनमन अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम विकासखंड छुरा के ग्राम पंचायत पोंड में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजिम क्षेत्र के विधायक श्री रोहित साहू पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष राजेश साहू सहित कलेक्टर दीपक अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ रिता यादव अपर कलेक्टर अविनाश भोई सहायक आयुक्त नवीन भगत एवं ग्रामीण जन शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री से हितग्राहियों का सीधा संवाद सुना। कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों के योजनाओं के प्रस्तुति के लिए विभागीय स्टॉल लगाए गए थे। विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारी- कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने स्टॉल का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर विधायक श्री साहू एवं अतिथियों ने जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति आबादी क्षेत्रों में जाकर निशुल्क स्वास्थ्य जांच और इलाज के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, एडीएम श्री अविनाश भोई, पूर्व विधायक श्री संतोष उपाध्याय, वरिष्ठ नागरिक श्री राजेश साहू, जिला पंचायत सदस्य श्री चंद्रशेखर साहू, जनपद अध्यक्ष छुरा श्रीमती तोकेश्वरी मांझी, गरियाबंद श्रीमती लालिमा ठाकुर, श्री अनिल चंद्राकर, श्री संदीप पांडेय, श्री सागर मयाणी, श्री अजय रोहरा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, आदिवासी कमार समुदाय से श्री बनसिह सोरी, श्री सुखचंद सहित विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के सदस्यगण एवं भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस अवसर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि एक ओर अयोध्या में दिवाली मन रही है। दूसरी ओर एक लाख अति पिछड़ी जनजाति परिवार में भी दिवाली मन रही है। उनके बैंक खाते में पक्के घर के लिए आज पैसा ट्रांसफर किया गया। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि अब पीवीटीजी सदस्यों के नए घर बनाने का काम शुरू होने जा रहा है। इस बार वह दिवाली नए पक्के घर में मनाएंगे। विधायक रोहित साहू ने कहा कि पीएम जनमन योजना के माध्यम से पीएम श्री नरेंद्र मोदी का सोच है की देश के पिछड़े जनजाति सदस्यों को आगे लाना है। 15 नवंबर 2023 को इस अभियान का शुभारंभ हुआ है। उन्होंने पिछड़ी जनजाति के लिए इतना बड़ा कदम उठाने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार जताया। विधायक श्री साहू ने कहा कि पीएम जनमन योजना से जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों का विकास होगा। इसके लिए प्रधानमंत्री ने पिछड़ी जनजाति के विकास के लिए 9 मंत्रालय को भार सौंपा है। श्री साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में पिछड़ी जनजाति समुदाय के सहायता के लिए जनमन मितान नियुक्त किए गए है। कम पढ़े लिखे लोग योजना की जानकारी आसानी से नही ले पाते उनकी मदद करने के लिए मितान बनाए गए है। जनमन मितान पीवीटीजी सदस्यों तक पहुंचकर उन्हें शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी देंगे। साथ ही योजना के लाभ उठाने की प्रक्रिया में सहायता करेंगे।

पीएम की मंशानुरूप समाज के सभी वर्गों को योजनाओं का लाभ मिल रहा:रोहित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 16 जनवरी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नगर पालिका परिषद गरियाबंद के आज गांधी मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। संकल्प शिविर में राजिम विधायक रोहित साहू, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में शामिल हुए।इस अवसर पर विधायक श्री रोहित साहू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करने हम सब मिलकर प्रयास करें। पात्र जरूरतमन्द लोगों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उन्हें लाभान्वित किये जाने सहभागिता निभाएं। शिविर के माध्यम से हजारों की संख्या में शहर की नागरिकों ने शासन की योजनाओं का लाभ लिया। विकसित संकल्प यात्रा शिविर का सार्थक परिणाम मिल रहा है।

इसी प्रकार नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फार मेमन ने कहा कि समाज के सभी लोगों को विकास से जोड़ना है, इसी मंशानुरूप समाज के सभी वर्गों को भारत सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाया जा रहा है। उन्होंने संकल्प शिविरों में अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होकर सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने का आग्रह किया। संकल्प शिविर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। वहीं विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उपयोगिता प्रमाण पत्र का वितरण किया गया व प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों को गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। जनप्रतिनिधियों द्वारा गर्भवती महिलाओं का गोद भराई रस्म अदा की गई।इस दौरान विधायक श्री साहू एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्री मेमन ने पटवारी श्री मनोज कंवर को स्वामित्व योजना एवं डिजीटल इंडिया कम्प्युटाईजेशन में शत प्रतिशत कार्य करने के लिए अभिनंदन प्रमाण पत्र सौपा गया। संकल्प यात्रा शिविर में उपस्थित नागरिकों ने आयुष्मान कार्ड का पंजीयन, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वास्थ्य विभाग,महिला बाल एवं विकास विभाग प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य परीक्षण, बैंक हेल्प डेस्क इत्यादि स्टाल का निरीक्षण कर अधिक से अधिक नागरिकों को लाभ लिया। वहीं संकल्प शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भूपेन्द्र साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी, अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

पीएम के कार्यक्रम में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री शेखावत एवं उपमुख्यमंत्री साव

महासमुंद। विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों पीवीजीटी के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान योजना (पीएम जनमन) के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम जनमन के हितग्राहियों से चर्चा की। जिला पंचायत के सभाकक्ष में वर्चुअल कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, सांसद चुन्नीलाल साहू, विधायक द्वय योगेश्वर राजू सिन्हा एवं संपत अग्रवाल शामिल हुए।प्रधानमंत्री मोदी के उद्बोधन के पश्चात पीएम जनमन के तहत विभिन्न हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। जिसमें लक्ष्मी कमार एवं संतराम कमार को आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया। सिकल सेल जेनेरिक कार्ड ममता कमार, शांति पहाड़िया, कमार जनजाति के दो महिला स्व सहायता समूहों को 15-15 हजार रुपए की राशि, कुमारी कमार एवं सीमा कमार को प्रधानमंत्री आवास शासकीय योजनाओं का लाभ ले रहे ।

समाचार संक्षेप

जिला मुख्यालय में यातायात पुलिस दे रही है नियमों की जानकारी

बीजापुर 16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता) । यातायात पुलिस बीजापुर द्वारा जिला मुख्यालय में ''34वां यातायात सुरक्षा माह'' का शुभारंभ कर यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बाईक रैली निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्षद नंदकिशोर राना, एसडीएम बीजापुर पवन कुमार प्रेमी, डीएसपी विनित साहू यातायात प्रभारी केशव सिंह ठाकुर, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्री सुखलाल पुजारी गणमान्य नागरिक संजय लुंकड़ , गौतम राव की गरिमामयी उपस्थिति में यातायात जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर किया गया। कार्यक्रम में डीएसपी विनित साहू ने 15 जनवरी से 15 फरवरी 2024 तक एक माह चलने वाले सड़क सुरक्षा माह 2024 के संबध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि ''सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा'' की थीम के साथ यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है ताकि जनमानस यातायात नियमों के प्रति जागरूक हो। सड़क दुर्घटनाओं के दौरान प्रायः यह देखा गया है कि जनहानि का बड़ा कारण यातायात नियमों का पालन नहीं करने से होता है। दुपहिया वाहन चलाने के दौरान हैलमेट का उपयोग आदत की तरह करना चाहिए ताकि अकस्मात दुर्घटना होने पर जनहानि की आशंका कम से कम हो। वाहन चलाने के दौरान तीन सवारी ना बैठें तथा नशे के हालत में वाहन चालन न करें यह हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। चौपहिया चलाने दौरान सीट बैल्ट का उपयोग अनिर्वाय रूप कर वाहन की गति नियंत्रित होना चाहिए। जहां भी ट्रैफिक सिग्नल हैं वहां सिग्नल के नियम का पालन अनिर्वाय रूप किया जाना चाहिए। वाहन और वाहन चालकों के लिए आवश्यक दस्तावेज वाहन रजिस्ट्रेशन लाईसेंस बीमा, प्रदुषण प्रमाण पत्र हमेशा जीवित हों इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। किसी भी अकस्माक दुर्घटना पर घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर बेहतर नागरिक होने का हमें परिचय देना चाहिए । इस अवसर पर श्री अवध सिंहा ने सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत प्रस्तावित कार्यक्रम की रूप रेखा से अवगत कराते हुए बताया कि सड़क सुरक्षा माह के अतंर्गत आटो चालकों, स्कुली बसों, टेक्सी, पिकअप, हल्के वाहन, यात्री बसों के दस्तावेज चेकिंग कर वाहन चालकों के नेत्र एवं बीपी का परिक्षण किया जायेगा। साप्ताहिक बाजारों में नुक्कड़ नाटक व पाम्लेट बांटकर यातायात नियमों की जानकारी दी जायेगी तथा लाईसेंस शिविर लगाया जायेगा तथा स्कूल कॉलेज में शिक्षकों एवं प्रोफेसरों के साथ सेमिनार आयोजित कर छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी जायेगी। हैलमेंट व सीट बैल्ट का उपयोंग नहीं करने पर चाकलेट ओर गुलाब फूल देकर चेतावनी देते हुए यातायात नियमों के पालन की समझाइस दी जायेगी।

नेशनल क्रॉस कंट्री एथलेटिक चैम्पियनशीप में भाग लेगी पूजा वाचम

बीजापुर 16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता) । 58वीं नेशनल क्रॉस कंट्री एथलेटिक चैम्पियनशीप 2024 बिहार के गया में आयोजित होगी , जिसमें बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी की एथलेटिक खिलाड़ी पूजा वाचम अपना जौहर दिखायेगी। छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ के द्वारा 21वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता 2023 में आयोजित हुई थी जिसमें पूजा वाचम का अंडर 16 वर्ग में 2 किलो मीटर की दौड़ में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर चयनित हुई थी। अब पूजा वाचम बिहार के गया में आयोजित होने वाली नेशनल क्रॉस कंट्री एथलेटिक चैम्पियनशिप में भाग लेगी जिसमें भारत के अलग-अलग राज्यों से हजारों की संख्या में खिलाड़ी भाग लेगें। पूजा वाचम एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बीजापुर की छात्रा है जिसको क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में भाग लेने पर खेल प्रभारी श्री दिलीप उईके, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास प्रभारी श्री एस.के. मशराम, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बीजापुर के प्राचार्य श्री नागेश निषाद ने बधाई एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी के एथलेटिक कोच श्री संदीप कुमार गुप्ता ने बताया की क्रॉस कन्ट्री रनिंग में धावक या धाविका को दौड़ते हुए रोड रनिंग, चढ़ाव के साथ पानी व कीचड़ में रनिंग करनी होती है जिसमें खिलाड़ियों को अनेक कठनाईयों का सामना करना पड़ता है।

मतदाताओं को अभियान चला किया जागरूक

बीजापुर, 16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता) । शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बीजापुर में मतदाता जागरूकता एवं मतदाता जोड़ो शिविर का एक दिवसीय कार्यक्रम 15 जनवरी को रखा गया था जिसमे शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था तथा शासकीय पॉलीटेक्निक बीजापुर के लगभग 75 विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । कार्यक्रम में मतदाता शपथ, मतदाता जागरूकता नारे के साथ 30-35 विद्यार्थियों ने अपने नाम जुड़वाने आवेदन भरा । कार्यक्रम में जिला निर्वाचन कार्यालय से श्री सीएस ठाकुर, चुनाव पर्वेक्षक तथा श्री लोकेश्वर कुमार, सहायक ग्रेड 03 ने विद्यार्थियों को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया । यह कार्यक्रम शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बीजापुर, नोडल अधिकारी श्री बाला कृष्ण तथा शासकीय पॉलीटेक्निक बीजापुर नोडल अधिकारी संदीप कुमार सोनी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ ।

गुरु गोविंद सिंह जयंती के पहले नगर में सिक्ख समाज की निकल रही प्रभातफेरी

पत्थलगांव, 16 जनवरी। गुरू गोविंद सिंह जयंती को लेकर सिक्ख समाज द्वारा रोज सुबह प्रभातफेरी निकाली जा रही है,शबद कीर्तन की धुन पर प्रभातफेरी शहर के तीनो मुख्य मार्गो का भ्रमण करती है,इस दौरान प्रभातफेरी सिक्ख समाज के प्रतिष्ठीत लोगो के घर पर शबद कीर्तन करते हुये वहा जलपान की भी व्यवस्था करायी जाती है। प्रभातफेरी वापस आकर गुरूद्वारा मे ही विश्राम लेती है। 17 जनवरी दिन बुधवार को सिक्खो के दसवें गुरू गोविंद सिंह की जयंती गुरूद्वारा साहेब मे हर्षोउल्लास के साथ मनायी जायेगी। कई दिनो से यहा शबद कीर्तन की धुन सुनायी दे रही है,दिन बुधवार को गुरूद्वारे मे अटूट लंगर का भी आयोजन किया गया है,गुरूसिंग सभा के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह भाटिया(कुक्कु) ने बताया कि गुरू गोविंद सिंह गुरू तेग बहादुर के पुत्र थे,बाल्याकाल से ही उनकी बहादुरी जगजाहिर थी,गुरू तेग बहादुर ने कश्मीरि पंडितो की रक्षा मे अपनी शहीदी दी थी,वही उनके पुत्र गुरू गोविंद सिंह ने हमेंशा सनातन संस्कृति की रक्षा करते हुये स्वयं के अलावा अपने चार साहेबजादो का भी बलिदान दे दिया था। यही कारण है कि भारत सरकार द्वारा चार साहेबजादो की शहीदी पर वीर बाल दिवस की शुरूवात करायी। उन्होने बताया कि गुरू गोविंद सिंह हमेंशा से मुगलो के अन्याय के खिलाफसनातन समाज के साथ खडे रहते थे,उनका जन्म बिहार के पटना मे हुआ था,उन्होने जुल्म एवं अन्याय के खिलाफ ही खालसा पंथ की स्थापना की थी,इस कारण उनकी जयंती को सिक्ख समाज प्रकाश पर्व के रूप मे भी हर वर्ष मनाते है। उन्होने बताया कि गुरू गोविंद सिंह बहादुरी की मिसाल थे,यही वजह है कि उनके पिता गुरू तेग बहादुर सिंह एवं गुरू गोविंद सिंह के चार पुत्र ने सनातन संस्कृति की रक्षा करते हुये अपने प्राण त्याग दिये।

त्रिनाथ त्रिपाठी ने संभाली खरसिया थाने की कमान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

खरसिया, 16 जनवरी। खरसिया थाने में थाना प्रभारी के रूप में निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी ने पदभार संभाल लिया है। नगर निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी इससे पूर्व छ़ाल थाने में पदस्थ थे। नगर निरीक्षक के रूप में अनुभवी अधिकारी की पदस्थापना से अपराध दरों में निश्चित तौर पर कमी आयेगी। नये थाना प्रभारी से उम्मीद जगी है कि वे आम जनता से मधुर संबंध बना कर अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने में सफल होंगे।

गौरतलब है कि पुलिस कप्तान ने दुर्ग से आये अनुभवी नगर निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी को खरसिया थाना की कमान सौंपी है। रायगढ़ जिले में यह उनकी दूसरी पदस्थापना है, इससे पूर्व वे छ़ाल थाना प्रभारी के रूप में पदस्थ थे। 2008 बैच के त्रिनाथ त्रिपाठी ने अम्बिकापुर, बस्तर, रायपुर और दुर्ग जिले में अपनी सेवाएं दी है। थानेदार त्रिनाथ त्रिपाठी खरसिया थाना की कमान संभालते हुये मीड़िया से रूबरू हुये तथा क्षेत्र तथा क्षेत्रवासियों के व्यवहार एवं पीड़ितों के कमजोर मनोबल के कारण बढ़ते अपराधों के संबंध में बेबाकी से चर्चा की, मीड़िया से चर्चा करते हुये नव पदस्थ नगर निरीक्षक ने कहा की बहुत जल्द ही लोकसभा चुनाव होने वाले हैं, और खरसिया मेरे लिये नयी जगह है, यहां आम जनता के सहयोग से उनके साथ मधुर संबंध बना कर कानून के प्रति व्याप्त भ्रम को दूर करना, पुराने लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के साथ साथ वरिष्ठ अधिकारीयों के मार्गदर्शन पर कार्य करते हुये अपराध तथा अपराधियों पर अंकुश लगाकर पूरे क्षेत्र में कानून व्यवस्था और पुलिस के प्रति विश्वास पैदा करना मेरी प्राथमिकता है, साथ ही जुआ, सट्टा, शराबखोरी जैसी सामाजिक बुराईयों को भी बहुत शिद्दत के साथ समाप्त किया जायेगा। नगर की चरमरायी यातायात व्यवस्था और जगह जगह लग रहे जाम के संबंध में उन्होंने कहा कि नगर पालिका से सामंजस्य कर नगर की बदहाल यातायात को सुधारने की कवायद की जायेगी। युवा और उर्जावान अधिकारी की पदस्थापना से क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि नगर की बदहाल यातायात व्यवस्था में सुधार के साथ साथ नगर में बढ़ रहे अपराधों में निश्चित तौर पर कमी आयेगी, अपराधियों के हौंसले पस्त होंगे और क्षेत्र में अमन चैन कायम होगा।

एक नजर

राजस्व व आपदा प्रबंधन मंत्री ने शंकर नगर बंगले में कार्यालय शुरू किया

बलौदाबाजार, 16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने आज शंकर नगर रायपुर स्थित बी-5/10 बंगला में कार्यालय प्रारम्भ किया। वर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके परिवारजन भी मौजूद रहे।

22, 26 व 30 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित

बलौदाबाजार, 16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी चंदन कुमार ने 22 जनवरी अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी 2024 महात्मा गांधी निर्वाण दिवस को संपूर्ण जिले में संचालित समस्त देशी विदेशी एवं कम्पोजिट मंदिरा दुकानें को पूर्णतः बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी चंदन कुमार ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप धारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये जिले में संचालित समस्त देशी/विदेशी मदिरा एवं कम्पोजिट मदिरा की फुटकर दुकानों, क्लब आदि जैसे एफएल.-1 (घघ), सी.एस.-2 (घघ) एवं सी.एस.-2 (घघ-कम्पोजिट) तथा मद्यभण्डारण-भाण्डागार को 22 जनवरी अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी 2024 महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण दिवस के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त अवधि में जिले के समस्त देशी, विदेशी एवं कम्पोजिट मदिरा की फुटकर दुकानों, क्लब एवं मद्यभण्डारण- भाण्डागार को बंद किया जाना तथा मदिरा के विक्रय, विनिर्माण, संग्रहण, धारण, परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना सुनिश्चित् किया जाना है।

सुहेला पुलिस ने अपहृत बालिका को आरोपी के कब्जे से किया बरामद

बलौदाबाजार, 16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार भाटापारा दीपक कुमार झा द्वारा नाबालिग धारा 363 के अपहृताओं तथा गुम इंसान के प्रकरणों में दस्तायाबी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अधिक से अधिक गुमशुदाओं को खोजबीन कर दस्तयाब करने निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस निधि नाग के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुहेला निरीक्षक अजय झा' के नेतृत्व में थाना में पंजीबध्द लंबित 363 भा.द.वि. एवं गुम इंसानों की पतासाजी की जा रही है कि दौरान पतासाजी थाना में पंजीबध्द अपराध कमांक 213/2023 धारा 363 भा.द.वि. की नाबालिग अपहृता जिसे 16 नवम्बर को अज्ञात आरोपी द्वारा अपहरण कर ले जाने की आशंका पर प्रार्थी की रिपोर्ट पर उक्त अपराध पंजीबध्द कर पता तलाश की जा रही थी नाबालिग अपहृता को आपरेशन मुस्कान अभियान के दौरान 14 जनवरी को आरोपी पंचु यादव पिता स्व महेतरु यादव उम्र 24 वर्ष साकिन धरदेई थाना पथरिया जिला मुंगेली के कब्जे से पुणे(महाराष्ट्र) से बरामद कर विधि अनुसार कार्यवाही कर पीड़िता को अस्थायी रूप से उनके माता पिता को संरक्षण हेतु सौंपा गया तथा मामले में धारा 366क, 376 भा.द.वि. 4, 6 पॉक्सो एक्ट जोड़ी जाकर आरोपी पंचु यादव पिता स्व महेतरु यादव उम्र 24 वर्ष साकिन धरदेई थाना पथरिया जिला मुंगेली छ.ग. को 15 जनवरी को गिरफ्तार किया गया है।

देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में सभी को देना होगा योगदान:टंकराम

छत्तीसगढ़िया सर्वसमाज महासंघ ने किया कैबिनेट मंत्री का अभिनंदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 16 जनवरी। छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ बलौदाबाजार भाटापारा द्वारा आज स्थानीय नगर भवन में जिले के सभी नवनिर्वाचित विधायकों का अभिनंदन किया गया.जिसमें कैबिनेट मंत्री एवं विधायक बलौदाबाजार टंक राम वर्मा, भाटापारा विधायक इंद्र कुमार साव, कसडोल विधायक संदीप साहू शामिल हुए. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़िया सर्वसमाज महासंघ रमेश यदु के द्वारा किया गया.इस दौरान पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य कुशल वर्मा जनपद पंचायत अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा यह माह बहुत ही गौरवान्वित माह है.इस माह हम स्वामी विवेकानंद की जयंती है और इसी माह में अयोध्या में 22 जनवरी को राम लला विराजमान हो रहे है। हम सभी प्रभु राम और स्वामी विवेकानंद के बताये राह पर चले और देश को एक विकसित राष्ट्र बनाएं। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में हम सब को अपना अपना योगदान देना होगा तभी हम देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को पूरा कर पाएंगे। हमारा देश सामाजिक समरसता पर चलने वाला देश है यही जीवन का आधार है। उन्होंने अभिनंदन समारोह के लिए सभी समाज प्रमुखों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समाज के प्रति हमेशा सकारात्मक कार्य करने का आश्वान दिया। इस मौके पर जिले के अनिल कुमार की सुपुत्री वैशाली वर्मा का सिविल जज में चयनित होने एवं राष्ट्रीय रामायण समिति अनिल सिंह का भी मुख्य मंच से शुभकामनाएं देते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

गुरुगद्दी की पूजा कर कैबिनेट मंत्री वर्मा ने लिया आशीर्वाद

कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने पंचशील नगर बलौदाबाजार में सतनामी समाज द्वारा आयोजित नामायन एवं गुरुगद्दी पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए. उन्होने इस दौरान गुरुगद्दी का पूजा कर बाबा गुरु घासीदास का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष अशोक जैन, विजय केसरवानी, आलोक अग्रवाल, रितेश श्रीवास्तव, अन्य पार्षद गण सहित स्थानीय जनप्रतिनिधी गण बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोग उपस्थित रहे।

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने किया 34 वें सड़क सुरक्षा माह का उद्घाटन

यातायात नियमों का पालन करना आवश्यक

- 15 फरवरी तक जिले में मनाया जाएगा सड़क सुरक्षा माह
- बच्चों में यातायात जागरूकता के लिए स्कूलों में निबंध, स्लोगन पेंटिंग आदि प्रतियोगिता का किया जाएगा आयोजन
- जागरूकता रैली व चौपाल के माध्यम से लोगों को दी जाएगी यातायात नियमों की जानकारी
- वाहन चालकों के लिए लगाया जाएगा नेत्र शिविर एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 16 जनवरी। 15 जनवरी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा, निधि नाग एसडीओपी बलौदाबाजार के मुख्य आतिथ्य में जिले में आयोजित 34वां सड़क सुरक्षा माह 2024 का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर गार्डन चौक बलौदाबाजार से हेलमेट जागरूकता रैली को रवाना किया गया। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा जिले में 15 जनवरी से 15 फरवरी तक सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, निरीक्षक नरेश चौहान प्रभारी यातायात बलौदाबाजार, निरीक्षक प्रवीण मिंज प्रभारी यातायात भाटापारा, उपनिरीक्षक एम.आर. कंवर प्रभारी यातायात सिमगा, सउनि जनकराम यादव प्रभारी यातायात कसडोल के नेतृत्व में प्रति दिवस भीड़-भाड़ वाले चौक चौराहों, स्थानों में पाम्पलेट, लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में समझाईश दिया जावेगा। साथ ही स्कूलों में स्लोगन, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कर स्कूली बच्चों को यातायात नियमों एवं सजगता आदि की जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त भारी वाहन, बस, ऑटो चालकों के लिए नेत्र जांच, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।

इस संपूर्ण अभियान में पूरे माह विविध आयोजन कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में ग्राम, शहर के विभिन्न चौक-चौराहों में वाहन चालकों को यातायात नियमों के संबंध में तैयार पाम्पलेट का वितरण कर यातायात नियमों का पालन एवं सड़क परिवहन के दौरान हमेशा सजगता बरतने हेतु समझाइश दिया जाएगा। पूरे माह यातायात नियमों का पालन करने वाले, हेलमेट धारण करने वाले वाहन चालकों को फूल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। यातायात जागरूकता माह के समापन दिवस में यातायात नियमों का पालन करने वाले एवं यातायात सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर आयोजित निबंध, लेखन एवं विभिन्न प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों, बच्चों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों में घटित सड़क दुर्घटनाओं में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने वाले एवं घायलों की मदद करने वाले गुड सेमेरिटनों को उपहार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस की अपील सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन आवश्यक है, इससे आमजनों द्वारा अनुशासित होकर वाहन चालन किया जाएगा, जिससे निश्चय ही यातायात दुर्घटनाओं में कमी आयेगी। जिले में सुरक्षित परिवहन के लिए आमजनों का भी परस्पर सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले लापरवाह चालकों पर पुलिस ने की चालानी कार्रवाई

बलौदाबाजार, 16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। यातायात पुलिस द्वारा कुल 150 प्रकरण में 48100 समन शुल्क लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशानुसार, उप पुलिस अधीक्षक अमृत कुजूर के मार्ग निर्देशन में 12 जनवरी को यातायात प्रभारी नरेश कांगे व स्टाफ द्वारा, बिना नंबर एवं क्लासिकल नंबर नियम विरूद्ध नंबर लिखवाकर चलाने वाले वाहन चालको के विरूद्ध विशेष जिलेभर में विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही किया गया तथा वाहनो में नंबर लिखवाने हेतु निर्देशित किया गया। क्लासिकल नंबर लिखे 76 प्रकरणों में कार्यवाही कर कल 22, 800 लिया गया सम्मन शुल्क। संबंधित वाहन चालकों को वाहन नंबर सुधरवा कर लिखवाने हेतु समझाइस दिया गया। बिना नंबर लिखे वाहन चालकों पर शिकंजा कस 46 प्रकरण में 13, 800 लिया गया सम्मन शुल्क। यातायात पुलिस द्वारा आज कार्यवाही कर कुल 150 प्रकरण में 48, 100 लिया गया सम्मन शुल्क। 12 जनवरी को यातायात पुलिस बलौदाबाजार के द्वारा वाहन चालको के ऊपर कार्यवाही किया गया। क्लासिकल एंव बिना नंबर वाहन चालको पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के सख्त कार्यवाही निर्देश पर जिले भर में विशेष अभियान चलाकर काटा गया जुर्माना। क्लासिकल नंबर लिखे 76 प्रकरणो में वसूला गया।

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग 02 (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. / /अ-74
वर्ष 2022-2023

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमिय कांत तिवारी पिता/पति.. स्व. यशवंत निवासी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.नं. ..... तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 294/102 रकबा 4800 वर्गफीट हेक्टेयर भूमि का प्राप्त ऋणपुस्तिका गुम/जीर्ण शीर्ण हो जाने के कारण नया ऋणपुस्तिका मिलने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिस पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19/1/24 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/12/23 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

नायब तहसीलदार,
दुर्ग (छ.ग.)
मुहर

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने दवा विक्रेताओं की ली बैठक

बिना डाक्टरी पर्ची के नाबालिगों, असामाजिक तत्वों को दवाइयां,सिरप नहीं देने दिया निर्देश

- नशीली दवाइयां की तस्करी रोकने, प्रतिबंधित दवाइयों की बिक्री आदि को रोकने के संबंध में की गई चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 16 जनवरी। विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से एवं आमजनों से सूचना प्राप्त होती रहती है, कि जिले में नशीली दवाइयां का चलन एक प्रकार से बढ़ गया है। आजकल नाबालिक एवं युवा वर्ग धूम्रपान, सिगरेट आदि छोड़कर नशीली दवाइयां का सेवन कर रहे हैं, इसके साथ ही बिना डाक्टरी पर्ची के नहीं दिए जाने वाले टैबलेट अथवा कप सिरप का भी सेवन नशे के लिए उपयोग किया जा रहा है। इन बिंदुओं को दृष्टिगत रखते हुए ऐसे अवैधानिक कार्य करने वाले लोगों की धरपकड़ करना अत्यंत आवश्यक था। इसके लिए जिले के समस्त दवा विक्रेताओं का सहयोग भी अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह सभी दवाइयां मेडिकल स्टोर में उपलब्ध रहती है। यदि मेडिकल स्टोर संचालक कड़ाई बरते एवं बिना डाक्टरी पर्ची के किसी को भी दवाई ना दें तो युवा वर्ग में इस प्रकार नशीली दवाइयां का सेवन पर एक प्रकार से ब्रेक लगाया जा सकता है।

उक्त बिंदुओं को दृष्टिगत रखते हुए 15 जनवरी को पुलिस कार्यालय सभाकक्ष बलौदाबाजार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय दीपक कुमार झा के निर्देशन में बलौदाबाजार शहर के सभी मेडिकल स्टोर संचालकों के साथ बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे हरीश कुमार यादव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निधि नाग एसडीओपी बलौदाबाजार, राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक एवं नीलिमा साहू ड्रग इंस्पेक्टर बलौदाबाजार द्वारा नशीली दावों की रोकथाम एवं प्रतिबंधित दवाइयां की बिक्री को रोकने के संबंध में उपस्थित सभी मेडिकल संचालकों से चर्चा किया गया। चर्चा के दौरान सभी मेडिकल संचालकों ने कहा कि सभी संचालक दवाई बिक्री आदि के संबंध में शासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन कर रहे हैं तथा प्रतिबंधित एवं नशीली दवाइयां बलौदाबाजार के किसी भी मेडिकल संचालक द्वारा बिक्री नहीं की जाती है। हरीश यादव द्वारा ऐसी दवाइयां या सिरप जिसे लोग नशे के रूप में इस्तेमाल कर सके, उन्हें बिना डाक्टरी पर्ची के नहीं दिए जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही इस प्रकार की दवाई लेने के लिए आने वाले असामाजिक अथवा आपराधिक तत्वों की पहचान कर, तत्काल पुलिस को सूचित करने हेतु निर्देशित किया गया। निधि नाग द्वारा नाबालिक बच्चों को किसी भी स्थिति में बिना डाक्टरी पर्ची के दवाइयां सिरप आदि नहीं देने को हिदायत दिया गया।

महुआ शराब बेचते कोचिया गिरफ्तार

पलारी, 16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पलारी पुलिस ने महुआ शराब की अवैध बिक्री करने के आरोपी कोचिये को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 15 जनवरी को थाना पलारी से प्र.आर. राम विष्णु सोनवानी के साथ आरक्षक 365, 945, 765, 342 की पुलिस टीम द्वारा ग्राम सलौनी में अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर बिक्री करने वाले आरोपी रुपेश भारद्वाज पिता भागीरथी उम्र 26 साल निवासी ग्राम सलौनी थाना पलारी से पॉलिथीन में पांच-पांच लीटर के पैकेट में बंधे 4,000 कीमत मूल्य का कुल 20 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पलारी में अपराध क्र. 43/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग 02 (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. / /अ-6
वर्ष 2023-2024

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका शिवानी वैद्य आ. स्व. श्रीनिवास चौबे निवासी बसंत कुंज दिल्ली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 30/10 रकबा 0.026 हे. भूमि जो कि स्व. श्रीनिवास चौबे पिता वशिष्ट नारायण चौबे के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु श्री निवास की मृत्यु दिनांक 27.2.23 एवं माता भारती चौबे की मृत्यु 06.04.20 हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19/1/24 तक स्वयं अथवा अपने के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 2/11/23 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

नायब तहसीलदार,
जिला-दुर्ग (छ.ग.)
मुहर

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग 2 (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
संदर्भः- जिला-दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.नं.-00042 कातुलबोड ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-
RD202324430103500012

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00042 अंतर्गत ग्राम कातुलबोड के वर्तमान भूमस्वामी राजेश कुमार पिता/पति पि. विरेन्द्र प्रसाद सिन्हा पता दल्लीराजहरा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1/61(0.0230), 1/216(0.0220) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती पुष्पलाता सिन्हा पिता/पति पति स्व. राजेश कुमार सिन्हा पता-वार्ड 02 पुष्पक नगर कातुलबोड दुर्ग, निखिल सिन्हा पिता/पति पिता-स्व. राजेश कुमार सिन्हा पता-वार्ड 02 पुष्पक नगर कातुलबोड दुर्ग, स्वप्निल सिन्हा पिता/पति पिता-स्व. राजेश कुमार सिन्हा पता-वार्ड 02 पुष्पक नगर कातुलबोड दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29/01/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसील दुर्ग 2 पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/01/2024 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार
JYOTSNA KALIHARI
उपतहसील बोरी
तहसील-धमधा
मुहर

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. /...../अ-6/2023-24

उद्घोषणा-पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है। आवेदक राजेश कुमार देवांगन पिता स्व. श्यामलाल देवांगन निवासी ग्राम स्मृति नगर जुनवानी तहसील दुर्ग व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 987/33 रकबा 0.0160 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार श्याम लाल की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 18/1/24 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/01/24 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांकः-02/01/24
सुनवाई दिनांकः-18/01/24

तहसीलदार,
दुर्ग (छ.ग.)
मुहर

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202312092100056
विषयः- अ-6 अ
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2023-2024
मुरमुंदा (प ह न. 00031),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-सोना बाई,
अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सोना बाई पति तुलसी राम जाति सतनामी, निवासी ग्राम मुरमुंदा, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदिका के नाम से ग्राम मुरमुन्दा में खसरा नंबर 454/1, 454/6 रकबा 0.101, 0.113 हे. भूमि स्थित है जो कि आवेदिका के नाम से पंजीकृत ऋण पुस्तिका में दर्ज है। उक्त भूमि अनावेदकगण (कोल्हूराम पिता खोरबाहरा, हेमलता पिता खोरबाहरा) से क्रय की गई भूमि है। ऑनलाईन रिकार्ड में वर्तमान में भी अनावेदकगण का नाम दर्ज होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है एवं शासन के योजनाओं का लाभ प्राप्त नही हो पा रहा है। उक्त भूमि ग्राम मुरमुन्दा में खसरा नंबर 454/1, 454/6 रकबा 0.101, 0.113 हे. भूमि में से अनावेदकगण का नाम विलोपित कर आवेदक का नाम दर्ज कर ऑनलाईन राजस्व अभिलेखों में सुधार किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 19.01.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/12/2023 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
डोंगरगढ़ (छ.ग.)
मुहर

राजस्व अधिकारियों ने आकस्मिक निरीक्षण कर धान खरीदी केन्द्रों की व्यवस्था का लिया जायजा

धान बेचने आए किसानों को नहीं होनी चाहिए दिक्कत : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 16 जनवरी। जिले में कुछ धान खरीदी केन्द्रों में किसानों द्वारा अव्यवस्थता की शिकायत कलेक्टर चंदन कुमार को की गई। जिस पर कलेक्टर ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जिले के सभी राजस्व अधिकारी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को अपने अपने क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्रों के निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। जिस पर आज सुबह से ही एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों ने धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सुहेला नायब तहसीलदार दिलीप सामल द्वारा धान खरीदी केन्द्र बड़े जरौद, पलारी तहसीलदार देवेन्द्र नेताम द्वारा सिसदेवरी एवं वटगन, कसडोल तहसीलदार विवेक पटेल द्वारा हटौद एवं कुसुमसरा, भाटापारा तहसीलदार पेखन टोंडरे द्वारा निपनिया एवं बिटकुली, भाटापारा नायब तहसील प्रकाश पटेल द्वारा खैरी एवं गुर्रा, सिमगा नायब तहसीलदार भूपेन्द्र नेताम द्वारा मनोहरा एवं चौरेंगा, सोनाखान तहसीलदार कुनाल कुमार सरवैया द्वारा देवरी एवं थरगांव, लवन तहसीलदार निवेश कुरेटी द्वारा लवन धान खरीदी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही अन्य राजस्व अधिकारियों द्वारा भी सतत निरीक्षण आज किए जा रहे है। निरीक्षण के दौरान धान के उठाव नहीं होने की शिकायत किसानों द्वारा की गई जिस पर कलेक्टर चंदन कुमार ने तत्काल उप पंजीयक सहकारिता, डीएमओ एवं खाद्य अधिकारी को तलब करते हुए धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही कलेक्टर ने दो टूक कहा कि किसी भी किसान को धान खरीदी केन्द्रों में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। सर्वोच्च प्राथमिकताओं के साथ यह कार्य सम्पादित होना चाहिए।

खरीदी केंद्र से छहः बोरी धान चोरी

सिमगा, 16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। गत दिनों शासकीय धान खरीदी केंद्र सिमगा में किसान का महामाया धान की छह बोरी चोरी हो गई। प्राप्त समाचार के अनुसार 15 जनवरी को शासकीय धान खरीदी केंद्र सिमगा में किसान का महामाया धान की तौल हो गई एवं विक्रेता किसान अपने धान के स्थान से कुछ समय के लिए वहां से हटा की किसान का तौल किया हुआ। धान महामाया की 6 कट्टा चोरी हो गई चोरी हुई जगह पर लगे सीसी कैमरा का वायर भी कटा हुआ है। चित्र में दिख रहा है शासकीय कर्मचारी आसपास के किसानों एवं सीसीटीवी में 6 कट्टा महामाया धान के चोरी हो जाने को खोज रहे हैं।

एक नजर

पुलिस आरक्षकों की सैलरी बढ़ाने की मांग

रायपुर, 14 जनवरी। पुलिस आरक्षक संजीव मिश्रा अपनी गर्भवती पत्नी के साथ स्पोर्ट्स काम्पलेक्स बूढ़ातालाब के पास धरने में बैठा है है सैलरी 1900 अपग्रेड है। उसकी मांग है कि उनकी ड्यूटी 24 घंटे की रहती है छुट्टियां भी नहीं है जबकि अन्य सरकारी कर्मचारी जो कि आठ घंटे ड्यूटी करते है उनका अपग्रेड 2400 से 2800 है। उसका कहना है कि पूर्व में भूपेश बघेल सरकार के समय जब हमने मांग उठाई थी तब सभी भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उनकी मांग का समर्थन किया था। अब उनकी ही सरकार आ गई है इसलिए शीघ्र हमारी मांग पूरी की जाये। यह बात कांग्रेस के प्रदेश संयुक्त सचिव अशोकराज आहूजा ने कही है।

श्रीमद् भागवत महाकथा 19 जनवरी से

रायपुर, 14 जनवरी। कान्हा बाजारी परिवार एवं श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट गुढ़ियारी के सौजन्य से अवधपुरी मैदान, गुढ़ियारी में पंडित श्री अनिरुधाचार्य महाराज के मुखारविंद से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। रायपुर में पंडित अनिरुधाचार्य महाराज का प्रथम बार कथा वाचन सहो रहा है। महाराज 18 जनवरी को शाम 5 बजे छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के विमानतल पर आगमन होगा। तत्पश्चात भारत माता चौक पर भारत माता की भव्य आरती के पश्चात भव्य शोभयात्रा कथास्थल तक निकाली जाएगी।

बैंकिंग शिक्षा में क्रांति

रायपुर, 14 जनवरी। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (यूएसएफबीएल) और इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल बैंकिंग गर्व से प्रोबेशनरी ऑफिसर प्रोग्राम पर अपने सहयोग की घोषणा करते हैं, इंस्टीट्यूट ऑफप्रोफेशनल बैंकिंग के सहयोग से इस पहल का उद्देश्य बैंकिंग में करियर बनाने के इच्छुक युवा प्रतिभाओं को शामिल करना, उनमें बदलाव लाना और उन्हें सफल बैंकरों में परिवर्तित करना है। व्यावसायिक बैंकिंग संस्थान के साथ सहभागिता का लक्ष्य बैंकिंग क्षेत्र में इच्छुक व्यक्तियों के करियर को आकार देना और उन्हें एक व्यापक कार्यक्रम प्रदान करना है जिसमें शाखा संचालन, बैंकिंग उत्पाद, बिक्री, क्रेडिट, ग्राहक सेवा, कौशल और अन्य बैंकिंग कार्य शामिल है। कार्यक्रम पूरा करने वाले सफल उम्मीदवारों को पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा से सम्मानित किया जाएगा, साथ ही उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के साथ पूर्णकालिक रोजगार का अवसर भी दिया जाएगा।

आधुनिक फीचर के साथ एमजी एस्टर 2024 लॉन्च

रायपुर, 14 जनवरी। एमजी मोटर इंडिया ने एमजी एस्टर 2024 लॉन्च किया है। जो कि आल-न्यू वैरिएंट - स्प्रिंट, शाइन, सेलेक्ट, शार्प प्रो और सैवी प्रो में आधुनिक यूज इंटरफेस के साथ अपडेटेड आई-स्मार्ट 2.0 है। इसमें फ्रंट सीट वेंटिलेशन, वायरलेस चार्जर, वायरलेस एंड्रॉयड आटो और एप्पल कार प्ले तथा आटो-डिमिंग आईआरवीएम के साथ कई आकर्षक विशेषताएं मिलेंगी। अपनी श्रेणी की सबसे आधुनिक एसयूवी, एमजी एस्टर 2024 सभी आकर्षक विशेषताओं के साथ 9, 98, 000 रुपये (एक्स-शोरूम) के आकर्षक शुरूआती मूल्य में उपलब्ध है। इस लॉन्च के बारे में एमजी मोटर इंडिया के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, गौरव गुप्ता ने कहा, हम अपने ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए ऐसे वाहन पेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो लेटेस्ट आटोमोबाइल टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन करें। अपने इसी वादे के अनुरूप और अपने ब्रांड के 100 साल पूरे होने की खुशी में हम एस्टर 2024 श्रृंखला में अत्याधुनिक फीचर्स, डिजाइन और बेहतरीन मूल्य प्रस्ताव लेकर आए हैं, जो कार खरीदने वालों को और ज्यादा खुशी प्रदान करेंगे।

आग से झुलसी शैलजा को मिली नई जिंदगी

रायपुर, 16 जनवरी। पचपेढ़ी नाका, कलर्स माल के आगेस्थित कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर (छ.ग. शासन व छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल से मान्यता प्राप्त व एनएबीएच सर्टिफाइड) के संचालक व अंचल के प्रसिध्द कॉस्मेटिक व रिकन्स्ट्रटीव सर्जन डॉ. सुनील कालड़ा ने बताया कि 18 अटूबर 2023 को 38 वर्षीय शैलजा (शहडोल निवासी) के कपड़ों में घरेलू कार्य करते हुए आग लग गई। जैसे ही शरीर में आग लगी तो उसे पास के अस्पताल ले गये व बाद में बिलासपुर में प्राइमरी इलाज किया गया, मगर मरीज में कोई सुधार नही दिखा और मरीज की हालत और खराब होते चली गई, मरीज की तबीयत खराब होता देख परिजन मरीज को कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर, रायपुर लाया गया एवं गहन ईलाज में रखकर इलाज किया गया। शैलजा का करीब 2-3 माह तक ईलाज चला उसके बाद स्वस्थ होकर सकुशल आज घर जा रही है। उसका बेहतर इलाज कर उसे नई जिंदगी दी। शैलजा लगभग 55 से 60 प्रतिशत तक जल गई थी। बहुत ही गहरा जल गई थी। बचने की उम्मीद कम हो गई थी।

शिक्षा विभाग में अधिकारियों का काकस, अफसर-शिक्षक परेशान

आदिम जाति शिक्षा से शिक्षा विभाग में स्थानांतरण करने बनाया जा रहा दबाव

■ मुख्य नगरसंवाददाता

रायपुर, 16 जनवरी। राज्य शासन के शिक्षा विभाग में इन दिनों पदस्थापना को लेकर बवाल मचा हुआ है। आदिम जाति विभाग के शिक्षकों के शिक्षा विभाग आने के लिए सैकड़ों आवेदन लगे हैं लेकिन कोई नीतिगत निर्णय नहीं होने के कारण सभी आवेदन लंबित हैं। इधर पिछली सरकार द्वारा किए गए अधिकारियों एवं शिक्षाकर्मियों के स्थानांतरण का पेंच भी सुलझ नहीं पा रहा है।

भाजपा के सत्ता में आने के बाद शिक्षा मंत्री ने सिद्धार्थ कोमल परदेशी को सचिव तथा विद्या मिश्रा को संचालक स्कूल शिक्षा बनाया गया है। शिक्षा विभाग में एक काकस कार्य का रहा है जो शिक्षकों से लेकर अधिकारियों तक के स्थानांतरण में पेंच लगा रखा है। फिलहाल एलबी 1, 2, 3 के स्थानांतरण को लेकर कोई नीति नहीं बनी है। सहायक शिक्षकों की पदोन्नति का मामला हाईकोर्ट में लटका हुआ है इसलिए यहां पर ट्रांसफर नहीं हो पा रहा है। संयुक्त संचालक स्तर के जिन अधिकारियों को सस्पेंड किया गया था अब वे कोर्ट के आदेश से बहाल हो गए हैं। इनमें से कई अधिकारी संघ के चहेते हैं। अंबिकापुर के संयुक्त संचालक इस समय चर्चा में हैं। शिक्षा विभाग में संयुक्त संचालक पद पर पीएससी के माध्यम से कई लोग आए हैं। वहीं विभागीय पदोन्नति के माध्यम से भी संयुक्त संचालक बनाए गए हैं। रायपुर के संयुक्त संचालक डॉ. शिवहरे प्राचार्य के पद से पदोन्नत हुए हैं। अधिकारियों का मानना है कि नए शिक्षा मंत्री के आने के बाद यहां पर काकस का खेल समाप्त हो जाएगा। वर्तमान में स्थापना सेक्शन देखने वाले चावरे भी चर्चित अधिकारी हैं। पूर्व शिक्षा मंत्री के विशेष सहायक बंजारा भी चर्चा में है। उनके विरुद्ध फर्जी नियुक्ति का मामला विधानसभा में आया हुआ था। नई संचालक विद्या मिश्रा अनेक प्रकरणों को सुलझा रहीं हैं। जगदलपुर से शंकर सोम को भी लाया गया है। वे वरिष्ठ अधिकारी हैं।

पूर्व शिक्षा मंत्री के विशेष सचिव रहे केपी सिंह ने पिछले सालों में विभाग में अपनी पकड़ इतनी मजबूत बना ली थी कि वे शिक्षा मंत्री के पर्याय हो गए थे। उन्होंने विभाग में हस्तक्षेप कर कई पदस्थापना आदेश जारी करवाए। शिक्षकों को आदिम जाति शिक्षा से शिक्षा विभाग में लाने के लिए कोई नीतिगत निर्णय नहीं लिया गया है लेकिन सिंह के दबाव में यह काम भी कर दिया गया। पूर्व शिक्षा सचिव सुब्रत साहू के कड़े निर्देशों का उल्लंघन किया गया। कांग्रेस शासनकाल में शिक्षा मंत्री रहे प्रेमसाय के स्टाफ ने भी सबसे ज्यादा स्थानांतरण करवाए थे लेकिन नियम विरुद्ध और दबाव में किए गए स्थानांतरण से शिक्षाकर्मी न इधर के रहे और न उधर के। नए शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने शिक्षक संघों की गुहार सुनकर इसे हल करने के निर्देश दिए हैं।

छग की चार लोस क्षेत्र की यात्रा करेंगे राहुल

छत्तीसगढ़ में 18 फरवरी को आने के संकेत

■ मुख्य नगरसंवाददाता

रायपुर, 16 जनवरी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी इस समय न्याय यात्रा पर निकले हुए हैं। मणिपुर से शुरू हुई इस न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेसजन काफी उत्साहित हैं। छत्तीसगढ़ में चार लोकसभा क्षेत्रों में यात्रा करने के लिए वे 18 फरवरी को ओडिशा से आएंगे।

कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए राहुल गांधी की न्याय यात्रा को कांग्रेसजन सफल बनाना चाहते हैं। राहुल गांधी मणिपुर तथा अन्य राज्यों से होकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ आएंगे। वे यहां रायगढ़, कोरबा, चांपा-जांजगीर और सरगुजा का दौरा कर व्हाया बलरामपुर होकर झारखंड चले जाएंगे। कांग्रेसजनों के अनुसार वे चार लोकसभा क्षेत्रों में न्याय यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे। राहुल गांधी की यात्रा को सफल बनाने के लिए कांग्रेसजन सक्रिय हो गए हैं। दीपक बैज मणिपुर से वापस आ गए हैं।

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत एवं अन्य नेता यात्रा की तैयारियों को लेकर उत्साहित हैं। सरगुजा संभाग में टीएस सिंहदेव को इसकी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी हार मिली थी चांपा-जांजगीर और रायगढ़ में कांग्रेस प्रत्याशियों की एकतरफा जीत हुई थी। न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए छग प्रभारी सहित अन्य वरिष्ठ नेता आ सकते हैं।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश की जनता की आवाज: बैज

रायपुर, 16 जनवरी। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता के पश्चात, भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत हुई जिसे अपार जनसमर्थन मिल रहा है। छत्तीसगढ़ से हम सभी इस यात्रा में शामिल हुये और राहुल गाँधी के अगुवाई में यात्रा प्रारंभ हुई जिसने देशभर के कांग्रेस नेता और हज़ारो आम नागरिक जन मौजूद रहे। मणिपुर के इम्फाल से लेकर मुंबई तक 6700 किमी गुजरेगी, 20 मार्च को समापन होगा और ऐतिहासिक जनसमर्थन मिल रहा है। निश्चित रूप से हमारे नेता राहुल गांधी की इस यात्रा से देश में नया बदलाव होगा एक नया संदेश जायेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा का प्रभाव देश के गरीब, युवा, माता-बहनो को न्याय दिलाने की यात्रा है। हमारे नेता राहुल गांधी पहुंचेगे और उन सब की भावनाओ सुनेंगे और उनसे चर्चा करेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में न्याय का एजेंडा बनाकर जनता के बीच चुनाव में जायेंगे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मणिपुर में ऐतिहासिक जनसमर्थन मिल रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा का आदि गुरु शंकराचार्य भी विरोध कर रहे है, उनका कहना है कि राम मंदिर का निर्माण अधूरा है, पूर्ण मंदिर निर्माण में अभी काफ़ी समय है फिर इतनी जल्दबाजी क्यो की जा रही रही है? मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का उचित समय रामनवमी है तो इसी दिन ही होना चाहिये। भाजपा इसे चुनावी मुद्दा बनाना चाहती है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रोजगार के मुद्दे पर, महंगाई के मुद्दे पर, देश की सुरक्षा के मुद्दे पर, बहुत सारे मुद्दे को लेकर चुनाव में जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे है इसलिये राम मंदिर के नाम से प्रोपोगंडा कर देश की जनता के भावनाओं से खेल कर चुनाव लड़ना चाहते है।

वित्त मंत्री व्यापारियों से बजट पर करेंगे चर्चा

रायपुर, 16 जनवरी। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर द्वारा बुधवार, दिनांक 17 जनवरी 2024 को चै. देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में दोपहर 12.15 बजे छत्तीसगढ़ प्रदेश के आगामी बजट पर चर्चा एवं सुझाव हेतु बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में माननीय ओ.पी. चैधरी जी, वित्त, वाणिज्यक कर मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे एवं समस्त व्यापारिक औद्योगिक संगठनों एवं इकाईयों के पदाधिकारियों से रूबरू होकर आगामी प्रदेश बजट पर चर्चा करेंगे एवं सुझाव लेंगे। साथ ही बजट से संबंधित अपने बहुमूल्य सुझाव चेम्बर में देंगे। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने प्रदेश के समस्त चेम्बर पदाधिकारी, व्यापारिक औद्योगिक संगठनों, चेम्बर इकाई के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों अपील की है कि वे बैठक में समय पर अवश्य उपस्थित होवें।

पर्यावरण की बेहतरी से ही जीवन में खुशहाली संभव : शिक्षा मंत्री

रायपुर, 16 जनवरी। हम अपने भौतिक संसाधनों के लिए धीरे-धीरे प्रकृति का विनाश कर रहे हैं। ऐसे में अपने घरों और उसके आस-पास फल-फूल के पौधे लगा कर न केवल हम अपने पर्यावरण को स्वच्छ बना सकते हैं, बल्कि आर्थिक रूप से सशक्त भी बन सकते हैं। ये बातें शिक्षा, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने राजधानी रायपुर के गांधी उद्यान में चल रही 3 दिवसीय प्रदेश स्तरीय वृहद फल-फूल सब्जी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर कही। प्रदर्शनी का आयोजन प्रकृति की ओर सोसाइटी, उद्यानिकी विभाग, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, नगर निगम रायपुर और जिन्दल स्टील व पॉवर लिमिटेड के सहयोग से किया गया था।

समय सीमा में कार्य करने के निर्देश

रायपुर, 16 जनवरी। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न हो गई है। इस दौरान मंत्री अरुण साव ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यपूर्णता के लिए अतिरिक्त समय नहीं मिलेगा। बहुत ठोस कारण होने पर ही यह स्वीकार्य होगा। काम में देरी होने पर संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई होगी। वहीं इसके साथ ही मंत्री साव ने कहा कि बड़ी परियोजनाओं में काम का हर चरण समय पर पूर्ण कराएं। ठेकेदारों से एग्रीमेंट के अनुसार सभी काम समय-सीमा में पूर्ण हों। काम पूरा होते ही ठेकेदारों को त्वरित भुगतान करें। इसमें अनावश्यक देरी नहीं होना चाहिए। नियमित भुगतान से काम में गति बनी रहती है।

नरैया तालाब में किया सफाई के लिए श्रमदान

रायपुर, 16 जनवरी। कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में शहरी स्वच्छता में अपना योगदान देते हुए युवाओं की संस्था बंच ऑफ़ फूल्स ने नगर निगम व रायपुर स्मार्ट सिटी के साथ प्राचीन नरैया तालाब और नरहरेश्वर मंदिर प्रांगण की सफ़ाई की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता कैंपेन से जुड़कर नगर निगम कमिश्नर व रायपुर स्मार्ट सिटी के एम डी अबिनाश मिश्रा, बंच ऑफ फूल्स के फाउंडर सतीश भुवालका, शहीद संजय यादव हायर सेकंडरी स्कूल की एन सी सी कैप्टन डॉली यादव के साथ शहरवासी अपने बच्चों और परिवार के साथ शामिल हुए।

बंच ऑफ़फूल्स शहरी स्वच्छता गतिविधियों में निरंतर योगदान देती है। निगम के सहयोग से जन भागीदारी कार्यक्रम के तहत आज अल सुबह इस साफ़सफ़ाई कार्यक्रम में सभी शामिल हुए। दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग, तालाब और परिसर की सफ़ाई आज सबने मिलकर की। इस मौक़े पर अपर आयुक्त विनोद पांडेय, जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, रायपुर स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक आशीष मिश्रा, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी रघुमणि प्रधान, सहायक नोडल अधिकारी योगेश कड़ु, जोन 6 के कार्यपालन अधिकारी अतुल चोपड़ा सहित स्वच्छता अमला शामिल हुआ। इस अवसर पर शामिल युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

राधाकृष्ण मंदिर में महाआरती

रायपुर। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट के हर शहर अयोध्या-घर घर अयोध्या अभियान के तहत द रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ एवं रेडीमेड डीलर्स एसोसियेशन के द्वारा कपड़ा मार्केट स्थित हनुमान मंदिर में महाआरती एवं हुनमान चालीसा पाठ किया गया। जिसमें कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी सहित द रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ एवं रेडीमेड डीलर्स एसोसियेशन के पदाधिकारी एवं व्यापारीगण शामिल हुए।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने कहा कि कैट के हर शहर अयोध्या-घर घर अयोध्या अभियान के तहत द रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ एवं रेडीमेड डीलर्स एसोसियेशन के द्वारा कपड़ा मार्केट स्थित हनुमान मंदिर में महाआरती एवं हुनमान चालीसा पाठ किया गया। उन्होनें आगे कहा कि 22 जनवरी को राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा हो रहा है, मर्यादा पुरूषोत्तम राम निःसंदेह भारत के सबसे महान राजा हैं जिनके शासन में भारत के लोग न केवल समृद्ध और स्वस्थ हुए बल्कि धर्म और भाईचारे में गहरी आस्था भी स्थापित हुई। वह काल भारत के स्वर्णिम सनातन इतिहास के महानतम कालों में से एक माना जाता है। भारत में एक बार फिर सनातन धर्म की महिमा और गौरव को बहाल करने के ध्वजवाहक होने के लिए देश का व्यापारिक समुदाय अभिनंदन करता है।

विप्र पब्लिक स्कूल नए सत्र से नवीन भवन में : ज्ञानेश शर्मा

रायपुर, 16 जनवरी। पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय डुमरतालाब स्थित विप्र महाविद्यालय परिसर से लगे 52000 वर्ग फुट भूखण्ड में निर्माणाधीन विप्र पब्लिक स्कूल के नवीन भवन का स्ट्रक्चर लगभग पूर्ण हो चुका है.भवन का फिनिशिंग कार्य प्रारंभ है। यह जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने बताया कि लगभग 10 करोड़ की लागत से नवीन भवन ग्राउंड प्लस फोर, लिफ्ट सुविधा के साथ निर्माणाधीन है। उन्होंने बताया कि नवीन भवन में भूतल में 15000 वर्गफुट सहित कुल निर्मित क्षेत्र 75000 वर्गफूट में कुल 70 कमरे होंगे। ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि शहर के प्रसिद्ध वास्तुविद नवीन शर्मा के देखरेख में निर्माणाधीन नवीन भवन में नए सत्र से स्कूल प्रारंभ हो जाएगा।वर्तमान में विप्र पुब्लिक स्कूल नर्सरी से आठवीं तक संचालित है। न्यूनतम शुल्क में अधिकतम सुविधा व श्रेष्ठ शिक्षा के संकल्प पर संचालित स्कूल में वर्तमान में 300 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

इलेक्ट्रिक मर्चेंट ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

रायपुर, 16 जनवरी। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, कैट सी.जी.चेप्टर के प्रदेश अध्यक्ष जीतेन्द्र दोशी, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि चेंबर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवें दिन रायपुर इलेक्ट्रिक मर्चेंट एसोसिएशन ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने पहले मैच एवं प्री क्वार्टर फाइनल में में जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनाई। खेल में फेडरेशन ऑफ़ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन फाड़ा के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया गेस्ट ऑफ ऑनर रहे साथ ही छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स महामंत्री अजय सिंह जी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

नॉकआउट राउंड के पहले मैच में रायपुर इलेक्ट्रिक मर्चेंट एसोसिएशन ने छत्तीसगढ़ चाय व्यापारी संघ को 19 रनों से मात दी।रायपुर इलेक्ट्रिक मर्चेंट एसोसिएशन के आयुष ठाकुर प्लेयर ऑफ़ द मैच रहे वही रायपुर चाय व्यापारी संघ से हिमालय चंकी बेस्ट बेटर तथा नमन गर्ग बेस्ट बॉलर रहे। नॉकआउट राउंड के दूसरा मैच रायपुर डोर एसोसिएशन बनाम रायपुर एसोसिएशन ऑफ एल्यूमिनियम मर्चेंट खेला गया जहां रितेश मेंघानी की शानदार पारी की बदौलत एल्यूमिनियम मर्चेंट के ने डोर एसोसिएशन को 7 विकेट से मात दी।रितेश मेंघानी को प्लेयर ऑफ़ द मैच एवं बेस्ट बेटर का खिताब मिला। रायपुर डोर संगठन के राहुल कृष्णानी बेस्ट बॉलर बने। प्री क्वार्टर फाइनल में रायपुर इलेक्ट्रिक मर्चेंट एसोसिएशन ने 131 रनों का लक्ष्य दिया जिसे रायपुर एसोसिएशन आफ अल्युमिनियम मर्चेंट अचीव नहीं कर पाई और 10 ओवर में 103 रन बनाकर ऑल आउट हो गई इस तरह रायपुर इलेक्ट्रिक मर्चेंट एसोसिएशन ने क्वार्टर फाइनल्स में अपनी जगह बनाई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स महामंत्री अजय भसीन, रायपुर इलेक्ट्रिक मर्चेंट एसोसिएशन अध्यक्ष अजन्त अग्रवाल, छत्तीसगढ़ चाय व्यापारी संघ अध्यक्ष दिलीप केव्लानी, रायपुर डोर एसोसिएशन अध्यक्ष कांति पटेल एवं एसोसिएशन ऑफ एल्यूमिनियम मर्चेंट अध्यक्ष दीपक मटलानी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। चेंबर उपाध्यक्ष नरेंद्र हरचंदानी, मंत्री अमित अग्रवाल एवं चेंबर संगठन मंत्री महेंद्र बगरोडिया प्लेयर ऑफ़द मैच के स्पॉन्सर रहे।

रायपुर पहुंचे कालीचरण महाराज

रायपुर, 16 जनवरी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ विवादित टिप्पणी कर सुर्खियों में आए कालीचरण महाराज आज रायपुर पहुंचे है, जिनका हिंदू समाज व विश्व हिंदू परिषद बजरंग के सदस्यों और कार्यकर्ताओं ने रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया। बता दें कि राम मंदिर अयोध्या में भगवान राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को आयोजिय किया जाएगा, जिसका जश्न पुरे भारत में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसी कड़ी में राजधानी रायपुर में 20 जनवरी को जनजागरण के लिए हिंदू समाज व विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में भव्य बाईक रैली का आयोजन किया जाना है। कालीचरण महाराज बाईक रैली का नेतृत्व करेंगे। इससे पहले आज मंगलवार को पत्रकारों से चर्चा करेंगे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26